देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



गुजरात के पोरबंदर में अमित शाह ने की रैली... 12

स्वच्छ भारत मिशन को ठेंगा दिखा रहे विकास खंड... 05



# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 194
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
रविवार | 28 अप्रैल, 2024

## हाथरस से भाजपा प्रत्याशी अनूप प्रधान 'वाल्मीकि' के लिए मुख्यमंत्री ने की जनसभा

# कांग्रेस के समय किसान आत्महत्या और भ्रष्टाचारी ऐश करता था: सीएम

## आरोप: कांग्रेस ने पहले देश को बांटा, अब संपत्ति को बांटने की साजिश कर रही

- आह्वान: आत्मविश्वास से बचते हुए मतदान केंद्र तक जरूर जाएं
- अहिरयार समाज के उचित सम्मान के लिए हमारी सरकार ने भेजा प्रस्ताव
- सीएम योगी ने दिवंगत सांसद राजवीर सिंह दिलेर को किया याद



**जन एक्सप्रेस | हाथरस**

गरीब, किसान, महिलाएं, युवा सपा-बसपा व कांग्रेस के एजेंडे में नहीं थे। यह केवल वोट बैंक की राजनीति करते थे। यह जाति, समाज को बांटने का पाप करते थे। उनके समय में गरीब भूखमरी का शिकार होता था और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। किसान आत्महत्या करता था और भ्रष्टाचारी ऐश करता था। माफिया सरपरस्त बनकर सत्ता का संचालन करते थे, लेकिन आज बिना किसी भेदभाव के देश व प्रदेश में कार्य हो रहा है। उत्तर प्रदेश में साढ़े छह लाख युवाओं को नौकरी दी गई। अब पात्रता के आधार पर ही योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सबका साथ, सबका विकास के नारे के साथ चुनाव में एक तरफ भाजपा व एनडीए है तो दूसरी तरफ कांग्रेस-सपा व इंडी गठबंधन है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने शनिवार को क्रीड़ा स्थल सिकंदराराऊ में हाथरस लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनूप प्रधान वाल्मीकि के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने कहा कि इस धरती ने अनेक महापुरुषों, साहित्यकारों और काका हाथरसी जैसे कवि को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिकोण से दो चरणों की 191 सीटों पर चुनाव हो चुके हैं। रुझान बताते हैं कि हाथरस के हींग की खुशबू और फिर एक बार मोदी सरकार का स्वर पूरे देश में गूंज रहा है। इस अवसर पर हाथरस के प्रभारी मंत्री असीम अरुण, हाथरस से भाजपा प्रत्याशी व योगी सरकार के मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि, विधायक अंजुला माहौर, वीरेंद्र सिंह राणा, रवींद्र पाल सिंह, राजकुमार सहयोगी, ठाकुर जयवीर सिंह, प्रदीप सिंह गुड्डू, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर, जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय आदि की मौजूदगी रही।

### जितना काम कांग्रेस-सपा, बसपा ने नहीं किया, उससे अधिक कार्य भाजपा शासन में हुआ

सीएम ने कहा कि उत्साहित जनता मोदी जी को तीसरा कार्यकाल देना चाहती है। दस वर्ष में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। नक्सलवाद और आतंकवाद समाप्त हुआ है। विकास के अनेक कार्य हुए हैं। एक ओर भाजपा ने विकास योजनाएं दीं तो दूसरी तरफ कांग्रेस ने 65 वर्ष तक देश, सपा को चार बार व बसपा को तीन बार प्रदेश में शासन करने का अवसर मिला। इन सबको मिलाकर जितना कार्य इन लोगों ने देश-प्रदेश में नहीं किया। उससे अधिक कार्य पीएम मोदी के नेतृत्व में 10 वर्ष में देश व सात वर्ष में उत्तर प्रदेश में हुआ है।

### दिल्ली से चला पैसा कांग्रेस, सपा-बसपा के दलाल हजम कर जाते थे

सीएम ने कहा कि सपा-कांग्रेस के समय गरीब भूखों मरता था। स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में मरते थे। पहले दिल्ली से चला पैसा कांग्रेस, सपा-बसपा के दलाल हजम कर जाते थे। आज सीधे गरीब के अकाउंट में डीबीटी के माध्यम से पैसा पहुंच रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार होली-दीवाली में फ्री में सिलेंडर भी उपलब्ध करा रही है।

### पसीना आपका और डकैती करेंगे सपा-कांग्रेस, इंडी गठबंधन

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने 1947 में देश को बांटा, अब घोषणा पत्र में कह रही है कि हम संपत्ति सर्वे कराएंगे, फिर बाप-दादा की कमाई पर विरासत टैक्स लगाएंगे। इस टैक्स का मतलब चार कमरे के मकान में यह कहेंगे कि दो कमरे में रहो, दो कमरे सपा-कांग्रेस के अधिकार में चला जाएगा। पसीने से मकान बनाया आपने और डकैती करने यह लोग आएंगे। ऐसा करने की कतई छूट नहीं देना है। इन लोगों ने पहले देश को बांटा, अब संपत्ति को बांटने की साजिश कर रहे हैं। जब हम माफिया पर कार्रवाई करते हैं तो यह उसके घर में जाकर फातिहा पढ़ते हैं।

### अहिरयार समाज के उचित सम्मान के लिए हमारी सरकार ने भेजा प्रस्ताव

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने यहां के अहिरयार समाज को आरक्षण से वंचित करने का पाप भी किया था। पहले यह अनुसूचित जाति में आती थी, लेकिन कांग्रेस ने इन्हें हटाने का कार्य किया था। इन्हें उचित सम्मान के लिए हमारी सरकार ने प्रस्ताव भेजा है। यह बलदाऊ की भूमि है और यह कहते थे कि रामकृष्ण हुए ही नहीं।

### सीएम ने दिवंगत सांसद राजवीर सिंह दिलेर को किया याद

सीएम ने दिवंगत सांसद राजवीर सिंह दिलेर को याद किया। उन्होंने कहा कि दो वर्ष पहले उनकी बाईपास सर्जरी हुई थी। वे आज हमारे बीच में नहीं रहे। भाजपा परिवार की तरफ से श्रद्धांजलि देता हूं। उनके पिता किशन लाल दिलेर के साथ लंबे समय तक मुझे संसद में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ था। राजवीर सिंह दिलेर भी मेरे साथ सांसद थे। वह हाथरस के विकास के लिए वे सदैव तत्पर रहे हैं। हाथरस के विकास के लिए उनके मन की जो भावनाएं थीं, उसे पूरा करने में भाजपा कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

### आत्मविश्वास से बचते हुए मतदान केंद्र जरूर जाएं

सीएम ने कहा कि जूझारू अनूप वाल्मीकि ने राजस्व राज्यमंत्री के रूप में बेहतर कार्य किया। संसद में हाथरस की आवाज को बुलंद करेंगे। यहां के विधायकों संग विकास कार्य को आगे बढ़ाएंगे। सीएम ने आह्वान किया कि अति आत्मविश्वास से बचते हुए अधिक से अधिक लोगों को मतदान केंद्र तक ले जाएं।

### भारत के तालीबानीकरण करने की साजिश

सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने कहा कि पर्सनल कानून यानी तीन तलाक की कुप्रथा को लागू करेंगे। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के तालीबानीकरण करने की साजिश का हिस्सा है। अल्पसंख्यक को मर्जी के अनुसार खानपान यानी गोकशी की छूट देंगे। हिंदू के लिए इससे बड़ा पाप नहीं हो सकता। कांग्रेस देश को दंगों की आग में झोकना चाहती है और अपने स्वार्थ के लिए भारत के विभाजन की आधार रखना चाहती है। हिंदुस्तान इसे कतई स्वीकार नहीं करेगा। रामकृष्ण की धरती पर गोकशी नहीं होगी। कसाइयों को गौमाता की हत्या की छूट नहीं देने देंगे।

### सपा-कांग्रेस के लोग देश के खिलाफ साजिश करना चाहते हैं

सीएम ने कहा कि जब कांग्रेस सरकार थी तो अनूसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति के लोगों के हकों पर डकैती डालने के लिए जस्टिस रंगनाथ मिश्रा कमेटी गठित की। बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के नेतृत्व में देश के संविधान का प्रारूप तैयार हो रहा था तो कहा गया कि धर्म के नाम पर कभी आरक्षण नहीं हो सकता है, लेकिन जस्टिस रंगनाथ मिश्रा कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर बैकडोर से डकैती कर सके। आज उसी तर्ज पर फिर से यह लोग काम कर रहे हैं। सपा-कांग्रेस और सहयोगी दल देश के खिलाफ साजिश करना चाहते हैं।

# सट्टा बाजार गुलजार, यूपी पर दारोमदार

## राजस्थान के फलोदी सट्टा बाजार में लोकसभा चुनाव में भी सीटों को लेकर सट्टे के गुणा भाग जोरों पर है

- सट्टा लगाने वालों में सबसे ज्यादा दिलचस्पी उत्तर प्रदेश की सीटों को लेकर है
- माना जाता है कि केंद्र की सत्ता यूपी के रास्ते से होकर जाती है, इसीलिए सट्टा बाजार का है फोकस
- आईपीएल और लोकसभा चुनाव दोनों ही उत्सव के लिए करोड़ों का सट्टा बाजार चल रहा है



**जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा**

**लखनऊ।** इन दिनों देश में दो बड़े इवेंट चल रहे हैं क्रिकेट जगत का आईपीएल और लोकसभा चुनाव। दोनों ही उत्सव के लिए करोड़ों का सट्टा बाजार चल रहा है। राजस्थान के फलोदी सट्टा बाजार में भी सीटों को लेकर सट्टे के गुणा भाग जोरों पर है। सूत्रों के अनुसार सट्टा लगाने वालों में सबसे ज्यादा दिलचस्पी उत्तर प्रदेश की सीटों को लेकर है। चुनाव हो या क्रिकेट मैच सट्टा बाजार एक्टिव हो जाता है। दो चरण का मतदान हो चुका है परिणामों को लेकर अनुमानों का दौर शुरू हो गया है। हर चुनाव में इस सट्टा बाजार पर सभी की निगाह लगी रहती हैं। सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। इसी बीच देश के प्रमुख सट्टा बाजार ने लोकसभा चुनाव को लेकर दावा कर दिया है। लोकतंत्र के महापर्व का आगाज हो गया है। देश में लोकसभा चुनाव के लिए खास तौर पर सबका ध्यान उत्तर प्रदेश पर है। माना जाता है कि केंद्र की सत्ता यूपी के रास्ते से होकर जाती है। सवाल है कि क्या बीजेपी इस बार यूपी में मिशन-80 का अपना दिया हुआ नारा सार्थक कर पाएगी। जबकि इंडिया गठबंधन भी अपनी जीत का दावा कर रहा है। अलग-अलग चैनल और एजेंसियों के द्वारा सर्वे और अनुमान जारी किए जा रहे हैं। अब फलोदी सट्टा बाजार ने भी अनुमान जताया है।

राजस्थान के प्रसिद्ध फलोदी सट्टा बाजार का क्या अनुमान है। यूपी में किसे बढ़त मिलेगी। बाजार किसे कितनी सीट दिलवा रहा है, इसकी अक्सर लोगों के बीच चर्चा की जाती है। अब लोकसभा चुनाव को लेकर भी फलोदी सट्टा बाजार ने बताया है कि देश और उत्तर प्रदेश में क्या होने वाला है।

### फलोदी सट्टा बाजार में देश भर की सीटों पर भाव

**भाजपा पर भाव**

- 300 सीट 30-37 पैसे
- 310 सीट 55-65 पैसे
- 320 सीट 110-160 पैसे
- 325 सीट 150-225 पैसे

**कांग्रेस पर भाव**

- 35 सीट 28-35 पैसे
- 40 सीट 35-45 पैसे
- 50 सीट 130-200 पैसे

### भाजपा को यूपी में 68 से 70 के बीच सीटें मिल सकती हैं

राजस्थान का फलोदी एशिया का सबसे बड़ा सट्टा बाजार माना जाता है। यहां छोटी से लेकर बड़ी, हर चीज पर सट्टा लगता है। फलोदी सट्टा बाजार की मानें तो यूपी में भाजपा 2019 का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ती हुई नजर आ रही है। फलोदी सट्टा बाजार का अनुमान है कि भाजपा को यूपी में 68 से 70 के बीच सीटें मिल सकती हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को यूपी में 80 में से 64 सीटे मिली थीं। फलोदी सट्टा बाजार के मुताबिक, इस बार भाजपा यूपी की 80 लोकसभा सीटों में से 68-70 सीट जीतने जा रही है। फलोदी सट्टा बाजार का मानना है कि बीजेपी का मिशन-80 का सपना पूरा नहीं होगा।

### इटावा, आजमगढ़, घोसी, गाजीपुर, मैनपुरी और जौनपुर समेत कुछ सीटों पर भाजपा को मिलेगी कड़ी चुनौती

फलोदी सट्टा बाजार की मानें तो बीजेपी के लिए लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी की इटावा, आजमगढ़, घोसी, गाजीपुर, मैनपुरी और जौनपुर समेत कुछ सीटों पर कुछ मुश्किल हैं। इन सीटों पर सपा और कांग्रेस की दावेदारी मजबूत है।

### अखिलेश यादव समेत विपक्षी दलों की चुनौती बढ़ सकती है

राजस्थान के फलोदी सट्टा बाजार की मानें तो यूपी में अखिलेश यादव समेत विपक्षी दलों की चुनौती बढ़ सकती है। बाजार के मुताबिक लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा यूपी में अच्छा प्रदर्शन करने जा रही है।

# आज रामलला के दर्शन करेंगी स्मृति ईरानी

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



केंद्रीय मंत्री स्मृति जूबिन ईरानी अमेठी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में सोमवार को नामांकन करेंगी। इसके पूर्व वह रविवार सुबह 11 बजे प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचेंगी। नामांकन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार सीएम मोहन यादव सोमवार सुबह 9.30 बजे फुरसतगंज एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। यहां से वह सीधे गौरीगंज स्थित भाजपा कार्यालय जाएंगे, जहां सुबह 10.15 से 12 बजे तक केंद्रीय मंत्री के नामांकन के लिए रोड शो में प्रतिभाग करेंगे। इसके साथ ही दोपहर 12 से 12.10 बजे तक कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन में हिस्सा लेंगे। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि रोड शो की तैयारी पूरी कर ली गई है।

## ट्रेन की एसी बोगी बनी 'स्वीमिंग पूल', सिकंदराबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस की छत से टपकता रहा पानी

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

सिकंदराबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस की एसी बोगी छत से टपकते पानी से स्वीमिंग पूल सी बन गई। यात्रियों की शिकायत पर समस्या दूर कराई गई। मामले में रेलकर्मी को चार्जशीट दी गई है। बीते दिनों गोरखपुर से आनंदविहार जा रही हमसफर एक्सप्रेस की एसी बोगी में छत से पानी टपकने का वीडियो वायरल होने से रेलवे की किरकिरी हुई थी। अब नए मामले ने और फजीहत करा दी है। ट्रेन 12590 सिकंदराबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस के थर्ड एसी (बी-8) की सीट 12, 23 पर सफर करने वालों ने रेलवे के सोशल मीडिया अकाउंट पर शिकायत दर्ज कराई कि पूरी बोगी में पानी भर गया है। देखते ही देखते इसका वीडियो वायरल हो गया। पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया और तुरंत मरम्मत करवाई।

# जैसलमेर और जोधपुर से भी गर्म रहा मुरादाबाद



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

अप्रैल माह बीता भी नहीं है कि तापमान ने 42 डिग्री के आंकड़े को छू लिया है। 26 अप्रैल शुक्रवार को मुरादाबाद का अधिकतम तापमान वर्ष 2010 के बाद सबसे ज्यादा दर्ज किया गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं वर्ष 2010 में 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस था। स्थिति यह रही कि शुक्रवार को गर्मी राजस्थान के जैसलमेर के बराबर और जोधपुर से अधिक हो गई। अप्रैल माह के अंतिम दिनों में गर्मी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। शुक्रवार सुबह से ही तेज गर्मी हो रही थी। घरों से बाहर निकलते ही गर्म हवा के थपेड़े लग रहे थे। इसकी वजह से लोग जरूरी कामों से ही घरों से बाहर निकले। सुबह दस बजे से ही गर्मी झुलसाने लगी थी और शाम छह बजे तक गर्म हवा ने बेहाल किया। सबसे ज्यादा परेशानी दोपहर में स्कूलों की छुट्टी के बाद बच्चों को हो रही है। छुट्टी के दौरान सड़कों पर होने वाली भीड़ की वजह से वह व्याकुल होने लगते हैं। अभिभावक कैप या सूती कपड़े से बच्चों को ढक कर गर्मी से बचाने का प्रयास करते नजर आते हैं। मौसम विभाग विभाग के डाटा संग्रह केंद्र के अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार को अधिकत तापमान 41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में तीन डिग्री और न्यूनम तापमान में .4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई।

### जोधपुर में 40.3 और जैसलमेर में 41 डिग्री पारा

मुरादाबाद में गर्मी का यह आलम है कि यहां का तापमान राजस्थान के कई जनपदों से अधिक हो गया है। शुक्रवार को जैसलमेर का अधिकतम तापमान 41 डिग्री, जोधपुर का 40.3 डिग्री, अजमेर का 39.8 डिग्री, उदयपुर का 39.5 डिग्री, चित्तौड़गढ़ का 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

> राजस्थान से आने वाली हवा के कारण वातावरण में नमी कम हो रही है और तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। इस बार गत वर्षों की अपेक्षा ज्यादा दिन लू चलने का पूर्वानुमान आया है। आगामी दिनों में बारिश होने की संभावना नहीं है। इसलिए अभी गर्मी में बढ़ोतरी होगी।
> –डॉ. आरके सिंह, मौसम वैज्ञानिक, पंतनगर विश्वविद्यालय

## राजनाथ सिंह कल दाखिल करेंगे नामांकन, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

लखनऊ संसदीय सीट के भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह 29 अप्रैल को नामांकन करेंगे। प्रदेश मुख्यालय के समक्ष सुबह 9 बजे सभी लोग एकत्रित होंगे। सुबह 10 बजे राजनाथ सिंह पार्टी रथ पर वरिष्ठ नेताओं के साथ कलक्ट्रेट रवाना होंगे। प्रदेश कार्यालय से शुभारंभ से लेकर पूरे रास्ते विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा, ढोल नगाड़े, शंखनाद के साथ स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। नामांकन की तैयारी के तहत हलवासिया कोर्ट में लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सांसद रमापति राम शास्त्री, लोकसभा संयोजक व एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल आदि ने कार्ययोजना बनाई।

## मशहूर वकील उज्ज्वल निकम बने मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से बीजेपी प्रत्याशी, कसाब को दिलाई थी फांसी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

भाजपा ने मुंबई नॉर्थ सेंट्रल सीट से पूनम महाजन का टिकट काटा है और उज्ज्वल निकम को प्रत्याशी घोषित किया है। बता दें कि अजमल कसाब केस में उज्ज्वल निकम सरकारी वकील थे और उन्होंने ही कसाब को फांसी की सजा दिलवाई थी। निकम ने 26/11 हमले के अलावा मुंबई बम ब्लास्ट केस, गुलशन कुमार मर्डर केस, प्रमोद महाजन मर्डर केस, गेटवे ऑफ इंडिया ब्लास्ट जैसे कई केस लड़े हैं। महाराष्ट्र के जलगांव शहर के एक मराठा परिवार से ताल्लुक रखने वाले मशहूर वकील उज्ज्वल निकम को अब भाजपा ने मुंबई नॉर्थ सेंट्रल सीट से उम्मीदवार घोषित किया है।

**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

# सुनीता केजरीवाल ने किया रोड शो, बोलीं, इस देश को बचा लीजिए, तानाशाही के खिलाफ वोट करें

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनेता प्रचार के लिए मैदान में उतरे हुए हैं। दिल्ली में भी प्रचार जोरों पर है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली में मेगा रोड शो निकाला। जिसके बाद उनकी राजनीति में एंट्री हो गई है। यह उनका पहला रोड शो है।

### लगे केजरीवाल के पोस्टर

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली से आप के लोकसभा उम्मीदवार कुलदीप कुमार के समर्थन में कोंडली इलाके में रोड शो किया। मिली जानकारी के मुताबिक, कोंडली इलाके में रोड शो से पहले आई लव केजरीवाल और जेल का जवाब वोट से के पोस्टर लगाए गए हैं।



### दिल्ली वालों से सुनीता केजरीवाल की अपील

सुनीता केजरीवाल ने रोड शो के दौरान कहा कि ये देश तानाशाही की ओर जा रहा है। इस देश को बचा लीजिए। 25 मई को वोटिंग का दिन है। आप लोग वोट देने जाएंगे। उस दिन तानाशाही के खिलाफ वोट दें।

### दिल्ली के अलावा इन राज्यों में भी रोड शो

रविवार को पश्चिमी दिल्ली में जनता से केजरीवाल के लिए समर्थन मांगेगी। वे दिल्ली के अलावा पंजाब, गुजरात और हरियाणा में भी आप प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगी। मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के बाद से दिल्ली में भाजपा के लिए अलग माहौल बन गया है। लोग पूछ रहे हैं कि मुख्यमंत्री को क्यों गिरफ्तार किया गया। हर कोई इस गिरफ्तारी के खिलाफ है। दिल्ली-पंजाब की जनता केजरीवाल के साथ खड़ी है।

### आप का भाजपा पर तंज

आतिशी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद केंद्र सरकार ने ईडी की मदद से मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया। भाजपा ने चुनाव में हार के डर के कारण ये कार्रवाई की। भाजपा नहीं चाहती थी कि केजरीवाल चुनावी मैदान में उतरें, लेकिन मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के बाद भाजपा को नुकसान हुआ है। दिल्ली-पंजाब के साथ दूसरे हिस्सों में जनता मुख्यमंत्री के समर्थन में आई है।

### आप के मंत्री और नेता होंगे शामिल

रोड शो के दौरान सुनीता के साथ स्थानीय विधायक भी प्रचार करेंगे। रोड शो जिस विधानसभा क्षेत्र से निकलेगा, उसमें स्थानीय विधायक सहित अन्य नेता शामिल होंगे। रोड शो के माध्यम से पार्टी जनता के सामने अपनी बात रखेगी।

# व्यय प्रेक्षक ने एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, वीएसटी व व्यय अनुवीक्षण टीम के सदस्यों की ली बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त 48-लोकसभा बांदा चित्रकूट व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती ने शनिवार को कलेक्टरेट सभागार में निर्वाचन को लेकर गठित उड़न दस्ता टीम, स्थैतिक निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, वीडियो सर्विलेंस टीम, मीडिया प्रमाणन टीम तथा व्यय अनुवीक्षण टीम के सदस्यों के साथ बैठक कर अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती ने उड़न दस्ता टीम को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर आने-जाने वाले वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करने के साथ ही सी विजिल ऐप पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी सुनिश्चित करें। स्थैतिक निगरानी टीम को निर्देश दिए कि चिन्हित चेक पॉइंट्स, बैरियर पर आने जाने वाले वाहनों की जांच करने के साथ क्षेत्र में भी भ्रमण कर आकस्मिक वाहनों की जांच करें। जांच के दौरान नगदी, शराब, आभूषण तथा अन्य सामग्री पाए जाने पर निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिस टीम को जिस पॉइंट पर लगाया गया है, वह टीम वहां उपस्थित रहकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान इसकी आकस्मिक जांच भी की जाएगी। कहा कि अंतर्राज्यीय बॉर्डर चेक पोस्ट पर अच्छी तरह से वाहनों की जांच कराई जाए। उन्होंने सभी टीमों के अधिकारियों से अभी तक हुई कार्यवाही के बारे में विस्तृत जानकारी ली। एमसीएमसी टीम से कहा कि प्रतिदिन पेड न्यूज चैनल, सोशल मीडिया आदि पर लगातार निगरानी करते रहें। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी से गत तीन माह के अंदर कितनी शराब की बिक्री और इस समय की स्थिति के बारे में जानकारी की।

उन्होंने सभी टीमों को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पूर्ण जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं, उसका सभी सम्बन्धित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, आलोक सिंह, सतीश चन्द्र, प्रभागीय वनाधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# आड़े तिरछे ई-रिक्शा व ऑटो खड़े होने से चरमराई यातायात व्यवस्था

**जन एक्सप्रेस । कालपी**




नगर में सीएनजी ऑटो और ई-रिक्शा की तो भरमार हो गई हैं। ई-रिक्शा व सीएनजी ऑटो के संचालन के लिए रूटों का कोई निर्धारण नहीं है। ऐसी परिस्थितियों में वाहन आपरेटर अपनी-अपनी गाड़ियों को मुख्य बाजार से लेकर सकरी गलियों तक कही भी खड़ा देते हैं। गाड़िया आड़ी तिरछी खड़ी होने के कारण राहगीरों का पैदल निकलना तक दूभर हो जाता है। इसी प्रकार पुराने राजमार्ग, मुख्य बाजार टरननगंज, फुलपावर चौराहा, खोवा मंडी में भी ई-रिक्शा तथा ऑटो बेतरतीब आड़े तिरछे खड़े रहते हैं। जिससे यातायात व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो जाती हैं। मुख्य बाजार में सीसी सड़क 14 इंच मोटी निर्मित हो चुकी है। लेकिन दोनों साइडों में प्रस्तावित इंटरलॉकिंग अभी तक नहीं बिछाई गई। जिससे बाजार तथा मुख्य चौराहों में आड़े तिरछे वाहन खड़े होने से दुकानदारों, ग्राहकों तथा राहगीरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। क्योंकि कालपी से उरई, कदौरा, महेवा, पुखरायां, मंगरौल, जोल्हूपुर, उसरगांव आदि स्थानों के अलावा नगर के विभिन्न स्थानों में आने जाने के लिए ई-रिक्शा व ऑटो का लोग सहारा लेते हैं। ऑटो या ई रिक्शा को खड़ा करने के लिए नगर में कोई भी टैक्सी स्टैंड नहीं बना है। जनहित में प्रशासन से मांग है कि टैक्सी स्टैंड का निर्माण कराया जाए व यातायात व्यवस्था के लिए उचित प्रबंध किए जाएं। जिससे लोगों को समस्याओं का सामना ना करना पड़े।

## अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 आरोपियों के कब्जे से 102 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। बरगढ़ थाना के उप निरीक्षक पवन कुमार प्रधान तथा उनकी टीम द्वारा ननकू निवासी कटैया डांडी को 55 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी प्रकार पहाड़ी थाना के उप निरीक्षक विपिन कुमार मिश्रा तथा उनके हमराही द्वारा महेश प्रजापति निवासी कहेटामाफी को 17 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। राजापुर थाना के उप निरीक्षक इमरान खान तथा उनके हमराही द्वारा बालकेश सोनकर निवासी गोस्वामी नगर को 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## दो अपराधियों को 6 माह के लिए किया गया जिलाबदर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दो अपराधियों पर 6 माह की अवधि के लिए जिलाबदर की कारवाई की गई है। पिछले काफी समय से चुनाव के मद्देनजर जिले की पुलिस आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे लोगों पर कार्रवाई कर रही है। जिसके चलते कई मामलों में संलिप्त रहे जयप्रकाश निवासी ग्राम इकौना थाना कदौरा और अशोक कुमार निवासी ग्राम लगामपुरा थाना रेंडर को 6 माह के लिए जिला बदर कर दिया गया। जिनके विरुद्ध जनपद के थानों में गंभीर धाराओं जैसे चोरी, लूट, बलवा आदि में अभियोग पंजीकृत हैं। जिसके आधार पर इनके विरुद्ध गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम की कार्यवाही की गयी थी। उसी आधार पर शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत छह माह की अवधि के लिए जिलाबदर कराया गया है। जिलाबदर अभियुक्त यदि जनपद की सीमा के अन्दर पाये जाते हैं तो उनके विरुद्ध गुण्डा नियंत्रण अधि0 1970 की धारा 10 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। सम्बन्धित थाना प्रभारी उक्त कार्यवाही से तीन दिन के अन्दर सम्बन्धित न्यायालय को अवगत करायेंगे।

## कर्ज के बोझ से परेशान किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र गढ़र में कर्ज की मार झेल रहे किसान ने खेत पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र ग्राम गढ़र निवासी हीरालाल 50 वर्ष रोज की तरह शुक्रवार रात को घर से अपने खेत पर चला गया था। खेत पर पहुंचकर उसने रस्सी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह गांव के लोगों का गुजरना हुआ तो उन्होंने रस्सी से लटक रहे किसान के शव को देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। जिन्होंने सूचना उसके परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। मृतक के पुत्र कृष्ण मुरारी ने बताया कि पिता पर कर्ज था। जिस बात से वह तनाव में रहते थे। बताया कि पिछले कुछ समय से खेती का काम भी ठीक नहीं चल रहा था। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

## अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में पलटी कार, महिलाओं समेत पांच घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच कोतवाली क्षेत्र में बीती रात तेज रफ्तार कार ग्राम पडरी के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में पलट गई। जिससे कार पर सवार महिलाओं समेत करीब 5 लोग घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से दो लोगों को मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया। कोंच नगर के मोहल्ला नया पटेल नगर निवासी अंशुल 23 वर्ष, ऋषभ 27 वर्ष, शशि 34 वर्ष, साधना 35 वर्ष और मंजरी 48 वर्ष कार पर सवार होकर शादी समारोह में सामिल होने उरई के मयूर गार्डन गए हुए थे। जब सभी लोग शादी से देर रात वापस घर लौट रहे थे। तभी ग्राम पड़री के पास कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें कार पर सवार सभी लोग घायल हो गए। राहगीरों ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। दो लोगों को रेफर कर दिया गया। जबकि अन्य घायलों का उपचार चल रहा है।

## महिला ने फांसी लगाकर गंवाई जान

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** कोतवाली के मोहल्ला कछोरन में कि महिला ने घर के बारे में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नगर कोतवाली के मोहल्ला कछोरन निवासी तरुणा देवी 36 वर्ष पत्नी पूरनलाल ने शुक्रवार की देर बाड़े में दुपट्टे का फंदा गले में डालकर फांसी पर लटक गई। कुछ देर बाद उसकी छोटी पुत्री रिया उधर से गुजरी तब उसने मां को दुपट्टे के फंदे पर लटका देखा तो वह चीख उठी और उसने सूचना पिता को दी।

# उम्मीद से मिलती निराशा, कर्म में करें विश्वास: नवलेश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भागवताचार्य नवलेश दीक्षित महाराज ने श्रोताओं को जड़ भरत एवं प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाई।

धर्मनगरी के खोही स्थित भागवत पीठ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भागवत पीठ धर्मार्थ सेवा संस्थान से पधारे कथा व्यास नवलेश दीक्षित महाराज ने बताया कि भागवत मृत्यु को मंगलमय बनाती है। वही बच्चे सम्मान के योग्य होते हैं जिसम शालीनता होती है। वह माता, पिता और वंश के उज्जवल दीपक होते हैं। ध्रुव, प्रहलाद की कथा यही शिक्षा देती है। गुरु कृपा जैसी कोई संपत्ति नहीं है। बस सदुरु पर समर्पित हो जाए। गुरु भक्ति योग में शारीरिक, मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक हर प्रकार के अनुशासन का समावेश है। गुरु लीला की महिमा जो कान नहीं सुन सकते वह कान सचमुच बहरे हैं। भागवत के चतुर्थ स्कंद की कथा सुनाते हुए कहा कि मधुर वचन पुष्प के समान प्रिय होते हैं। जबकि कटु वचन कांटों के समान हृदय में चुभ जाते हैं। इसलिए जीवन में हमेशा मीठे मधुर वचन ही बोले। भागवत की कथा केवल कहानी नहीं जीवन जीने की कला हैं। बामन चरित्र की कथा तन, मन, धन के साथ स्वयं को अर्पण करने की कथा है। जड़ भरत की कथा सुनाते हुए जीवन में आने वाले उतार चढ़ाव, कष्ट, सुख, दुःख का मार्मिक वर्णन किया। जिसे सुन श्रोता मंत्रमुग्ध रहे।

बताया कि जड़ भरत कहते हैं कि जब तक महापुरुषों के चरणों की रज माथे में नहीं लगाएंगें तब तक जीवन में कुछ मिलने वाला नही है। जितनी अधिक उम्मीद करेंगें उतना ही निराशा मिलेगी। इसलिए इस संसार में उम्मीद ज्यादा नहीं करना चाहिए। कर्म में विश्वास करें, अपेक्षा से अधिक मिलता है।

# एसडीएम ने बीहड़ पट्टी के ग्रामो में पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्था परखी

**जन एक्सप्रेस । कालपी**




शनिवार को एसडीएम हेमंत पटेल व सीओ डॉ. देवेंद्र कुमार ने यमुना नदी के किनारे बसे गांवों में घूम-घूमकर पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि पोलिंग बूथों में मतदाताओं की सुविधाओं के लिए व्यवस्था मुकम्मल रहना चाहिए।

महेवा बिकास खंड के एसडीएम व सीओ ने तमाम ग्रामों के अलावा यमुना नदी किनारे बसे मैनूपुर, मगरौल, हीरापुर, देवकली, कीरतपुर आदि स्थानों के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने जिम्मेदारो को हिदायत दी है कि पोलिंग बूथों बिजली, पानी, सफाई, रोशनी तथा रैंम्प की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिये। पोलिंग बूथों में बाल पेंटिंग की हकीकत परखी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक पोलिंग बूथों में उचित व्यवस्था रहेगी। कहा कि सभी पोलिंग बूथों मे मतदाताओं की सुविधाओं की किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। बिकास खंड के ग्रामो के पोलिंग बूथों का भी निरीक्षण किया। विदित हो कि दो दशक पहले यमुना नदी के किनारे बीहड़ में बसे ग्रामों में नामी-गिरामी दस्यु गिरोह का बिचरण रहता था। डकैतों का सफाया हो जाने के बाद अब शान्ति का माहौल स्थापित हो गया है।

# निही चरैया के लोगों की किस्मत में एक अदद पुल भी नहीं हुआ नसीब, नेताओं ने खूब बोला झूठ, ग्रामीण बोले नेता सिर्फ अपना उल्लू सीधा करने आते हैं

**जन एक्सप्रेस SPECIAL**

**जन एक्सप्रेस । सचिन वन्दन**

**चित्रकूट।** सरकारें बदली जनप्रतिनिधि भी बदलते रहे लेकिन पाठा क्षेत्र की तस्वीर आज भी नहीं बदली। पाठा के निहीं चरैया ग्राम पंचायत के ग्रामीणों की किस्मत मे एक अदद पुल भी नसीब नहीं हो पाया। टूटे पुल के बनने की आस मे पांच साल गुजर गए लेकिन ग्रामीणों के आवागमन के लिए एक पुल भी मयस्सर नहीं हुआ। नेता सिर्फ अपना उल्लू सीधा करने आते हैं, और चले जाते हैं। पुल की आस में आँखे पथरा गईं, लेकिन पुल नसीब नहीं हुआ।

मानिकपुर तहसील क्षेत्र के निहीं चरैया के आधा दर्जन के करीब गांवों के हजारों लोगों की जिन्दगी भगवान भरोसे है। देश आजादी का अमृतकाल मना रहा है, लेकिन निहीं चरैया के जडेरा नदी में पुल तो बना लेकिन बनते ही भी गया था। एक अदद पुल की मांग को लेकर ग्रामीण सांसद, विधायक और जिम्मेदार अफसरों से गुहार लगाते थक चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। बरसात के दिनों मे तो लोगों को आवाजाही के लिए हर रोज मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। नेता हर बार चुनाव में झूठा वादा कर वोट तो बटोर लें जाते हैं। लेकिन चुनाव बीतने के बाद ग्रामीणों तरफ कोई भी मुड़कर नहीं देखता है। ग्रामीण कहते हैं की हर चुनाव में हमारे साथ छल किया गया है।



**चुनाव बहिष्कार भी किया,फिर भी नहीं मिला समाधान**

इस समस्या से जूझ रहे क्षेत्रीय लोग पुल बनवाने को लेकर विधायक, सांसद व जिला प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन इसे लेकर किसी ने गंभीरता नहीं दिखाई। इसके साथ ही ग्रामीण वोट बहिष्कार भी कर चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान आज भी नहीं हुआ। भाठा, चरैया, नयाखेर, टंकी पुरवा, रतनपुर सहित दर्जनों गांवों के हजारों लोग हर रोज गुजरते हैं। इस रास्ते के अलावा दूसरा रास्ता न होने से बरसात में नदी के उफान आने से मुख्यालय से पुरी संपर्क कट जाता है।



- इस पुल के टूटने से आधा दर्जन गांव के लोगों के आवागमन में भारी दिक्क़तो का सामना करना पड़ता है। पुल टूटे वर्षो बीत गए लेकिन जिम्मेदारों को ग्रामीणों की समस्या को लेकर कोई चिंता नहीं है। चुनाव में इसबार सोच समझ कर वोट करने जा रहे हैं।

–मिथलेश



- इस पुल के ना बनने से बरसात के दिनों में जिंदगी और मौत से जूझना पड़ता है। लम्बे समय से नेता झूंठ बोलकर आश्वासन का घूट पिला रहे हैं, लेकिन समस्या समाधान की ओर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है। हम भी इस चुनाव मे मतदान के माध्यम से जवाब देंगे।

–रामेवश्वर



- हर चुनाव मे नेताओं ने विश्वास देकर तोडा है। वर्षो से टूटे इस पुल के बनवाने को लेकर गांव केलोगों ने मतदान बहिष्कार भी कर चुके हैं। लेकिन नेताओं ने झूंठा वाश्वास दिलाकर वोटों की फसल काटने मे कामयाब हो गए। चुनाव बीतने के बाद आज तक कोई मुडकर भी नहीं देखा।

–शिवनरायण



- हमेशा हम धोखे का शिकार हुए हैं। चुनाव मे हर बार हम अशिक्षित लोगों के साथ छल, कपट कर वोट ले लिया है। लेकिन हमारी दयनीय दशा की ओर किसी की भी नजर नहीं गई। स्कूली बच्चे जान जोखिम डालकर आवागमन करते हैं। लेकिन किसी को भी इसकी चिंता नहीं।

–राममूरत

**बरसात में पुरी तरह कट जाता सम्पर्क**

गांव के भोला, कमलेश, राजेश, मोहन आदि ने बताया कि पुल की मांग वर्षो से की जा रही है, पर इसे लेकर न तो जिला प्रशासन सजग दिख रहा और न जनप्रतिनिधि। बरसात के दिनों में तो आवागमन की भारी समस्या झेलनी पड़ती है। नदी उफान में आने के बाद मुख्यालय से पुरी तरह से संपर्क कट जाता है जिससे आधा दर्जन गांव के लोग पुरी तरह से कैद हो जाते हैं। पुल टूटा हेने से सरकार की हर आपातकाल सेवा यहां फेल साबित होती है।

# फ्लाइंग स्कॉड टीम ने कार से जब्त किया एक लाख 25 हजार का कैश

**जन एक्सप्रेस । माधौगढ़**

फ्लाइंग स्कॉड टीम द्वारा भीमनगर चौराहा के पास एक कार से सवा लाख रुपये जब्त किए गए हैं। पूछताछ में रुपये की सही जानकारी न देने पर टीम प्रभारी ने कोतवाली में जमा करा दिए हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने 50 हजार रुपये से अधिक नगद ले जाने पर रोक लगा रखी हैं। इसको लेकर फ्लाइंग स्कॉड टीम निरंतर चेकिंग अभियान चला रही हैं। शनिवार दोपहर भीमनगर चौराहा पर फ्लाइंग स्कॉड टीम प्रभारी बीडीओ रामपुरा गनेश कुमार, एसआई नेतराम, कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार के साथ चेकिंग अभियान चला रहे थे। माधौगढ़ की ओर से आ रही कार की चेकिंग ली गई। कार के अंदर पालीथिन में 1 लाख 25 हजार 5 सौ रूपये मिले।

टीम ने मध्यप्रदेश के भिंड निवासी कार मालिक विनोद कुमार गुप्ता से रूपये के बारे में जानकारी ली। विनोद कुमार गुप्ता ने रूपये के बारे में सही जानकारी न दे सकें। जिस पर फ्लाइंग स्कॉड टीम द्वारा पूरी धनराशि कोतवाली में जमा करा दी गई हैं। कोतवाल नागेन्द्र पाठक का कहना हैं कि जब्त धनराशि की सही जानकारी दी जाती हैं, तो धनराशि मालिक को वापस कर दी जाएंगी।

# मतदान से 48 घण्टे पहले से बंद रहेंगी शराब की दुकानें: डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक आनन्द ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र व उप्र शासन आबकारी अनुभाग के निर्देशों में लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र व निर्विघ्न चुनाव संचालन को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले से सम्बन्धित क्षेत्रों में आबकारी की सभी दुकानों में बिक्री बन्द रहेगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस अवधि में किसी भी प्रकार की शराब दुकानें, होटल, रेस्त्रां, क्लब व शराब बेचने व बांटने की अनुमति नहीं दी जाएगी। लोकसभा चुनाव मतदान व मतगणना के दिन मद्य निषेध घोषित कर शांति बनाये रखने व स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने की गरज से संयुक्त आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 59 में दिये अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला मजिस्टेऊट के आदेश हैं कि सम्बन्धित क्षेत्र में जिले के सभी देशी, विदेशी शराब, मदिरा, बियर मॉडल शॉप, भांग की थोक व फुटकर दुकाने बंद रहेंगी। जिले की सीमा में आठ किमी परिधि की प्रयागराज व मप्र के रीवा-सतना की भी दुकानें 18 मई को शाम छह बजे से 20 मई शाम छह बजे तक मतदान समाप्ति तक षष्टम चरण 25 मई को प्रयागराज की सीमा से आठ किमी परिधि में जिले की सभी शराब दुकानें ओबरी, मुर्का 23 मई को शाम छह बजे से 25 मई छह बजे तक अथवा मतदान समाप्ति तक बंद रहेंगी। इसी प्रकार चार जून मतगणना के दौरान जिले की सभी दुकानें पूरे दिन बन्द रहेंगी। बंदी का कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार के मादक पदार्थों का न संचय करेगा न वितरण करेगा और न लेकर चलेगा। उल्लंघन की दशा में ठेकेदारों व दोषी लोगों पर आबकारी अधिनियम व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आईक्यूएसी तथा कैरियर गाइडेंस सेल के तत्वातवधान में कैरियर काउंसलिंग तथा कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कामदमगिरि साफ्टवेयर सॉल्यूरसन प्राईवेट लिमिटेड की ओर से एचआर मैनेजर अर्तिका पाण्डेय तथा साफ्टवेयर इंजीनियर अमित कुमार जायसवाल ने छात्र-छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग सम्बन्धी जानकारी दी। साथ ही प्लेसमेंट के लिए ऑनलाइन टेस्ट आयोजित किया। इसके बाद उनमें से चयनित विद्यार्थियों का इंटरव्यू लिया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसके पूर्व कार्यक्रम की अध्य?क्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डॉ विनय कुमार चैधरी ने कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव जैसे कार्यक्रमों की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को अपने कैरियर को साकार रूप देने के लिए पूरी मेहनत और लगन से प्रतियोगी परिवेश के अनुरूप अपने आप को ढालने तथा इस तरह की गतिविधियों को बढ-चढ कर प्रतिभाग करके अपने प्रतिभा को और निखारने के लिए प्रेरित करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ नीरज गुप्ता ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार पाल, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ रामनरेश यादव, नैक प्रभारी डॉ अतुल कुमार कुशवाहा, डॉ सीमा कुमारी, डॉ मुकेश कुमार, डॉ हेमन्त कुमार बघेल, डॉ आशुतोष कुमार शुक्ला, डॉ गौरव पाण्डेय, डॉ रचित जायसवाल, डॉ गजेन्द्र सिंह, डॉ सिद्धान्त चतुर्वेदी, बलवन्त सिंह राजौदिया आदि मौजूद रहे।

# नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही आयोग को भेजी जाएगी नियमित रिपोर्ट: राजेश प्रसाद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




बांदा चित्रकूट लोकसभा में नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही चुनाव आयोग द्वारा गठित विभिन्न समितियां सक्रिय हो गई हैं। जिसके तहत शनिवार को मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति की बैठक हुई।

चुनाव कंट्रोल रूम में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने बताया कि चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ऐसे में जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मानीटरिंग कमेटी भी अपना काम सक्रियता के साथ करेगी। जिसके तहत मीडिया प्रमाणन और अनवीक्षण समिति, पेड न्यूज, फेंक न्यूज, रेडियो एफएम, वीडियो प्रचार वाहनों की अनुमति, सोशल मीडिया प्रचार सामग्री तथा प्रिंटिंग प्रचार सामग्री का परीक्षण करेगी। साथ ही दैनिक, साप्ताहिक रिपोर्ट आयोग मुख्य निर्वाचन अधिकारी को प्रेषित करेगी। उन्होंने बताया कि संसदीय क्षेत्र के चुनाव में किसी प्रत्याशी द्वारा अखबार और इलेक्ट्रानिक मीडिया में जारी किए जाने वाले प्रस्तावित विज्ञापन के प्रमाणीकरण के लिए आवेदन पर विचार किया जाएगा। ऐसा कोई विज्ञापन प्रमाणित नहीं किया जाएगा, जिससे धर्म, नश्ल, भाषा, जाति, समुदाय, नश्लीय भाषाई या क्षेत्रीय समूहों या अन्य किसी आधार पर शत्रुता या वैमनस्यता मिलने की सम्भावना हो।

अपर जिलाधिकारी वि रा उमेश चन्द्र निगम ने कहा कि चुनावी विज्ञापन, पम्पलेट आदि के प्रकाशन के लिए प्रकाशक के नाम और पते के साथ प्रिटंर का नाम व पता प्रिंट करना अनिवार्य होगा।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पाँच दिनों मे हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं है तथा दोपहर के समय धूल भरी आँधी और हवाओं की सामान्य से अधिक तेज चलने के आसार है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 39.4 (+1.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 19.4 (-1.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 44 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 18 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.7 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# शिक्षा महंगी, रोजगार नहीं, सहारा में डूबे पैसे भी नहीं दिला पाई सरकार

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** पूरे देश में लोकसभा के चुनाव हों रहे हैं। आने वाली 13 मई को कानपुर नगर में भी मतदाता अपनी सरकार चुनने के लिए वोट डालने जाएंगे उससे पहले हर दल का प्रत्याशी गजब गजब के बड़े बड़े वादे करते हुए नजर आ रहा है। जन एक्सप्रेस की टीम ने भी चुनाव वे डंका बजने से पहले ही बस्तियों में जाकर गरीबों से उनके हालातो पर बात की और उनसे उनके दिल की बात जानने का प्रयास किया और यह भी जानने का प्रयास किया कि वह किस प्रकार का प्रत्याशी चाहते हैं कैसी सरकार चाहते हैं ऐसे में लोगों ने खुले दिल से जन एक्सप्रेस टीम के साथ अपने दुख दर्द साझा किए हैं उन्होंने यह भी बताया है कि उन्हें कैसी सरकार चाहिए। जन एक्सप्रेस की टीम बीती 8 अप्रैल 2024 को कानपुर नगर के दर्शन पुरवा क्षेत्र स्थित 119/500 दर्शन पुरवा बाजार पहुंची हुई थी। इस दौरान टीम के सामने लोगों ने जो बताया उसे सुनकर टीम की आंखों में भी आंसू आगे कारण यह है कि जनता बहुत परेशान है। लोगों का यहां तक कहना था कि शिक्षा बहुत महंगी हो गई है चिकित्सा भी बहुत महंगी हो गई है लेकिन कोई दल इस पर बात नहीं कर रहा। अगर आप पूर्ण रूप से सभी का दर्द सुनना चाहते हैं तो जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन के यूट्यूब चैनल पर जाकर 8 अप्रैल 2024 को अपलोड किया गया वीडियो भी देख सकते हैं।

### सभी दल जनता को लूट रहे हैं: अनाम



सपा कांग्रेस बसपा भाजपा सभी ने जनता के लिए कुछ नहीं किया आज तक कुछ नहीं किया। बेरोजगारी बढ़ चुकी है। सभी लुभावने वादे करके लूट रहे हैं।

### मकान पाने के लिए खूब चक्कर लगाए: रीना



रीना का कहना था कि हमने सरकारी मकान के लिए के.डी.ए. और सभी ऑफिस में चक्कर लगाए हैं लेकिन हमें मकान नहीं मिला उन्हें मकान दे दिया गया जिनके पास पहले से मकान थे। इसीलिए तो मैं वोट तक नहीं डालने जाती हूं। मैं वोट तब डालूंगी जब सरकार सड़कों पर सोने वालों को मकान दे देगी और बेरोजगारों को रोजगार दे देगी।

### विधवा महिला हूं सहारा में डेढ़ लाख रुपया फंसा सरकार ने वापस नहीं करवाया: सीमा



सीमा का कहना था कि बच्चे बेरोजगार हैं किसी तरह सब्जी बेचकर अपना पेट पाल रहे हैं। मैं विधवा महिला हूं मेरा पैसा सहारा में डेढ़ लाख रुपया फंसा हुआ है। सरकार ने वादा करने के बाद भी वापस नहीं कराया है।


### महंगाई बढ़ी है, सहारा में फंसा पैसा वापस नहीं हुआ: मालती



मालती की मानें तो इस सरकार में तो बहुत समस्याएं हैं बहुत लोग बेरोजगार घूम रहे हैं। लड़के लड़कियों को कोई रोजगार नहीं मिल रहा है, महंगाई खूब बढ़ी हुई है। मेरे पति बीमार पड़े हैं। प्राइवेट नौकरियों में भी 7 से 8 हजार रुपए महिना मिलता है कोई कैसे अपना घर चलाएगा। सहारा में मेरा डेढ़ लाख रुपए जमा है लेकिन आज तक नहीं मिला। बीच में सरकार ने दावा किया था कि वह सहारा में फंसा पैसा वापस कराएगी लेकीन कुछ नहीं हुआ।

# संदिग्ध अवस्था में फांसी पर लटका मिला दरबान का बेटा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



घर से दोस्तों के साथ गए युवक का शव अर्मापुर की खाली पड़ी कॉलोनी में संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। सिक्योरिटी गार्ड ने देखा तो पुलिस को सूचना दी।वही अपने बेटे को खोज रहे माता-पिता भी मौके पर पहुंचे। बेटे को फांसी पर लटका देख दहाड़े मार कर रोने पीटने लगे। मृतक के माता-पिता ने अपने साथ ले गए दो साथियों के ऊपर हत्या का शक जताया है वहीं पुलिस दोनों संदिग्ध आरोपियों से पूछताछ कर रही है। फॉरेंसिक टीम और पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अर्मापुर टाइप वन स्मॉल आर्म्स फैक्ट्री में कार्यरत मृतक के दरबान पिता जयशंकर प्रजापति ने बताया कि उनकी पत्नी रेनू,तीन बेटियां दो बेटे है। मृतक बेटा अभिषेक उर्फ ढोलू( 18 )वर्ष दादा नगर स्थित जीएस इंजीनियरिंग में काम करता है। जबकि छोटा बेटा दीपक है। मृतक अभिषेक की मां रेनू ने बताया कि शुक्रवार शाम 7 बजे मुन्ना और शिवम बाइक से आए थे। देर रात तक वापस नहीं आने पर खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। सुबह अर्मापुर में खाली पड़े कमरे में बेटा खिड़की से अंगौछे के सहारे फांसी पर लटका मिला। खिड़की से जमीन की ऊंचाई बमुश्किल तीन से चार फीट है। ऐसे में इतनी कम हाइट से फांसी लगाना असंभव है।बेटे की हत्या कर शव को लटकाया गया है। वहीं पुलिस ने बताया कि शव की जांच पड़ताल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद चलाएगा जनजागरण अभियान



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष राजा भरत अवस्थी के नेतृत्व में शनिवार को राज्यकर विभाग में भोजनावकाश में लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान करने, जनता को मतदान कराने की शपथ दिलाने के साथ कानपुर लोकसभा में सर्वाधिक मतदान सुनिश्चित कराने के लिए परिषद द्वारा जनजागरण अभियान चलाए जाने पर चर्चा की गई। राजा भरत अवस्थी ने बताया कि मतदान में आने वाली समस्याओं के निदान के लिए परिषद जिला अधिकारी व पुलिस आयुक्त से शीघ्र वार्ता करेगी। कार्यक्रम का संचालन मन्त्री इं.कोमल सिंह ने किया। परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणधीर सिंह, राज्यकर मिनिस्टीरियल स्टाफ़ एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दीपक चंदेल, मन्त्री शोभित अग्रवाल, जोन मंत्री उमेश यादव, पवन प्रकाश पांडेय, आदि मौजूद रहे।

# स्वर्णोत्सव पर सेठ आनंदराम जैपुरिया में किया आनंद प्रदर्शनी का आयोजन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



शनिवार को सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल की स्वर्ण जयन्ती उत्सव के उद्घाटन समारोह का आयोजन बहुत धूमधाम से किया गया। सन 1974 में स्थापित, यह विद्यालय सेठ आनंदराम जैपुरिया शिक्षण संस्थान समूह का प्रमुख के-12 संस्थान है। शिशिर जैपुरिया की अध्यक्षता एवं कुशल नेतृत्व में इस विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना एक वैश्विक स्वरूप गढ़ा है।=स्वर्ण जयंती उत्सव के उद्घाटन समारोह के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि सतीश महाना विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि शिशिर जैपुरिया अध्यक्ष जैपुरिया शिक्षण समूह संस्थान, जैपुरिया परिवार के समस्त गणमान्य सदस्य, श्रीमती शिखा बनर्जी प्रधानाचार्मा सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल, कानपुर तथा जैपुरिया शिक्षण संस्थान नेतृत्व समूह के समस्त गणमान्य सदस्यों ने पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर जैपुरिमा विद्यालय के भारत और दुनिया के विभिन्न हिस्सों से पधारे पूर्व-शिक्षक और लगभग 700 पूर्व छात्रों की उपस्थिति ने समारोह की शोभा को द्विगुणित किया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ तत्पश्चात विद्यार्थियों के द्वारा अनेक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें विशेष रूप से जैपुरिया के पूर्व छात्रों के साथ वर्तमान छात्रों की ऑर्केस्ट्रा प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सांस्कृतिक मूल्यों एवं ऐतिहासिक विरासत को प्रकाशित करने वाली नौ मिनट की फिल्म को औपचारिक रूप से प्रदर्शित किया गया। अपने स्वागत भाषण में शिशिर जैपुरिया ने कहा, विद्यालय की स्वर्ण जयंती का यह शुभ अवसर शिक्षा के प्रति हमारे दृष्टिकोण और उद्देश्य को प्रतिबिंबित करने का एक अवसर है। हम एक ऐसे भविष्य की कल्पना करते हैं जिसमें हम प्रौद्योगिकी की क्षमता का उपयोग करेंगे, सर्वोत्तम शिक्षण विधियों का समावेश करेंगे विद्यार्थियों का समग्र विकास कर उन्हें सक्षम, समर्थ एवं सशक्त बनाएंगे। हम एक ऐसे शैक्षणिक वातावरण का विकास करना चाहते हैं, जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी न केवल सर्वोत्तम उपलब्धियों को प्राप्त कर सके बल्कि एक जिम्मेदार एवं जागरूक विश्व नागरिक के रूप में प्रतिष्ठित हो सकें। इस अवसर पर आनंद प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन सेठ आनंदराम जैपुरिया एजुकेशन सोसाइटी की उपाध्यक्षा श्रीमती सुनीता जैपुरिया ने किया। प्रदर्शनी में विद्यालय के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

# पुण्यतिथि पर वक्ताओं ने डाला जीवन पर प्रकाश



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने शनिवार को कर्मचारियों के पुरोधा व ई एस आई उत्तर प्रदेश डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय रमेश चन्द्र कनौजिया की पुण्यतिथि कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय कबाड़ी मार्केट कानपुर में उन्हे पुष्पांजलि व भावांजलि देकर मनाई। सभी वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनका अनुकरण करते हुए कर्मचारियों के हित में कार्य करने का आह्वान करते हुए पुरानी पेंशन बहाली, रिक्त पदों पर स्थाई नियुक्ति जैसे मुद्दों को पूरा कराने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर परिषद के संरक्षक भूपेश अवस्थी जिलाध्यक्ष प्रभात मिश्रा, मंडलीय महामंत्री संतोष तिवारी, जिला मंत्री उदयराज सिंह, संरक्षक बी एल गुलबिया, संप्रेक्षक मेवालाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रतिकांत पाल, अजय कुमार वाल्मीकि देवराज सिंह, शैलेंद्र कुमार राय, राजेश कुमार, उमराव, संजय वर्मा, सचिन मित्तल, संजय गौतम, राजेंद्र कुमार कटिहार, विनोद कुमार रावत, मेहनाज, आलोक यादव सहित राज्य कर्मचारी संघ परिषद एवं ई एस आई फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला से चेन लूट बाइक सवार लुटेरे हुए फरार





जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

रावतपुर थाना क्षेत्र के राणा प्रताप नगर निवासी सुषमा त्रिपाठी रिटायर्ड शिक्षिका और लेखिका है उन्होंने बताया कि रोज की तरह शनिवार को भी वह मॉर्निंग वॉक पर निकली थीं। इसी दौरान बाइक सवार नकाबपोश दो लुटेरे पीछे से आए और चेन लूटकर भाग निकले इस दौरान शिक्षिका छीना झपटी में जमीन पर गिर गईं और घायल हो गईं। चीख पुकार सुन मोहल्ले के लोग दौड़े लेकिन तब तक बाइक सवार लुटेरे तमंचा लहराते हुए भाग निकले। डरी सहमी घायल शिक्षिका को वहां के लोगों ने घर पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि उनके बेटे लखनऊ में वरिष्ठ पत्रकार हैं। मौके पर डीसीपी विजय ढुल एडीसीपी विजेंद्र, एसीपी अभिषेक पांडे सहित तीन थानों का फोर्स पहुंचा और जांच पड़ताल की, आसपास लगे कैमरे खगाले जा रहे हैं सीसीटीवी फुटेज में दो बाइक सवार लुटेरे लूट की घटना को अंजाम देकर भागते हुए दिखाई दे रहे हैं जिसमें बाइक चालक लुटेरा हेलमेट पहने हुए हैं वहीं पीछे बैठा हुआ दूसरा लुटेरा मुंह में गमछा बांधे हुए है लुटेरों ने बिना नंबर प्लेट की गाड़ी लूट में प्रयोग की है सिर्फ सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों की पहचान करना पुलिस के लिए टेढ़ी खीर है। वहीं पुलिस ने लुटेरों को पकड़ने के लिए टीमे लगा दी हैं। सुषमा त्रिपाठी ने बताया कि उनके दो बेटे हैं जिनका नाम ऋषभ और रितिक है एक मेडिकल स्टोर चलता है और दूसरा लखनऊ में वरिष्ठ पत्रकार है लूट होने के बाद वह बदहवास हो गई लोगों ने घर से बेटे को बुलाया तो बेटे ने पुलिस को सूचना दी वहीं इस घटना से क्षेत्रीय लोगों में दहशत का माहौल है।

# सम्मेलन करके भाजपाई जन-जन तक पहुंचाएंगे पीएम मोदी की नीतियां

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

लोकसभा चुनाव में जातीय एवं सामाजिक समीकरण साधने के लिए भाजपा लोकसभा स्तर पर 28 अप्रैल को सामाजिक वर्ग सम्मेलन एवं 30अप्रैल को अनुसूचित वर्ग सम्मेलन करेगी। पार्टी लोकसभा चुनाव से पूर्व सभी जातियों के बीच संतुलन ठीक करना चाहती है। पार्टी समाज के विभिन्न जाति ,वर्ग तक अपनी सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को पहुंचाने के उद्देश्य से सामाजिक वर्ग सम्मेलन कर रही है। भाजपा ने मंडल और वार्ड स्तर पर सामाजिक संपर्क के लिए विभिन्न वर्गों की टोलियां तैयार की है जिसमें प्रत्येक वार्ड में संपर्क के खातिर सामाजिक समीकरण के हिसाब से विभिन्न वर्गों की अलग अलग दस टोलियां बनाई गई हैं। प्रत्येक टोली में किसी एक समाज के ही 6 कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। ये 6 सदस्यीय टोली चुनाव के अंतिम दिन तक प्रतिदिन घर घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताएगी। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में जिस क्षेत्र में जिस वर्ग की अधिक भागीदारी है वहां उसी समाज की टोली को भेजा जा रहा है व प्रदेश और क्षेत्रीय संगठन को प्रतिदिन संपर्क अभियान की रिपोर्ट भेजी जा रही है। सामाजिक वर्ग सम्मेलन के लिए पिछड़ा मोर्चा एवं अनुसूचित वर्ग सम्मेलन के लिए अनुसूचित मोर्चा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा उत्तर -दक्षिण जिलाध्यक्ष दीपू पांडे एवं शिवराम सिंह ने अपने अपने जिला कार्यालय बैठक कर सामाजिक वर्ग सम्मेलन एवं अनुसूचित सम्मेलन की तैयारी को अंतिम रूप दिया।मनीष त्रिपाठी ने बताया कि 28 अप्रैल को श्याम नगर स्थित परिणय गेस्ट हाउस में सायं 4 बजे कानपुर लोकसभा का सामाजिक वर्ग सम्मेलन होगा। हमीरपुर से विधायक मनोज प्रजापति मुख्य अतिथि के रूप में सम्मेलन को संबोधित करेंगे । इसी तरह अनुसूचित वर्ग सम्मेलन 30 अप्रैल को अंध मूक विद्यालय जवाहर नगर में होगा। जिसमें प्रदेश सरकार के समाज कल्याण एवं अनुसूचित जाति,जनजाति मंत्री असीम अरुण मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इन सम्मेलनों का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों तक मोदी सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को पहुंचना है।

## विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। ओंकारेश्वर सरस्वती विधा निकेतन इण्टर कालेज, के प्राथमिक विभाग के वार्षिक क्रीड़ा पुरस्कार वितरण समारोह में मुख अतिथि डायरेक्टर रोटरी क्लब ऑफ इण्डस्ट्रियल रितु लाई ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया। उन्होने कहा कि जो निरन्तर श्रम करेगा वही जीवन में सफलता प्राप्त करेगा। इस समय अवसरों की उपलब्धता में किसी भी प्रकार का भेदभाव नही है। अपनी रूचि के अनुसार आप कार्य का चुनाव करने के लिए स्वतंत्र है। आवश्यकता है तो कठिन श्रम के साथ खेल भी अत्यन्त आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि जया त्रिवेदी ने कहा कि व्यक्ति को जीवन में सफलता स्वयं के परिश्रम एवं माता पिता व शिक्षकों के सहयोग से मिलती है। संरक्षक डा. अंगद सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट दिया तथा डा. पूजा अवस्थी ने स्वागत किया व प्रधानाचार्य राम मिलन सिंह ने परिचयर कराया। इस अवसर पर डा. नीरजा अग्निहोत्री, डा. ममता तिवारी, आरके सिंह, सुशील शुक्ला, पूनम दीक्षित, निधि गुप्ता, रूपाली बैनर्जी, विनोद दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। सजारी स्थित आर के आर पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने देश में हो रहे लोकतंत्र के चुनाव समर को लेकर मतदाता जागरूक रैली निकालते हुए सभी लोगों से मतदान करने की अपील की।विद्यालय प्रबंधक अजय रॉय ने बताया कि इस लोकतंत्र के पर्व पर हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि मतदान के दिन हम सभी अपने घरों से निकलकर अपने मतस्थल पर जाकर अपने मतदान का प्रयोग करते हुए इस अवसर पर अपनी हिस्सेदारी निभाएं।

### रोजगार मेले में 210 छात्र-छात्राओं का हुआ चयन



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल एवं श्री कल्याण सिंह डिग्री कॉलेज तिर्वा के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी लगभग 400 छात्र -छात्राओं मे से 210 छात्र छात्राएं चयनित किए गए। इस मेले का शुभारंभ सीएसजेएम यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. प्रभात द्विवेदी एवं कॉलेज के प्रबंधक इंजीनियर प्रतीक सिंह एवं प्राचार्य शशिकांत द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर डॉ.प्रभात द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने का उद्देश्य केवल डिग्री लेना नहीं बल्कि जीविकोपार्जन के लिए रोजगार प्राप्त करना भी होता है विद्या विनय देती है विनय से पात्रता आती है और पात्रता से अर्थ की प्राप्त होती है जिससे सभी विद्यार्थी न सिर्फ अपना बल्कि संपूर्ण समाज का भविष्य उज्जवल करते है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर सुनील द्विवेदी ने कंपनियों के जॉब की प्रकृति और उनके होने वाले लाभ के बारे में बताया एवं सभी बच्चों को साक्षात्कार पास करने के टिप्स दिए। इस कार्यक्रम में डिक्शन जस्ट डायल एक्सिस बैंक रिलायंस म्युचुअल फंड अगस्त्य इन्फोटेक सॉल्यूशंस पेटीएम फ्लिपकार्ट स्कोप लाइफ सहित 7 कंपनियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अभिषेक सिंह राठौर, सुनील द्विवेदी, सुधीर यादव, अपराजिता सिंह, मयंक राठौर एवं श्री कल्याण सिंह डिग्री कॉलेज के सभी अध्यापक अध्यापिकाओं एवं स्टाफ मौजूद रहा।

# दिव्यांगों को ट्रैफिक वार्डन पद पर बहाल करने के लिए सीएम को लिखा पत्र

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर के दिव्यांग ट्राफिक वार्डेन नौकरी के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। निवर्तमान क्षेत्राधिकारी (यातायात) राकेश कुमार नायक ने पहल करके दिव्यांगजनों को ट्राफिक वार्डेन बनाया था। कानपुर में 500 दिव्यांगजन चौराहों पर यातायात नियंत्रण के लिए तैनात किये गये थे। जिनको 2000/- रूपया मासिक वेतन मिल रहा था। क्षेत्राधिकारी (यातायात) राकेश कुमार नायक के कानपुर से जाने के बाद दिव्यांग ट्राफिक वार्डनों को चौराहों से उनकी सेवायें समाप्त कर दी गईं। तब से लगातार दिव्यांग नौकरी की आस में दर-दर भटक रहे हैं।

ज्ञात हो कि राकेश कुमार नायक ने विकलांग एसोसिएशन के सहयोग से 500 दिव्यांगजनों को रोजगार दिया था। इस सम्बन्ध में विकलांग एसोसिएशन के अध्यक्ष बराबर शासन व जिला प्रशासन से दिव्यांग ट्राफिक वार्डनों को नौकरी पर रखने के लिए पत्राचार कर रहे हैं लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। इस सम्बन्ध में कल पुलिस कमिश्नर, कानपुर नगर को पत्र भेजकर दिव्यांग ट्राफिक वार्डनों को नौकरी पर रखने का अनुरोध किया है। वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि निवर्तमान मुख्यमंत्री ने 08 सितम्बर 2013 को पत्रांक सं0 डी0जी0-8-93(1)/ 2013 के तहत दिव्यांग व्यक्तियों के सहयोग से यातायात संचालन की रिपोर्ट मांगी थी। जिस पर तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कानपुर नगर के द्वारा सरकारी स्तर पर दिव्यांग ट्राफिक वार्डनों को वेतन आदि सुविधायें दिलाने के लिए प्रयास किया गया था। लेकिन शासन स्तर पर कोई निर्देश प्राप्त नहीं हो सका।

वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि यदि दिव्यांगजनों को अवसर मिले तो वो हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। यातायात कन्ट्रोल करना कठिन काम होता है दिव्यांगजनों ने सफलतापूर्वक चौराहों पर अपनी सेवायें देकर अपनी उपयोगिता सिद्ध की है। उन्होंने पुनः पुलिस कमिश्नर, कानपुर नगर व मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर दिव्यांग ट्राफिक वार्डनों की सेवायें बहाल करने की अपील की है।

# डॉक्टर भी जनता को मतदान के लिए करेंगे प्रेरित

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर





आई एम ए शाखा कानपुर द्वारा लोकसभा चुनवों के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, जिसे आई एम ए कानपुर की अध्यक्षा डा. नंदिनी रस्तोगी, सचिव डा. कुणाल सहाय, डा. पललवी चौरसिया, उपाध्यक्ष डा.दीपक श्रीवास्तव तथा डा.शालिनी मोहन व डा.बृजेंद्र शुक्ला द्वारा सम्बोधित किया गया। वार्ता में आईएमए के सभी सदस्यों ने क्लीनिकों में आने वाले रोगियो उनके परिजनों और परिचितों को 13 मई को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने की बात की है। अध्यक्ष डा. नंदिनी रस्तोगी ने कहा कि मतदान दिवस को छुट्टी का दिन नही माना जाना चाहिये, यह दिन सबसे बड़ी जिम्मेदारी का होता है। लोग खुद वोट डाले और अपने परिचितों को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित करें। डा. कुनाल सहाय ने कहा कि आईएमए के सभी सदस्यों को सत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया है साथ ही आईएमए ने पोस्टर भी सदस्यों को भेजे हैं जो कि सदस्यों के अस्पतालों और क्लीनिको पर लगाए गए हैं तथा सभी चिकित्सक अपने यहां आने वाले मरीजो को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

# सड़क हादसे में तीन की मौत, दो घायल



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर में शनिवार को थाना बिधनू क्षेत्र में घटित हुए भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है और दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कानपुर पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए बताया है कि 27 अप्रैल को 16:30 बजे एक कार स्विफ्ट डिजायर जो की जहानाबाद से घाटमपुर होते हुए कानपुर जा रही थी तथा नौबस्ता से घाटमपुर की तरफ जा रहा डमफर जिसका नंबर up 32 qn 9680 कानपुर सागर हाईवे माधव बाग के पास अंतर्गत थाना बिधनू के पास कार चालक पंकज ने ओवरटेक करने का प्रयास किया जिससे कार ट्रक के सामने आ गई और एक्सीडेंट हो गया जिसमे. पंकज वर्मा पुत्र छत्रपाल वर्मा उम्र 34 वर्ष निवासी डिगरूआ फतेहपुर थाना फतेहपुर हाशिम पुत्र हबीब निवासी जहानाबाद थाना जहानाबाद उम्र 52 वर्ष अमन पुत्र मोहम्मद हाशिम उम्र 20 वर्ष निवासी जहानाबाद थाना जहानाबाद. हबीब पुत्र स्वर्गीय रमजानी निवासी जहानाबाद थाना जहानाबाद उम्र 85 वर्ष हुशनारा पत्नी हाशिम उम्र 45 वर्ष निवासी जहानाबाद थाना जहानाबाद पांच लोग सवार थे जिसमें सभी लोगों को गंभीर चोटें आई थी सभी को इलाज के लिए सीएचसी बिधनू लाया गया था जहां पर पंकज वर्मा, हुशनारा, हबीब को चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया तथा अमन और हाशिम को इलाज के लिए कानपुर नगर हैलेट रेफर कर दिया गया।

# गेहूं खरीद, गोवंशों की व्यवस्था एवं निर्वाचन को लेकर डीएम ने की बैठक

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

शनिवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में जिलाधिकारी निशा अनंत ने समस्त उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों, राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों के साथ गेहूं खरीद,गौशाला में गोवंशों की व्यवस्था तथा लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक किया। सबसे पहले डीएम ने गेहूं खरीद की स्थिति की समीक्षा किया। जिसमें निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अब मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से किसानों के घर जाकर गेहूं खरीदने की व्यवस्था की गई है। जिसके लिए आवश्यक है कि लगभग एक ट्रक लोडिंग तक गेहूं की उपलब्धता होने पर संबंधित नजदीकी क्रय केंद्र पर संपर्क कर किसान घर बैठे अपना गेहूं बेच सकते हैं। इसके लिए उन्हें कहीं जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने सभी लेखपालों व राजस्व



निरीक्षकों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए प्रेरित करें।जिससे उनको उचित मूल्य मिल सके। और विभाग का लक्ष्य भी पूरा हो सके। इसके बाद उन्होंने गौशालाओं में गोवंशों की व्यवस्था पर चर्चा किया। जिसमें उन्होंने गर्मी के दृष्टिगत सभी गौशालाओं में पर्याप्त छांव व पीने के लिए स्वच्छ व शीतल पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।तथा टीन शेड के ऊपर पराली आदि डलवाने का निर्देश दिया। वर्तमान में गेहूं की फसल की कटाई चल रही है इसके दृष्टिगत गौशालाओं में भूसा दान करने हेतु किसानो को प्रेरित करने को कहा। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने निर्वाचन की समीक्षा किया। जिसमें उन्होंने कहा कि सभी लेखपाल अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर लें। जहां पर बिजली, पानी, रैम्प, फर्नीचर, छांव आदि की व्यवस्था उपलब्ध न हो वहां मतदान से पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। निर्वाचन आयोग से नियुक्त प्रेक्षक द्वारा इसका निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 19 मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी।

जो उसी दिन मतदान केंद्र पर पहुंच जाएंगी।उनके ठहरने की व्यवस्था देख लें। जिससे उन्हें ठहरने में कोई परेशानी ना हो।वेब कास्टिंग के लिए जनपद के 50त्न बूथों पर कैमरे लगाए जाएंगे।उनकी सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कर ले। मतदान के दिन कुछ चिन्हित बूथों को मॉडल बूथ बनाया जाएगा मगर उसके साथ ही सभी बूथों पर शेड व पीने के पानी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कर ली जाए। जिससे गर्मी में कोई समस्या ना हो। जिन मतदान केंद्रों पर लंबी लाइन लगती हैं वहां हर पांचवें व्यक्ति पर एक कुर्सी की व्यवस्था की जाए। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। जिसके क्रम में उन्होंने सभी ग्रामों में बुलावा टोली का गठन कर लोगों को मतदान के दिन वोट करने के लिए बुलावा टोली के माध्यम से बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि जिन बूथों पर मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी होगी वहां के लेखपाल को सम्मानित भी किया जाएगा। डीएम ने कहा कि हमें निष्पक्ष चुनाव कराना है। आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में मतदान को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखें।बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता,अपर दिनेश कुमार मिश्रा, मोहम्मद असलम, प्रतीक्षा पांडे, अमित सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## आयुर्वेदिक औषधियों की भ्रामक लेबलिग पर आयुष मंत्रालय द्वारा जारी की गई एडवाइजरी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** आयुष मंत्रालय की सक्रियता से कई नामी कम्पनियों की नकली, मिलावटी, घातक रसायन से बनी आयुर्वेदिक औषधियों के जाँच मे पकड़े जाने पर आयुष मंत्रालय ने औषधि निर्माता कम्पनियो पर कार्यवाही करना शुरू कर दिया है। बहुत सी कम्पनियां अपनी औषधियों को बेचने के लिए कोई 'साइड इफेक्ट नहीं' 'गारण्टी के साथ इलाज' जैसे शब्द प्रचारित करती है। जो कि जांच में सही नही पायी जाती। ऐसी कम्पनियों पर कार्यवाही करने की तैयारी होगी। इस आशय का एक पत्र क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी रायबरेली डा0 रवि प्रकाश सोनकर ने आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी के क्रम में कहा है कि आयुर्वेदिक औषधि निर्माताओं को ड्रग एण्ड कास्मेटिक रेमडीज एक्ट 1954 उपभोक्ता संरक्षण एक्ट 2019, दॉ केबल टेलीविजन नेटवर्क एक्ट 1995, दॉ सिम्बल एण्ड नेम एक्ट 1950 के तहत निर्देश दिया जाता है कि औषधियों पर लेबलिंग व औषधियों का प्रचार प्रसार उक्त अधिनियम के तहत ही करें। अगर किसी औषधि निर्माता भ्रामक प्रचार-प्रसार व लेबलिंग करता है तो उस पर विधिक कार्यवाही होगी।

## स्वामी सत्यमित्रानंद संस्कारशाला शुभारम्भ के साथ सावित्री देवी सरयू प्रसाद बाजपेयी पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह संपन्न




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

स्वामी सत्यमित्रानंद संस्कार शाला का शुभारम्भ और सावित्री देवी सरयू प्रसाद बाजपेयी पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि श्रीनिवास शुक्ल संरक्षक प्रधानाचार्य परिषद थे और अध्यक्षता मुरलीधर बाजपेयी (अधिवक्ता मा. उच्च न्यायलय लखनऊ बेंच की। सत्य मित्रानंद महाविद्यालय के प्रबंधक राजेन्द्र कुमार बाजपेयी के संयोजन में आयोजित समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ0 आदर्श शुक्ल, रविंद्र त्रिपाठी, डॉ0 विरेंद्र त्रिपाठी इंजी0अखिलेश्वर नाथ सिंह उपस्थित थे। समारोह का डॉ0 संतलाल ने किया। अपने स्वागत भाषण में प्रबंधक राजेन्द्र कुमार बाजपेयी ने कहा- शिक्षा के साथ-2 विद्यार्थियों मे संस्कार होना आवश्यक है। इस नाते मेरे मन में संस्कार शाला चलाने की बात आई है। मुख्य अतिथि - श्री निवास शुक्ल ने अपने सम्बोधन में कहा कि पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव से भारतीय संस्कार कमजोर पड़ रहे है।

अध्यक्ष - मुरलीधर बाजपेयी ने समाज में वृद्धाश्रमों की संख्या पर चिंता व्यक्त की और कहा हम संस्कारों के द्वारा ही भारतीय संस्कृति की रक्षा कर सकते है। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों का सम्मान प्रतीक चिन्ह और शॉल देकर किया गया छात्रों ने गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत करके समा बांध दिया। डॉ0 रबि -प्रताप सिंह, भगवान कुमार अवस्थी, वी वी अवस्थी आदि ने समारोह को सम्बोधित किया। कार्यक्रम को प्रधानाध्यापक सुनील कुमार श्रीवास्तव ने भी विद्यार्थियों को सम्बोधित किया।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सन्तोष मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विजयशंकर अग्निहोत्री, श्रीधर सिंह, डॉ. अतुल कुमार बाजपेयी, विवेक बाजपेयी, राहुल पाल, अमर कुमार शर्मा, कविता अवस्थी, प्रीति सिंह, प्रिया गौड़, वंदना श्रीवास्तव, डॉ. प्रिया मिश्रा जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा हराओ देश बचाओ का भाकपा (माले) का गांव से शहर तक चल रहा अभियान

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

माकपा (माले) का भाजपा हराओ देश बचाओ अभियान गांव से शहर तक चल रहा है। माले के कार्यकर्ता भाजपा को चुनाव में शिकस्त देने की अपील वितरित कर रहे है।

आज शहर में मलिक मऊ से लेकर कैपरगंज होते हुए कहारो के अड्डे तक सघन अभियान चला कर लोगो में पर्चा वितरित किया गया और देश की आजादी, लोकतंत्र और संविधान की हिफाजत के लिए भाजपा के विरुद्ध आगामी चुनाव में मतदान करने का आह्वान किया गया।

भाकपा(माले) राज्य कमेटी सदस्य कामरेड विजय विद्रोही ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश के संबौधनिक ढांचे को तहस नहस कर दिया है। देश मानोगत ढंग से चलाया जा रहा है और अपने लोकतंत्र विरोधी, जनविरोधी कृत्यों को बातो की मुलम्मेबाजी से सही ठहराने के लिए लोकप्रियतावाद का सहारा लिया जा



रहा है। एक ओर देश की सार्वजनिक संपत्तियों की तबाही, बर्बादी और उनकी बिक्री के नाम पर देश की आंखों में धूल झोंककर उनका याराना हस्तांतरण तथा दूसरी ओर बढ़ती गरीबी, सिमटते रोजगार के अवसर, घटता वेतन, सरकारी क्षेत्र में नौकरियों पर रोक और चारों तरफ कंपनी राज के तहत आउट सोर्सिंग और ठेका प्रथा के जरिए श्रम की लूट का इतना बेहयाई पूर्ण समय इतिहास में कभी नही रहा।

श्रम कानूनों का खात्मा, संविधान में मौलिक अधिकारों को सीमित करने के लिए मनचाहे संशोधन और अभिव्यक्ति की आजादी को खत्म करने के सुविचारित उपाय, देश के नागरिकों में विभेद आने वाले भयानक समय की बानगी भर हैं ।

महिलाएं, मजदूर, किसान, नौजवान, आदिवासी अल्पसंख्यक इनके सर्वाधिक निशाने पर हैं। इसलिए आज इन्हे सत्ता से बेदखल करना समय की ऐतिहासिक मांग है।

भाकपा(माले) गांव गली, शहर भाजपा सरकार के जनविरोधी कार्यो को बेनकाब करते हुए इसे आगामी चुनाव में दंडित करने के लिए जनता की अदालत में फरियाद कर रही है।

कामरेड विद्रोही ने कहा कि जनता इस चुनाव में निश्चय इस मुल्क के भाग्य का फैसला करते हुए आजादी, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करेगी तथा विभाजनकारी, जनविरोधी भाजपा को करारा सबक देते हुए सत्ता से बेदखल करेगी।

## अवध विवि के विद्यार्थी वेबसाइट डेवलपमेंट से परिचित हुए

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के बीटेक व एमसीए के छात्रों के लिए फुल स्टैक वेब डेवलपमेंट व एडवांस 3-डी मॉडलिंग पर विषय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुक्रवार को लखनऊ की कंपनी कैड डेस्क के मुख्य विशेषज्ञ अमित श्रीवास्तव ने पायथन फुल स्टैक व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तकनीकी पक्षों से परिचित कराया। उन्होंने छात्रों को वेबसाइट डेवलपमेंट की भी उपयोगी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में अन्य विशेषज्ञ एसपी प्रसाद ने 3-डी मॉडलिंग सॉफ्टवेयर पर चर्चा करते हुए एनीमेशन व डिजाइनिंग के विभिन्न टूल्स के बारे बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो. राजीव गौड़ व विशेषज्ञों ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

# बूथ को मजबूत कर रामनगरी में फिर कमल खिलेगा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

भाजपा द्वारा आयोजित बीकापुर विधान सभा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में योगी सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह पटेल ने कहा कि हम सभी ने सपा शासन को देखा है। 2017 से पहले टीका लगाकर कोई ऑफिस जाता था तो उसका काम नहीं हो सकता था। पांच बजे के बाद में लड़कियां निकल नहीं सकती थी। दलितों शोषितों का अपमान होता था। बाबा साहब की जयंती नहीं मना सकते थे। राम बारात नहीं निकाल सकते थे। कांवड़ यात्रा नहीं निकाल सकते थे। लेकिन नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के आने के बाद अंबेडकर जी के पांच स्थलों को पंच तीर्थ में विकसित किया गया। कांवड़ यात्रा पर सरकारी हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाती है। रात में कोई भी दलित बालिका पूरे गहने पहन कर अयोध्या से हरिद्वार जा सकती है। किसी की हिम्मत नहीं है कि उसे रोक सके। उन्होंने कहा कि विश्वास कीजिए मोदी और योगी जैसे नेता



कभी-कभी आते हैं।

उन्होंने कहा कि पहले भारत में कई स्थान थे जहां भारत माता की जय, वंदे मातरम नहीं बोल पाते थे। पार्टी कार्यकताओं के संघर्ष के बदौलत सरकार बनी है। तो कश्मीर के लाल चौक पर भारत माता की जय का नारा तथा तिरंगा लहरा रहा है। अब अयोध्या से पर्यटक श्रीनगर तथा श्रीनगर से अयोध्या पर्यटक घूमने आता है। जहां शांति है वहीं समृद्धि है। आज लोग दिल्ली से चलते हैं अयोध्या तक फोर लेन की सड़कें मिलती है। इन्हीं परिवर्तन के लिए भाजपा का कार्यकर्ता संघर्ष करता है। हम आने वाली पीढ़ियों के भविष्य लिए काम कर रहे हैं। अयोध्या देश विदेश से लोग आ रहे हैं इसलिए यह चुनाव आपकी हमारी प्रतिष्ठा का सवाल है। कार्यकर्ता गांव, मोहल्ले में जाकर बुर्जुगों का पैर कमल के फूल के लिए छुएं। राजनीति भाजपा के लिए गरीबों की सेवा है।

उन्होनें कहा कि आज भी गुण्डे, शूटर मरे नहीं हैं। घर में छुपे बैठे हैं। आतंकवादी समाप्त नही हुए हैं। केवल मोदी जी के जाने का इंतजार कर रहे हैं। लाल चौक से तिरंगा उतर जाएगा। भारत माता की जय बोलना बंद हो जाएगा। दिल्ली की कुर्सी पर एक ईमानदार राष्ट्रभक्त बैठा है इसलिए आतंकवाद छिपा बैठा है।

उन्होंने बूथ अध्यक्षों से पूछा कि कितने लोगों ने कमल के फूल के लिए सभी के दरवाजा की कुण्डी खटखटाते है। पं दीनदयाल उपाध्याय ने हजारों कुण्डी खटखटाई होगी। पहले जब कोई सेठ महाजन इन्हें बैठा लेता था, भोजन करवा देते थे तो कांग्रेसी उनकी बिजली कटवा देते थे। कोल्ड स्टोर में उनके आलू सड़ जाते थे। फिर भी वह सेठ झुकता नही था। कितनी कठिन परिस्थितियों में यहां तक पार्टी पहुंची। 2 सीटें से आज की स्थिति देखें। आज पं दीन दयाल उपाध्याय व अटल बिहारी बाजपेई का सपना साकार हो रहा है। भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने कहा कि यह चुनाव कोई आम चुनाव नही है। यह चुनाव देश के निर्माण का चुनाव है। देश का स्थान दुनिया में स्थापित हो रहा है, इसका चुनाव है। मोदी सरकार बनने के बाद पूरा देश जो चाहता था वह कार्य किए गए।

धारा 370 हटाई गई। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसलिए यह चुनाव अयोध्या के लिए महत्वपूर्ण है।

# जिला अधिकारी ने बाढ़ निगरानी कमेटी के साथ की बैठक

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ से निपटने हेतु गठित स्टेयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कटान स्थलों का निरीक्षण कराए जा रहे कार्यों का ब्योरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिया गया। सभी बन्धों का 10 मई से पूर्व निरीक्षण कर लें तथा इसमें रेनकट व रैटहोल वाले स्थानों को चिन्हित कर मरम्मत कार्य करायें।बाढ़ बचाव हेतु बोल्डर्स, बालू भरी बोरियां, जी0ओ0 बैग्स, अन्य सामग्री व स्टाफ/ मजदूरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें।अति संवेदनशील तटबन्धों पर किए गए कार्यों का सत्यापन तथा निरीक्षण कार्य किया जाए। वर्षा अवधि में बाढ़ क्षेत्रों में सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें। तटबन्धों/बंधों के कटान एवं दरार आदि को रोकने के समुचित उपाय किए जाएं तथा जो निर्माण कार्य




कराये जा रहे हैं अथवा कराये जाने हैं उनमे गति लाते हुए बाढ़ से पूर्व पूर्ण करा लिया जाय।तहसील टाण्डा के ग्राम केवटला, मझाकला नदी में बाढ आने पर कटान होती है। स्थल निरीक्षण कराकर अग्रिम रोक धाम के प्रबन्ध किये जाए। तहसीलदार/ एस0डी0एम0 कंट्रोल रूम की स्थापना करके उसमें शिफ्टवार ड्यूटी की व्यवस्था सुनिश्चित कर ले।

बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों की डायरेक्टरी बनायी जाय।जिसमें उनके मोबाइल नम्बर आदि का ब्योरा एकत्रित किया जाए। बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने से पूर्व बाढ़ से सम्बंधित कार्य में लगे जनपद स्तर के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों, नाविकों के मोबाइल नम्बर तथा पते की डायरेक्टरी तैयार करे।स्थानीय स्तर पर उपलब्ध नावों का विवरण एकत्र करते हुए नाविकों व गोताखोरों को चिन्हित कर उनका ब्योरा जुटा लें। उनके मोबाइल नम्बर आदि की डायरेक्टरी तैयार कर लें।

तहसीलदार/उपजिलाधिकारी बाढ़ग्रस्त होने वाले ग्रामों के प्रभावित परिवारों की सूची बना लें। बीमार व अशक्त लोगों और 5 साल तक की आयु के बच्चों की सूची अलग से बनाएं। शासन से प्राप्त निर्देशों के उपरान्त खाद्यान्न (बाढ़ राहत सामग्री), डिगनिटी किट और पका भोजन आदि की तैयारी ई-टेण्डर के माध्यम से किया जाएगा। बाढ़ से उत्पन्न होने वाले विभिन्न बीमारियों से निपटने हेतु दवा की व्यवस्था हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया। बाढ़ के दौरान स्टाफ की ड्यूटी लगाने हेतु सूची तैयार कर उपलब्ध कराएं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पर्याप्त वांछित दवाईयों का चिन्हांकन कर समुचित स्टॉक की व्यवस्था सुनिश्चित करें।बाढ़ के दौरान सर्पदंश की घटनाएं बढ़ने के कारण वैक्सीन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। संक्रामक रोगों एवं महामारियों से बचाने के लिए आवश्यक प्रतिरोधात्मक (टीकाकरण) व्यवस्था एवं सघन चिकित्सीय व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

## नहर में मिला अज्ञात युवक का शव

**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर।** जनपद के कटका थाना क्षेत्र में 35 वर्षीय अज्ञात युवक का नहर में उतराता हुआ शव पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाल कर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। शनिवार सुबह कटका थाना क्षेत्र के महुलिया गांव के निकट नहर में एक लगभग 35 वर्षी युवक का शव तैरता हुआ ग्रामीणों को दिखाई पड़ा। गांव के बृजमोहन सिंह द्वारा सूचना पुलिस को दी गई। दलबल के साथ पहुंची कटका पुलिस ने युवक का शव नहर से बाहर निकाला और पहचान का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। मृतक पैंट और शर्ट पहना हुआ है उसके जेब में कोई कागजात नहीं मिला। शव को देखने से पता चलता है कि दो तीन दिन पहले इसकी मौत हो चुकी है।सूचना पर क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया बताया कि शव का पहचान नहीं हो पाई जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# दलितों के सांचे मे फिट नहीं बैठ रहा ब्राह्मण उम्मीदवार

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

बसपा ने फैजावाद संसदीस क्षेत्र से ब्राह्मण कार्ड खेलकर भाजपा को घेरने की जो रणनीति तैयार की है। वह फैजाबाद के बसपा मतदाताओं के सांचे मे फिट नहीं बैठ रही है। बसपा उम्मीदवार का ब्राह्मण जाति से होना, भाजपा से टिकट लेने की लालच में बसपा में शामिल होकर दावेदारी कर टिकट प्राप्त कर लेना व मण्डल के बाहर के जनपद का निवासी होने के कारण जनपद के बसपा वोटर उम्मीदवार को मन से स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं।

बसपा के मतदाताओं को अभी भी बहन जी पर भरोसा है कि हो सकता है बहन जी उनकी भावनाओं को समझ कर प्रत्याशी का चयन दोबारा कर लें।

बसपा के कोर वोटरों की सदा से पहली पसंद सजातीय उम्मीदवार रही है। इस बार के चुनाव में बसपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलकर भाजपा के गढ़ में सेंध मारने का प्रयास किया है। जो सफल होता नहीं दिखाई दे रहा है। बसपा के दलित वोटों का ध्रुवीकरण होता दिखाई दे रहा है। बसपा के कोर वोटर राम मंदिर के नाम पर या तो भाजपा के साथ हैं। या फिर जातीय मुद्दे को देखते हुए सपा को भी वोट कर सकते हैं।

फिलहाल तो अभी बसपा का कोर खामोश होकर यह आंकलन कर रहा है कि किसका पलड़ा भारी है। फिर भी बसपा को वोट कर दलित मतदाता अब अपने वोट का मूल्य गंवाना नही चाह रहा। चुनावी आंकड़ों को देखा जाय तो यहां 1957 से 2019 तक के लोकसभा चुनाव मे मात्र एक बार सन् 2004 मे सफलता प्राप्त की थी। उस समय मित्रसेन यादव ने चुनाव लड़ा था। मित्रसेन यादव को दलित व यादव वोटों का समर्थन था। जिसके बलबूते पर उन्होंने परचम लहराया था। इसके आलावा फैजाबाद संसदीय क्षेत्र मे कोई ऐसा प्रत्याशी मैदान मे नहीं आया जो कोई करिश्मा कर बसपा को विजय दिला सके।

जहां तक दलित वोटों की बात है तो भले ही दलित मतदाताओं के वोट का प्रतिशत जिले मे सबसे अधिक होने के बावजूद संगठित नहीं है। दलित वोटर भाजपा व सपा मे बंटे हैं। ऐसे में बचे खुचे वोटों के बल पर रामनगरी मे लोक सभा जीतना आसान नहीं हैं। फिर भी बसपा प्रत्याशी को अपनी जीत पर पूरा भरोसा है। उनका कहना है कि ब्राह्मण वोट भी उनके साथ है। बसपा कितनी सफल होगी यह तो ईवीएम से निकले आंकड़े ही बता पाएंगे।

# जनपद में बिना रजिस्ट्रेशन धड़ल्ले से चल रहे अस्पताल

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

जनपद में झोलाछाप और अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई के नाम वसूली करने का खेल स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से चल रहा है।

शायद यही कारण है कि जनपद में निजी अस्पतालों और झोलाछाप चिकित्सकों पर कार्रवाई की खानापूर्ति करने के बाद मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। वहीं पिछले दिनों जन एक्सप्रेस ने एक बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे सेवा डेंटल क्लिनिक का खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया जिसपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बहुत ज्यादा गंभीरता नहीं दिखाई और क्लीनिक कों सिर्फ कारण बताओ नोटिस जारी करके मामले को इतिश्री कर दिया

निजी अस्पताल संचालक तथा

**✻ स्वास्थ्य महकमा: कार्रवाई के नाम पर करता है वसूली**

झोलाछाप डाक्टर मरीजों का जमकर शोषण करते हैं। वर्तमान में भ्रष्टाचार को जन्म देने वाले ऐसे कई अधिकारी तथा बाबू विभाग में दीमक का काम कर रहे हैं।सूबे में निजाम बदलने के बाद शासन की सख्ती पर जिला प्रशासन ने अवैध निजी नर्सिंग होम, अस्पताल तथा क्लीनिकों पर कार्रवाई शुरू की। अवैध अस्पतालों के संचालन पर पूर्णतया- रोक लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को सख्त निर्देश दिए गए। इसके नोडल अधिकारी द्वारा कार्रवाई के नाम पर खाना पूर्ति की गई। कुछ मामलों की शिकायत पहुंचने के पश्चात अस्पताल की जांच की गई। कार्यवाही न होने पर लोगों मे चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों द्वारा कहा जाता है की जांच केवल खानापूर्ति के लिए ही विभाग द्वारा की जाती है और थोड़े दिन बाद ही मामला ठंडे बस्ते में डाल उनसे वसूली शुरू कर दी जाती है। नोडल अधिकारी द्वारा वसूली का क्रम जारी कर दिया गया है। जहां एक तरफ शासन और जिला प्रशासन पूर्ण रुप से अवैध अस्पतालों और झोलाछाप चिकित्सकों पर अंकुश लगाने को लेकर गंभीर है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कार्रवाई की आड़ में वसूली करने के साथ निर्देश का खुलेआम धज्जी उड़ाने में लगे हुए है। जिले के कई ऐसे निजी अस्पताल और झोलाछाप चिकित्सक जिनके खिलाफ कार्रवाई होने के बावजूद भी उनका रोजगार धड़ल्ले से जारी है।

## मंहत गयादास के अगुवाई में 84 कोसी परिक्रमार्थियों का जत्था महादेवा घाट पहुंचा

**जन एक्सप्रेस/गोसाईगंज-अयोध्या।** चौरासी कोसी परिक्रमार्थी साधु-संतों का दूसरा जत्था श्रृंगी ऋषि से चलकर महबूबगंज, भिटौरा, बंदनपुर, पुरैनी, रामगंज होता हुआ जयश्री राम के जयघोष के बीच तमसातट महादेवा घाट पर पहुंचा। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने साधु संतों का स्वागत किया गया। महादेवाघाट पहुंचने पर समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा महात्माओं का स्वावत कल्लू कसौधन, गप्पू बर्नवाल, अशोक गुप्ता, पल्लू बरनवाल, संजय गुप्ता, हनुमान कसौधन, कन्हैया कसौधन, गौरव कसौधन, सभासद रविन्द्र यादव, अवधेश स्वर्णकार, अनूपगुप्ता, सोमदीप योगा, व ने साधु-संतों का स्वागत फूलमालाओं से किया। शनिवार 27 अप्रैल को महंत गया दास के नेतृत्व में लगभग 800 साधु सुबह पहुंच गए। जो महादेवाघाट पर पूरे दिन प्रवचन, भजन और प्रसाद वितरण का दौर चलता रहा।

# 30 अप्रैल को होगी अवध विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा पीएचडी के 28 विषयों में 1498 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा देंगे

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में शनिवार को कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में पीएचडी प्रवेश परीक्षा को लेकर पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो0 फर्रूख जमाल व कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र ने केन्द्राध्यक्षों व पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। बैठक में प्रो0 जमाल ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में 30 अप्रैल को पॉच केन्द्रों पर कुल 28 विषयों की पीएचडी प्रवेश परीक्षा कराई जायेगी जिनमें 1498 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा की शुचिता एवं पवित्रता के लिए 8 पर्यवेक्षक तैनात किए गए है। बैठक में प्रो0 फर्रूख ने बताया कि परीक्षा प्रातः 10 बजे से




12 बजे तक होगी। परीक्षार्थियों को केन्द्र पर 9 बजे तक पहुॅचना अनिवार्य होगा। केन्द्र पर मोबाइल व इलेक्ट्रानिक्स गैजेट्स पूर्णत प्रतिबंधित रहेंगे। इस परीक्षा में परीक्षार्थियों को पीएचडी प्रवेश-पत्र के साथ एक आईडी प्रूफ व पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा। इसके बिना केन्द्र पर प्रवेश नही दिया जायेगा।विवि के कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तैयारियां पूरी की जा चुकी है। परिसर के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग, भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, गणित एवं सांख्यिकी विभाग, प्रचेता भवन व दीक्षा भवन के केन्द्र पर केन्द्राध्यक्षों के साथ पर्यवेक्षक तैनात कर दिए गए है। पारदर्शीपूर्ण परीक्षा के लिए अधिकारियों व अन्य सदस्यों द्वारा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जायेगा। उन्होंने सभी केन्द्राध्यक्षों व पर्यवेक्षकों से कहा कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा के दिशा-निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन करना होगा। बैठक में प्रो0 गंगाराम मिश्र, प्रो0 अनूप कुमार, डॉ0 पी0के0 द्विवेदी, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, डॉ0 अवध नरायण, डॉ0 अभिषेक कुमार सिंह, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ0 दिनेश सिंह, डॉ0 मनीष सिंह, इंजीनियर शोभित श्रीवास्तव, इंजीनियर नवीन पटेल, डॉ0 मोहन चन्द्र त्रिपाठी, रवि मालवीय सहित अन्य मौजूद रहे।

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 41°C | 24°C |
| कानपुर | 42°C | 24°C |
| देहरादून | 33°C | 22°C |
| नई दिल्ली | 38°C | 27°C |

# ईवीएम पर सवाल उठाने वाले वही लोग हैं जो कभी बैलेट लूटा करते थे : योगी

- सीएम ने ईवीएम और गोमांस मामले पर कांग्रेस और इंडी गठबंधन से पूछे तीखे सवाल
- बोले, ईवीएम पर दोषारोपण करके अपनी हार को पुख्ता कर रहा इंडी गठबंधन
- योगी ने पूछा, क्या अल्पसंख्यकों का खानपान शेष समुदाय से अलग है ?
- कांग्रेस मुस्लिमों को गोमांस खाने की छूट क्यों देना चाहती है: योगी
- गोमांस पर क्यों चुप हैं इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगी, क्या उनकी भी है सहमति: योगी

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईवीएम पर सवाल उठाने पर कांग्रेस ओर इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि ये वही लोग हैं जो बैलेट लूटने का काम करते थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पुख्ता हार को देख कांग्रेस के लोग ईवीएम पर दोषारोपण कर रहे हैं। सीएम योगी शनिवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने गोमांस मुद्दे पर भी कांग्रेस और इंडी गठबंधन को निशाने पर लिया। सीएम योगी ने पूछा कि वो अपने घोषणापत्र में लिख रहे हैं अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खान-पान का अधिकारी दिया जाएगा। आखिर अल्पसंख्यकों का ऐसा कौन सा खान-पान है जो शेष समुदाय से अलग है। मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगियों की चुप्पी पर भी सवाल उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने ईवीएम मुद्दे पर कहा है कि इंडी गठबंधन जब भी हार रहा होता है, तो अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर डालने का प्रयास करता है। 2014 से लगातार हम सब इस बात को सुन रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से पूछा कि गत वर्ष हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में क्या बैलेट पेपर से सरकार बनी थी, 2004 में यूपीए की सरकार और 2018 में राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की तथा दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार क्या बैलेट पेपर से बनी थी?

### कांग्रेस का न्याय पत्र, देश के लिए अन्याय पत्र

गोमांस के मुद्दे के परिदृष्य में आने के सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण के मतदान से पहले हमने विकास, सुरक्षा और गरीब कल्याण के मुद्दे को जनता के सामने रखा। इसी बीच कांग्रेस का घोषणा पत्र सामने आया। उन्होंने कहा कि इनका घोषणा पत्र देखकर यही कहा जा सकता है कि ये भले ही कांग्रेस का न्याय पत्र हो सकता है, मगर देश की एकता अखंडता और संप्रभुता के लिए अन्याय पत्र है। इस घोषणापत्र में ही उन्होंने इस बात का उल्लेख किया है कि अल्पसंख्यक समुदाय की रुचि के अनुसार खान-पान की स्वतंत्रता दी जाएगी।

### चुप क्यों हैं इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगी ?

सीएम योगी ने सवाल किया कि क्या अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों का खानपान शेष समुदाय से अलग है। ऐसा क्या है जो बहुसंख्यक समाज खाना पसंद नहीं करता। इस देश का हिन्दू गोमांस से पूरी तरह से परहेज करता है। गाय उसके लिए मां के समान है। कांग्रेस मुसलमानों को इसकी छूट देने का कुत्सित प्रयास कर रही है। यह कोई भी स्वीकार नहीं करेगा। योगी ने इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगियों से भी सवाल किया है कि कांग्रेस के घोषणा पत्र से क्या इनके गठबंधन के लोग सहमत हैं? उनका मौन बताता है कि वे साथ हैं और अगर साथ नहीं हैं तो सहयोगी दिलों को सफाई देनी चाहिए।

### क्या तीन तलाक की कुप्रथा को दोबारा लागू करेगी कांग्रेस ?

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को उनके व्यक्तिगत कानून का अधिकार देने की बात करती है। तो क्या तीन तलाक की कुप्रथा, जिसे मोदी जी की सरकार ने समाप्त किया है उसे दोबारा लागू किया जाएगा? क्या कांग्रेस शरिया कानून लागू करके देश का तालीबानीकरण करना चाहती है? सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र देश के साथ धोखा है। देश की जनता को अगले पांच चरणों के चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखते हुए अपना निर्णय करना चाहिए। ये हमारी आस्था के साथ धोखा है, कोई भी इसे स्वीकार नहीं करेगा।

### ये लोग अपनी हार को पुख्ता कर रहे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग ईवीएम को नकार रहे हैं ये वही हैं जो बैलेट बॉक्स लूटने का काम करते थे। अगर आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव की सुचिता को सुनिश्चित किया है तो ये लोग अपना गुस्सा ईवीएम पर फोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले दो चरणों के चुनाव के रुझान ने स्पष्ट कर दिया है कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनने जा रही है। देश ने तय कर लिया है कि अबकी बार 400 पार का जनादेश एनडीए को देने जा रही है। जब एनडीए भाजपा के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है तो खीझ मिटाने के लिए इंडी गठबंधन के लोग ईवीएम को निशाना बना रहे हैं। ये लोग अपनी हार को पुख्ता कर रहे हैं और दोषारोपण के लिए ईवीएम सबसे सस्ता औजार है।

## बेनामी संपत्ति मामले में एलडीए वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी को हाईकोर्ट से राहत

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

बेनामी संपत्ति के आरोप के एक मामले में लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी की सास मीरा पाण्डेय को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उनके खिलाफ बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम (पीबीपीटी एक्ट) के तहत आयकर विभाग द्वारा जारी नोटिस व संपत्ति के अस्थायी अटैचमेंट के आदेश को खारिज कर दिया है। इस नोटिस में संपत्ति का लाभार्थी इंद्रमणि त्रिपाठी को बताया गया था। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने मीरा पाण्डेय की याचिका पर यह आदेश दिया। लखनऊ के सृजन विहार की एक संपत्ति को आयकर विभाग की ओर से एक कंस्टरक्शन कंपनी के ठेकेदार कृष्ण कुमार दुबे का हवाला दिया गया था कि इस संपत्ति के मालिक इंद्रमणि त्रिपाठी हैं, इस मामले में न्यायालय ने दोनों पक्ष की दलील सुनी और अपने फैसले में कहा कि आयकर विभाग के पास ठेकेदार के बयान के अलावा कोई दस्तावेजी साक्ष्य नहीं है, इसलिए ये याचिका खारिज की जाती है।

## प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने जब्त की भारी मात्रा में अवैध शराब, नकदी

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 26 अप्रैल तक 32570 लाख की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3193.03 लाख रुपये नकद , 4481.92 लाख की शराब, 21577.08 लाख की ड्रग, 2161.59 लाख की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 26 अप्रैल को 90.05 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 3.30 लाख रुपये नकद धनराशि, 52.09 लाख रुपये कीमत की 16861.14 लीटर शराब, 34.66 लाख रुपये कीमत की 58660.92 ग्राम ड्रग जब्त की गयी।26 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में गाज़ीपुर की गाज़ीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 12.57 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 2150 लीटर शराब पकड़ी गयी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### छात्रों ने आंसरशीट पर लिखा जै श्रीराम प्रोफेसर खुश, दिये 60 परसेंट अंक

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के एक विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के छात्रों ने उत्तर पुस्तिका में जय श्री राम और क्रिकेटरों के नाम लिखकर परीक्षा दी, लेकिन फिर पकड़े गए। जौनपुर में राजकीय वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दो प्रोफेसरों को गाने और धार्मिक नारे लिखी उत्तर पुस्तिकाओं पर अंकों के बदले छात्रों से पैसे वसूलने के आरोप में निलंबित कर दिया गया।छात्र नेता दिव्यांशु सिंह ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल और कुलपति को भेजे पत्र में आरोप लगाया था कि विश्वविद्यालय के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से शून्य अंक पाने वाले छात्रों को भी 60 प्रतिशत से अधिक अंक देकर पास कर दिया गया। एक आरटीआई प्रतिक्रिया द्वारा उजागर की गई अनियमितताओं को विशेष बैंक प्रतियों के मूल्यांकन के दौरान पहचाना गया, जिसके परिणामस्वरूप पुनर्मूल्यांकन पर अंकों में महत्वपूर्ण भिन्नताएं हुईं। कुलपति वंदना सिंह ने कहा, एक आरोप था कि छात्रों को अधिक अंक दिए गए हैं इसलिए हमने एक समिति का गठन किया। समिति ने रिपोर्ट में कहा कि छात्रों को अधिक अंक दिए गए हैं। धार्मिक नारों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, जय श्री राम के उत्तर वाली कॉपी नहीं देखी है लेकिन एक कॉपी देखी है जिसमें मैं कुछ भी प्रासंगिक नहीं बता पाई जिसके आधार पर छात्र को कितने अंक दिए जा सकते हैं।लिखावट बहुत स्पष्ट नहीं थी।राजभवन ने विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र लिखकर मामले में कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। जवाब में हार्दिक पंड्या, विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे क्रिकेटरों का नाम भी लिखा है।बुधवार को परीक्षा समिति की बैठक में परीक्षक डॉ. विनय वर्मा और मनीष गुप्ता को निलंबित कर दिया गया।शिक्षकों को चेतावनी दी गई है ताकि दोबारा न हो।

## पोस्टमार्टम में नहीं खोला जाएगा सिर, स्कैनर से होगा काम, इसी तकनीक से हुआ राजू श्रीवास्तव का पोस्टमार्टम

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

केजीएमयू में ऐसी तैयारी चल रही है कि मोर्चरी में हर शव का सिर न खोलना पड़े। सिर पर चोट न होने पर महज स्कैनर से ही काम चल जाए। पोस्टमार्टम हाउस के नए भवन में इसकी प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी चल रही है। किसी भी असामान्य मौत के मामले में शव का पोस्टमार्टम कानूनी प्रक्रिया है। इसमें डॉक्टर पूरा शरीर खोलते हैं। सिर भी अलग कर मौत के कारणों की पड़ताल की जाती है। कई बार मौत का कारण लगभग साफ होता है पर पोस्टमार्टम की पूरी प्रक्रिया करनी पड़ती है। चीर-फाड़ से शव की स्थिति खराब होती है। इस वजह से कई बार मृतक के घरवाले पोस्टमार्टम से परहेज करते हैं। इसके विकल्प के रूप में स्कैनर की व्यवस्था होती है। शरीर पर किसी प्रकार की चोट न होने पर शव को स्कैन किया जाता है। जरूरत पड़ने पर ही सिर या अन्य अंग को खोला जाता है। केजीएमयू में बनाए गए नए मोर्चरी भवन में आधुनिक तरीके से पोस्टमार्टम की योजना बनाई गई है। इसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जा रहा है।

### राजू श्रीवास्तव की कार्डियक अरेस्ट से हुई थी मौत

मशहूर कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव का पोस्टमार्टम भी इसी तकनीक से दिल्ली के एम्स अस्पताल में हुआ था। इसमें बिना किसी चीर-फाड़ के सीटी स्कैन, एमआरआई मशीन और स्कैनर से कुछ समय में ही उनका पोस्टमार्टम हो गया था। उनकी मौत कार्डियक अरेस्ट की वजह से हुई थी।

## स्वच्छ भारत मिशन को ठेंगा दिखा रहे विकास खंड माल के अधिकारी कर्मचारी

### गावों में बजबजाती गंदगी से संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा



ग्राम पंचायत पारा में सड़क पर बहती नाली



ग्राम पंचायत हसनापुर के मजरा बेलबेरवा मे सड़क पर बहती नाली

**जन एक्सप्रेस | अजय यादव**

**माल/लखनऊ।** विकास खंड माल में तैनात सफाई कर्मियों की हनक के आगे न तो शासन की चलती है और न ही प्रशासन की। जिसकी वजह से पंचायतों की नालियां अक्सर बजबजाती नजर आती हैं। एक तरफ जहां सरकार देश व प्रदेश को स्वच्छ बनाने की मुहीम चलाती रहती है तो दूसरी तरफ राजधानी की ग्राम पंचायतें गंदी नालियों और कूड़े से पटी पड़ी हैं। माल विकास खंड की पंचायतों की सफाई का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है की क्षेत्र की 67 पंचायतों के 87 राजस्व गांवों की लगभग 190962 की आबादी पर 60 सफाई कर्मचारियों की तैनाती है। जिसमे से कुछ सफाई कर्मचारी पंचायतीराज निदेशालय की सेवा में लगा रहते हैं। कुछ सफाई कर्मी विकास खंड के अधिकारियों की सेवा मे लगे रहते हैं। इस तरह कुल पंचायतों की सफाई की जिम्मेदारी उन 50 सफाई कर्मियों के कंधों पर है, जिन सफाई कर्मियों के हाथ ने झाडू भी नही थामी है। वह सफाई कर्मी जो तनख्वाह तो खुद उठाते हैं मगर सफाई के लिए दूसरे मजदूरों को सप्ताह भर के लिए तय कर के सफाई का दिखावा करते हैं। जानकारों का कहना है कि अधिकतर पंचायतों मे तैनात 4- 5 सफाई कर्मी मिलकर किसी एक मजदूर को 5-6 हजार रुपए महीना देकर सफाई कराने की खानापूर्ति तो करते हैं। फिलहाल जमीनी स्तर पर गन्दगी से हालात गंभीर हैं। अब एक आदमी 5 पंचायतों को साफ करने का टोटका करता है। और जिम्मेदार सफाई कर्मी अपने पे रोल से केवल तनख्वाह निकालना जानते हैं। जबकि पंचायतों की सफाई ठेकेदारी प्रथा से राम भरोसे चल रही है। सूत्रों की माने तो सरकारी सफाई कर्मचारियों की ठेकेदारी प्रथा वाली सफाई उच्च अधिकारियो की जानकारी मे चलती है।

### सीएचसी अधीक्षक ने कही गंदगी से बीमारी फैलने का खतरा

सी एच सी अधीक्षक माल संदीप सिंह ने बताया गन्दगी फैलने के कारण तमाम संचारी रोगों के फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए सभी गांवों मे एंटी लार्वा दवाई का छिड़काव किया जाना अत्यंत आवश्यक है। अब देखने वाली बात होगी कैसे सफल होगी सरकार की स्वच्छ भारत मिशन की मुहीम कब सुधरेंगे कर्मचारी।

### अधिकारी का दावा सब कुछ चंगा



वहीं पंचायतों मे फैली गंदगी और सड़क पर बहती नालियों के सवाल पर विकास खंड माल मे तैनात पंचायत राज अधिकारी सुनील सिंह ने ग्राम पंचायतों के स्वच्छ होने और नालियों की सफाई होने का दावा किया। वहीं सफाई कर्मियों के द्वारा मजदूर रखकर सफाई कराने के सवाल पर अनभिज्ञ बनते हुए जानकारी न होने की बात कही।

## चुनावी पाठशाला में मतदान के लिए संकल्प

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लोक सभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत जनपद लखनऊ में 20 मई, 2024 को मतदान की तिथि निर्धारित है। इस निर्वाचन में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा न्यूनतम 70 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जनपद लखनऊ के मतदाताओं को जागरुक किए जाने के लिए नगर निगम लखनऊ द्वारा विभिन्न गतिविधियां यथा चुनाव पाठशाला का आयोजन, स्थानीय सम्पर्क, फोरम एवं जागरुकता कार्यक्रम निरन्तर आयोजित किए जा रहे है। नगर निगम लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों व मोहल्ले में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया जिनमें स्थानीय नागरिकगण, अधिकारियो,कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं द्वारा शपथ और अधिक से अधिक मतदान करे हुए मतदान प्रतिशत बढाने के लिए जागरुक किया गया। साथ ही अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा स्थानीय नागरिको से सम्पर्क करते हुए मतदाताओं को बूथ की जानकारी दी गयी तथा मतदान की अपील करते हुए मतदान किए जाने हेतु शपथ दिलायी गयी।नगर में स्थित विभिन्न विद्यालय इत्यादि संस्था जैसे कि जोन-1 में वैदिक कन्या पाठशाला, विष्णु नगर शिक्षा निकेतन, प्राथमिक बालक विद्यालय नरही, प्ले-वे स्कूल नवीउल्लाह रोड, महिला कालेज अमीनाबाद, जोन-2 में गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कालेज, आजाद बाल विद्या इंटर कालेज, नवयुग डिग्री कालेज, सिद्धार्थ शिक्षा निकेतन, आयुर्वेदिक कालेज, विशाल मान्टेसरी स्कूल, दीन दयाल उपाध्याय महाविद्यालय, सुन्नी इंटर कालेज, सरस्वती शिशु मंदिर, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान राजाजीपुरम, जोन-3 में सेंटर जोसफ कालेज प्रियदर्शिनी कालोनी, एसएस.जे.डी. इंटर कालेज फैजुल्लागंज, टाईगर्स एजुकेशनल सोसायटी जूनियर हाईस्कूल शिवलोक त्रिवेणीनगर, महावीर इंटर कालेज कुर्सी रोड,में मतदान हेतु नागरिको को जागरुक करते हुए शपथ दिलायी गयी। जोन-4 में परिषदीय प्राथमिक विद्यालय निशातगंज, मुन्नू कुंवर सनातन धर्म इंटर कालेज पेपरमिल कालोनी, न्यू रेड रोज हाईस्कूल संजय गांधीपुरम, महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल विराट खंड-1, सेंट कोलम्बस विनयखंड-5, जय सुभाष पब्लिक स्कूल विशालखंड, प्रकाश बाल विद्या मंदिर विनम्रखंड-1, पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिनहट, प्राथमिक विद्यालय लौलाई, डेल्ही पब्लिक स्कूल सेक्टर-4, जोन-5 में प्राथमिक विद्यालय गहरू, प्राथमिक विद्यालय अलीनगर सुनहरा, प्राथमिक विद्यालय कनौसी, श्यामाचंद्रा कांवेंट इ.का. कृष्णापल्ली आलमबाग, बेसिक विद्यालय बरिगवां पूरन नगर चौराहा, टीडीविएस पब्लिक स्कूल अर्जुन नगर रेलवे कालोनी, जनता गर्ल्स इं.का. छोटा बरहा, बेसिक विद्यालय कनौसी भोला खेड़ा, ए.के.डी. पब्लिक स्कूल विश्वेश्वर नगर में मतदान हेतु नागरिको को जागरुक करते हुए शपथ दिलायी गयी। जोन-7 में प्राथमिक विद्यालय बस्तौली, डेल्ही पब्लिक स्कूल सर्वोदय नगर, प्राथमिक विद्यालय जरहरा, संस्कार पब्लिक स्कूल आम्रपाली चौराहा सेक्टर-23 इंदिरा नगर, अरविन्दो पार्क, अवध पब्लिक एकेडमी शिवानी विहार, जोन-8 में प्राथमिक विद्यालय भुसवल कलां, प्राथमिक विद्यालय शकूरपुर, लखनऊ पब्लिक स्कूल वृंदावन योजना सेक्टर-9, जे.के. कान्वेंट स्कूल औरंगाबाद जागीर, प्राथमिक विद्यालय नटकुर, न्यू पब्लिक इंटर कालेज सेक्टर डी-1 एलडीए, सेंट्रल अकादमी सेक्टर-के आशियाना, भारतीय आदर्श विद्या मंदिर इं.कालेज भदरुख, पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैवतमऊ मवैया, सेक्रेड हार्ट राजीवनगर घोसियाना, प्राथमिक विद्यालय बल्दीखेड़ा बरिगवां रोड इत्यादि में मतदान हेतु नागरिको को जागरुक करते हुए शपथ दिलायी गयी।

## चुनाव सम्पन्न होते ही बिजली दर बढ़ोत्तरी का विरोध

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण उत्तराखंड में खत्म होने के 7 दिन बाद कल विद्युत नियामक आयोग द्वारा उत्तराखंड राज्य के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों में औसत 6.92 प्रतिशत वृद्धि अलग-अलग श्रेणी वार जारी की गई। उपभोक्ता परिषद के अनुसार निश्चित ही यह उपभोक्ता विरोधी कार्यवाही को दर्शाता है। बिजली दरों में बढोतरी की टाइमिंग बिल्कुल गलत है। इससे पता चलता है कि उत्तराखंड सरकार वहां के विद्युत उपभोक्ताओं के प्रति ज्यादा से ज्यादा सचेत नहीं है। जिसका उपभोक्ता परिषद हर स्तर पर विरोध करता है। उपभोक्ता परिषद ने जब उत्तराखंड के आंकडे देखा और अध्ययन किया तो सामने आया कि उत्तराखंड में बिजली दरों में बढोतरी टाली जा सकती थी। यही नही उत्तराखंड के कुछ समाचार पत्रों में यह खबरें प्रकाशित की गई है कि देश के अनेकों राज्यों में उत्तराखंड से ज्यादा बिजली दर बढोतरी प्रस्तावित है। जिसमें उत्तर प्रदेश का नाम लेकर यह खबरें प्रकाशित की गई है कि उत्तर प्रदेश में 20 प्रतिसत बिजली दरों में बढोतरी प्रस्तावित है। हिमाचल में 50 प्रतिशत, झारखंड में 44 प्रतिशत, असम में 34 प्रतिशत, दिल्ली में 30 प्रतिशत बिजली दर बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव है। जबकि सभी को पता है कि उत्तर प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 33122 करोड सरप्लस निकल रहा है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में बढोतरी प्रस्तावित होने का सवाल ही नहीं। दूसरा अभी तक उत्तर प्रदेश में बिजली दर का कोई प्रस्ताव विद्युत नियामक आयोग में दाखिल नहीं किया गया है। केवल वार्षिक राज्य आवश्यकता दाखिल है जो अभी स्वीकार भी नहीं की गई है। स्वीकार किए जाने के बाद बिजली दरे तय करने की कार्रवाई शुरू होगी।

## महिलाओं को सम्मान देने का काम भाजपा सरकार ने किया है: बेबीरानी मौर्या

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



गोमतीनगर आईएमआरटी सभागार में भाजपा लखनऊ महानगर के तहत मध्य विधानसभा की ओर से शनिवार को नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, विशिष्ट अतिथि लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल, समाजसेविका नर्मता पाठक, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी उपस्थित रहें। कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अभियान तभी साबित होगा जब एक, एक महिला का वोट मतदान वाले दिन पड़े।, लखनऊ में राजनाथ सिंह ने लखनऊ विकास कार्यों का लाभ आप सब ले रहे है। राज्य, केंद्र सरकार ने महिलाओ के सम्मान बढ़ाने का काम किया है अब हर योजना महिलाओ को केन्द्रित करके बनाई जाती है। पांच सौ साल की प्रतीक्षा के बाद भव्य राम लला का मन्दिर बन तैयार है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार में महिलाओ को अवसर मिल रहा है। 33~ आरक्षण ने से महिलाओ को बराबरी का अधिकार देने का काम दिया। महिलाओ को सशक्त करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है महिलाओ में काम करने वालो के लिए, रोजगार का सृजन करने का काम कर रही है। अब समय आ गया है महिलाओ का कर्ज उतने का है। महिला अपने मतदान का प्रयोग करते हुए बड़ी संख्या में भाजपा को वोट देकर विजय बनाए। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि कोई राष्ट्र तभी विकसित बन सकता है जिसमे नारी को सहभागिता रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति अधिनियम लाकर महिलाओ को सम्मान देने का काम किया। आप सब पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि आप परिवार में हर व्यक्ति का मतदान करना है साथ ही अपने आप पड़ोस में जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। लखनऊ लोकसभा में तय लक्ष्य पांच लाख पार करने में आपकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि जिस तरह महिला परिवार की जिम्मेदारी उठते हुए सामाजिक जिम्मेदारी का दायित्व का निवाह करने का काम करते है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन काल में ही पहली बार महिलाओ को सम्मान देने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्जवला योजना देकर महिलाए जो रोज धुएं में स्वास्थ्य खराब करती थी उनको निजात दिलाने का काम किया। अल्पसंख्यक समाज में मुस्लिम महिलाओ को ट्रिपल तलाक के लिए कानून लाकर उनको सम्मान देने का काम किया है। आज देश में महिलाओ को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए ड्रोन दीदी, लाखपति दीदी योजना आए है जिससे राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दिया। महिलाए आप अपने स्वयं भाग्य विधाता बनेगी। लखनऊ को मेट्रो मेट्रोपॉलिटन सिटी मेट्रोपॉलिटन बनने के लिए निरंतर कार्यरत है। आप सबने देखा की 21 किलोमीटर शहीद पथ के निर्माण से उसके आस पास मॉल, अस्पताल, क्रिकेट स्टेडियम, एवम बड़ी, बड़ी आवासीय बिल्डिंग का निमार्ण हुआ है तेजी से विकास हुआ है उसी तरह 104किलो मीटर आउटर रिंग आने वाले समय बहुउद्देशीय के साथ विकसित होगा। टर्मिनल तीन के निर्माण से लखनऊ एयरपोर्ट की एक करोड़ यात्री की क्षमता का विकास हुआ।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# जाति के इर्द-गिर्द घूमती भारतीय राजनीति

**डॉ. राम मनोहर लोहिया ने जाति तोड़ो अभियान चलाया था। डॉक्टर लोहिया मानते थे कि जाति प्रथा के ऊपर सांस्कृतिक, राजनीतिक व आर्थिक हमला होना चाहिए, जिससे एक दृढ़ समाज बने । दृढ़ और मजबूत समाज के लिए जनता की उदासीनता देश के प्रति खत्म होनी चाहिए। महात्मा गांधी के बाद देश में जाति तोड़ो अभियान की अगुवाई डॉ. लोहिया ही कर रहे थे। डॉ. लोहिया के विचार खासकर आज के राजनीतिक वातावरण में विशेषत प्रासंगिक हैं । लोहिया ने कहा कि राजनीति बुराई से लड़ती है इसलिए लड़ो।**

*भारतीय राजनीति में जाति की बड़ी अहमियत है। हालांकि अधिकांश महापुरुष जाति विहीन भारत के निर्माण के पक्ष में थे। वे जातिवाद को बेहद खतरनाक मानते थे और कई मौकों पर यह बात उन्होंने कही भी। जाति तोड़ो अभियानों में वे निरंतर जुटे रहे लेकिन जाति की जड़ों को हिला नहीं पाए। इसकी वजह यह रही कि उस समय जातियों का उभार तत्कालीन राजनीति कर रही थी। धीरे-धीरे यह जातीय उभार राजनीतिक गुटों, गिरोहों और वर्गों की शक्ल लेता गया और गांधी, लोहिया तथा अंबेडकर के सपने धराशायी हो गए। आज भारत की राजनीति में जाति सम्मेलनों की बहुलता बढ़ी है। वर्गों का आधिपत्य बढ़ा है । सभी जातियों-वर्गों के अपने नेता हैं । वह जातीय सम्मेलन करते हैं। सत्तारूढ़ दलों के नेता भी अपने स्तर पर जातीय उभार को मजबूती देते हैं। राजनीति दलों के बॉयलॉज की बात करें तो उसमें एक बात समान होती है कि राजनीतिक दल सर्व समाज के लिए बिना किसी भेदभाव के समान अवसर उपलब्ध कराने के काम करेंगे। जाति नहीं देखेंगे। चुनाव में जाति की बात नहीं करेंगे, मगर विधानसभाओं, विधान परिषद, राज्यसभा के चुनाव में जाति वर्ग के कई चरण मंथन- चिंतन की जातीय इंजीनियरिंग को प्राथमिकता दी जाती है। बात यहीं नही समाप्त होती, यह धर्म और पंथ तक जाती है। समता मूलक समाज की स्थापना की नकली रस्मों ने भी भारत का बड़ा अहित किया है। यहाँ वोट का गणित है। योग्यता-मेधा नहीं है। जातियों के नाम पर पार्टियां हैं। सभी जातियों की अपनी अपनी पार्टियां हैं। अपने-अपने महापुरुष हैं। उनकी मूर्तियों को लगाने की होड़ है। पार्कों को बनवाने के लिए प्रबल माँगें हैं। इतना ही नहीं, प्राचीन भारत के गौरवशाली इतिहास पुरुषों, शासकों को अपनी जाति बताने में गर्व होता है। राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों के पोस्टर बैनर, लेटर हेड में अपनी जाति के महापुरुषों के चित्रों को लगाने का फैशन बढ़ा है। सरकारों के बदलने पर अपनी जाति वर्ग के विचारों वाले महापुरुषों व्यक्तियों की मूर्तियां लगाने, पार्क बनाने का काम पहले से ही जोरों पर है। इसमें खास बात यह है कि यह मूर्तियां लगाने और पार्क बनाने का काम जनता के धन से ही बड़ी सरलता से संपन्न होता है। देश में लोकसभा चुनाव का तापमान मौसम के साथ बढ़ता जा रहा है। गांव-गांव, नगर-नगर जातियों के नेता सक्रिय हैं। दलों के प्रभारी भी जाति देखकर राष्ट्रीय, प्रदेशीय व जनपदों में बनाए जा जाते हैं। टिकट बंटवारे में राजनीति का मूल तत्व जाति ही है। टीवी पर भारी बहसें होती हैं। जाति के इस व्यक्ति या उस व्यक्ति के टिकट मिलने या मिलने पर, ऐसे में जाति विहीन राजनीति की बातें बेमानी है । समता, ममता और सामाजिक एकता के दावे भी फर्जी हैं। सबको साथ लेकर चलने की पंचायतें हैं, मगर जातियों की पंचायतें तय कर रही हैं कि मेरी जाति का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाए। लोकसभा चुनाव में टिकट वितरण में सभी राजनीतिक दलों में जातियों को लेकर गला काट प्रतिस्पर्धा है। जातिवादी, गुटों वर्गों द्वारा लगातार दलों को धमकी दी जा रही है। जातियों के अति सक्रिय होने से वे जातियां भी पीड़ित अपमानित महसूस करती हैं जिनकी संख्या कम है। वहीं अनेक जातियां उल्लसित हैं कि मेरी जाति की संख्या ज्यादा है। टीवी चैनल भी दलों के पक्ष में जाति आधारित वक्तव्य झगड़े की स्थिति तक दोहराते नहीं थकते हैं लेकिन मूल प्रश्न अनुत्तरित है कि क्या भारत में अति सक्रिय जातिवादी ही सबसे बड़े लोकतंत्र के ठेकेदार हैं?*

## एक्सप्रेस आलेख

**भारत के चुनावों का इतिहास इसका गवाह रहा है। इसलिए राजनैतिक विमर्श चाहे जितना गर्त में चला जाये मगर मतदाता की सूझबूझ, जागरूकता एवं विवेक कभी मंद नहीं पड़ती। भले ही सैम पित्रोदा अमेरिका का उदाहरण देकर उस पर भारत में बहस की जरूरत जता रहे थे, लेकिन उन्हें गलत समय ऐसा उदाहरण नहीं देना चाहिए था, जो तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह भारत की परिस्थितियों के लिये सही न हो और जिसके विवाद का विषय बनने की भरी-पूरी संभावनाएं हो। यह तो कांग्रेस ही जाने कि वह संपत्ति के सर्वे के जरिये क्या हासिल करना चाहती है, लेकिन इससे इन्कार नहीं कि देश में आर्थिक असमानता कम करने की आवश्यकता है।**

# विरासत टैक्स एवं निजी सम्पत्ति सर्वे पर संकट में घिरी कांग्रेस



ललित गर्ग

**लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेता बादशाह नहीं होता बल्कि साधारण मतदाता बादशाह होता है क्योंकि उसके ही एक वोट से सरकारें बनती और बिगड़ती हैं। मतदाता को जो मूर्ख समझते हैं उनसे बड़ा मूर्ख दूसरा नहीं होता। ऐसे तथाकथित बयानों से भारत में संसदीय प्रणाली का लोकतंत्र कभी भी प्रभावित नहीं होगा, वह सफल रहा है और रहेगा क्योंकि भारत के लोग अनपढ़ व गरीब हो सकते हैं मगर वे अज्ञानी या मूर्ख नहीं है।**

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जनता के बीच जिस तरह के मुद्दों को लेकर चर्चा में हैं, उनमें देश विकास से अधिक मुक्त की रेवड़िया बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधा देने की बातें हैं तो 'विरासत टैक्स' के नाम पर जनता की गाड़ी कमाई को हड़पने के सुझाव है। ऐसी विरोधीभासी सोच एवं योजनाएं कांग्रेस की अपरिपक्व एवं स्वार्थप्रेरित राजनीति को ही उजागर करती है। इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के विश्वस्त सलाहकार सैम पित्रोदा ने चुनावी समर में अपने ताजा बयान में विरासत टैक्स की वकालत की है। उन्होंने अमेरिका में लागू इस टैक्स की पैरवी करते हुए भारत के लिये उपयोगी बताया। सैम ने अपने बयान पर विवाद बढ़ता देख सफाई दी है, तो कांग्रेस ने इस बयान से खुद को अलग कर लिया है। लेकिन राजनीति की इन कुचालों एवं ऐसे बयानों में कांग्रेस का इरादा जनता की मेहनत की कमाई की संगठित लूट और वैध लूट ही नजर आता है। सैम पित्रोदा के बयान में कांग्रेस की सोच एवं संकल्प ही नहीं दिखा बल्कि कांग्रेस की भावी योजनाओं की परतें भी खुली है। भले ही इस बयान ने कांग्रेस के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हो, लेकिन जनता को मूर्ख समझ हर बार हंगामा खड़ा करना कांग्रेस की नीति एवं नियत रही है। सैम ऐसे ही विवादास्पद बयानों से पूर्व में भी चर्चा में रहे हैं। अमेरिका में विरासत टैक्स जैसी अनेक स्थितियां एवं कानून हैं जो भारत में नहीं है क्योंकि हर देश की अपनी स्थितियां होती है। सैम के इस बयान ने इसलिए तूल पकड़ लिया, क्योंकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों की संपत्ति के सर्वे का वादा किया है। इसकी व्याख्या भाजपा पहले से ही इस रूप में कर रही है कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का आकलन करके संपन्न-सक्षम लोगों की संपदा का एक हिस्सा लेने का इरादा रखती है। चूंकि सैम पित्रोदा का कथन कुछ इसी ओर संकेत करता दिख रहा था, इसलिए भाजपा ने नए सिरे से उनके बयान को मुद्दा बना दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो कहा जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर विरासत का बोझ लाद देगी।' कांग्रेस की लूट जिन्दगी के साथ भी और जिन्दगी के बाद भी कह कर मोदी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी यह कह दिया कि यदि कांग्रेस वैसा कुछ करने का नहीं सोच रही है, जैसा सैम पित्रोदा कह रहे हैं तो वह अपने घोषणा पत्र से संपत्ति के सर्वेक्षण वाली बात हटाए।' निश्चित ही कांग्रेस की संपत्ति के सर्वेक्षण की बात में गहरे अर्थ, संदेह एवं शंकाएं निहित हैं। राजननेताओं के बयानों पर राजनीति होना लोकतंत्र का एक हिस्सा है, लेकिन जनता के हितों पर आघात करना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतन्त्र में सतत् रूप से अमीर-गरीब का विमर्श चलता रहता है, गरीबों के हित की बात करके अधिसंख्य मतदाताओं को लुभाना राजनीतिक चतुराई है, लेकिन जनता को बांटना एवं अलग-अलग खेमों में खड़ा करना, लोकतंत्र को कमजोर करता है। मगर भारत का मतदाता अब इतना सुविज्ञ एवं समझदार हैं कि वे राजनेताओं की मंशा को समझकर उस समय आगे बढ़कर नेतृत्व खुद संभाल लेते हैं जब नेतागण अपना पथ भूल जाते हैं। भारत के चुनावों का इतिहास इसका गवाह रहा है। इसलिए राजनैतिक विमर्श चाहे जितना गर्त में चला जाये मगर मतदाता की सूझबूझ, जागरूकता एवं विवेक कभी मंद नहीं पड़ती। भले ही सैम पित्रोदा अमेरिका का उदाहरण देकर उस पर भारत में बहस की जरूरत जता रहे थे, लेकिन उन्हें गलत समय ऐसा उदाहरण नहीं देना चाहिए था, जो तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह भारत की परिस्थितियों के लिये सही न हो और जिसके विवाद का विषय बनने की भरी-पूरी संभावनाएं हो। यह तो कांग्रेस ही जाने कि वह संपत्ति के सर्वे के जरिये क्या हासिल करना चाहती है, लेकिन इससे इन्कार नहीं कि देश में आर्थिक असमानता कम करने की आवश्यकता है। इसके बाद भी इस आवश्यकता की पूर्ति न तो वामपंथी सोच वाले तौर-तरीकों से की जा सकती है और न ही उन उपायों से, जो समाज में विभाजन पैदा करें। जो भी निर्धन-वंचित हैं या सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े हैं, उनके उत्थान की अतिरिक्त चिंता की जानी चाहिए, लेकिन बिना उनका जाति, मजहब देखे, बिना विभाजन की राजनीति को किये। सैम पित्रोदा, राजनीति की दुनिया में यह नाम कोई नया नहीं है, कांग्रेस के शासन में तकनीकी एवं आधुनिक विकास के वे पुरोध रहे हैं। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के सलाहकार रह चुके पित्रोदा इस समय राहुल के खास लोगों में से एक हैं। पित्रोदा अपने काम से कम अपने बयानों के चलते ज्यादा चर्चे में रहते हैं। उनके बयान अक्सर कांग्रेस के लिए भी सरदर्द बनते रहे हैं। पित्रोदा के अनेक बयान पहले भी विवाद एवं कांग्रेस के सिरदर्द की वजह बन चुके हैं। साल 2019 में ही उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि मिडिल क्लास को स्वार्थी नहीं होना चाहिए। उन्हें अधिक से अधिक टैक्स देने के लिए तैयार रहना चाहिए। मध्यमवर्गीय परिवार को रोजगार और अधिक अवसर मिलेंगे। इस बयान ने भी कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ाई थीं और पार्टी को डैमेज कंट्रोल करना पड़ा था। पित्रोदा यहीं नहीं रुके, उन्होंने 2019 के ही पुलवामा हमले पर कहा था कि ऐसे हमले तो होते रहते हैं, मुंबई में भी हमला हुआ था। निश्चित ही कांग्रेस के शासन में ऐसे हमले एवं साम्प्रदायिक दंगे होते ही रहते थे। उन्होंने बालाकोट एयरस्ट्राइक ऑपरेशन पर सबूत मांगे थे। सैम पित्रोदा के बयान एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र के निजी सम्पत्ति सर्वे की बात में अवश्य ही रिश्ता है, जिसने पूरे देश के सामने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट कर दिया है कि निजी संपत्ति का सर्वे कर निजी संपत्ति को सरकारी खजाने में डालकर वह इस धन को अपने वोट बैंक में बांटना चाहती है। ऐसी योजना यूपीए सरकार में तय भी हुई थी कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यक और उसमें भी सबसे अधिक मुस्लिमों का है, उस प्रकार से कांग्रेस की यह मुसलमानों को लुभाने एवं उन्हें लाभ पहुंचाने की अघोषित चुनावी घोषणा है, इस तरह की घोषणाएं लोकतंत्र में सुशासन एवं राजनीति मूल्यों को धुंधलाने की कुचेष्टा ही कही जायेगी। लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेता बादशाह नहीं होता बल्कि साधारण मतदाता बादशाह होता है क्योंकि उसके ही एक वोट से सरकारें बनती और बिगड़ती हैं। मतदाता को जो मूर्ख समझते हैं उनसे बड़ा मूर्ख दूसरा नहीं होता। ऐसे तथाकथित बयानों से भारत में संसदीय प्रणाली का लोकतंत्र कभी भी प्रभावित नहीं होगा, वह सफल रहा है और रहेगा क्योंकि भारत के लोग अनपढ़ व गरीब हो सकते हैं मगर वे अज्ञानी या मूर्ख नहीं है। उनका व्यावहारिक ज्ञान बहुत मजबूत होता है और वे राजनीतिक दलों के भ्रम में नहीं आने वाले, गुमराह नहीं होने वाले।



**यह सच है कि जब से भारत में जातिवादी, भाषावादी, वर्गवादी व सम्प्रदायवादी राजनीति का बोलबाला हुआ है तभी से राजनीति के विमर्श में गिरावट आनी शुरू हुई है, लेकिन इस गिरावट को संभालने के लिये मतदाता को अधिक परिवक्व एवं समझदार होने की अपेक्षा है।**

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | चतुर्थी 08:22 तक |
| नक्षत्र: | मूल 28:48 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | रविवार |
| योग: | शिव, 26:05 |
| सूर्योदय: | 05:44 |
| सूर्यास्त: | 18:53 |
| चंद्रमा: | धनु राशि में |
| राहुकाल: | 17:14-18:53 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | वैशाख |
| शुभ मुहूर्त: | 11:54-12:42 |

## जन एक्सप्रेस

### निकल पड़ी है धार !

*मिलन मिलन खेल रहे ।*
*अंदर कितना प्यार ?*
*एकता की लगती ।*
*निकल पड़ी है धार ।।*
*बधवाने को सेहरा ।*
*हुए हैं आतुर सारे ।।*
*सब कुछ ठीक ठाक है ।*
*बीच में हमारे ।।*
*है भविष्य के गर्भ अभी ।*
*होगी कैसी नीति ?*
*लेकिन अभी कैमरे में ।*
*दीख रही है प्रीति ।।*
*लंबी है लड़ाई ।*
*और दिल से प्रयास ।।*
*पता नहीं चल पा रहा ।*
*कौन आखिर ख़ास ?*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बालों को हेल्दी रखने के लिए लगाएं आम और नीम के पत्ते से बना हेयर मास्क, मिलेंगे फायदे



**बालों** को मजबूत और हेल्दी बनाए रखने के लिए प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। आयुर्वेद में भी बालों के लिए फायदेमंद कई प्राकृतिक चीजों के बारे में बताया गया है। बालों को घना, मजबूत और शाइनी बनाए रखने के लिए आम और नीम के पत्तों का इस्तेमाल फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल करने से बालों को मजबूती मिलती है और कई समस्याओं से छुटकारा पाने में भी मदद मिलती है। आम और नीम की पत्तियों से बने हेयर मास्क का इस्तेमाल कैसे करें?

आम और नीम के पत्ते से बने हेयर **मास्क के फायदे:** आम के पत्तों में मौजूद गुण बालों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इसमें विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन बी जैसे पोषक तत्व अच्छी मात्रा में होते हैं। आम में मौजूद बीटा कैरोटीन, अमीनो एसिड और एंजाइम भी बालों को बहुत फायदा देते हैं। इसके अलावा नीम के पत्तों में एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल और एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो बालों को हेल्दी और बीमारियों से मुक्त रखने में मदद करते हैं।

**आम और नीम के पत्तों का हेयर मास्क:** आम और नीम के पत्तों को मिलाकर हेयर मास्क तैयार करना बहुत ही आसान है। इसमें विटामिन, प्रोटीन, और एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा होती है जो बालों को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करती है। यह हेयर मास्क बालों को मुलायम और चमकदार बनाता है और स्कैल्प को स्वस्थ और साफ रखने में मदद करता है। आम और नीम के पत्तों का हेयर मास्क बालों को मुलायम, चमकदार और स्वस्थ बनाता है। यह बालों के रूखेपन को दूर करता है और स्कैल्प को साफ रखता है।

### सामग्री

- 2 आम के पत्ते
- 10-12 नीम के पत्ते
- पानी (साफ करने के लिए)

### कैसे बनाएं?

- सबसे पहले, आम और नीम के पत्ते को अच्छे से धो लें।
- फिर उन्हें छोटे टुकड़ों में काट लें।
- अब इन पत्तों को मिक्सर ग्राइंडर में डालें और पानी डालकर अच्छे से पीस लें ताकि एक स्मूथ पेस्ट बन जाए।
- अब यह पेस्ट तैयार है, आप इसे अपने बालों पर लगा सकते हैं।

### हेयर मास्क का इस्तेमाल कैसे करें?

- शैम्पू करने के बाद, अपने बालों पर इस पेस्ट को लगाएं।
- ध्यान दें कि यह पेस्ट बालों के रूखेपन और स्कैल्प की सफाई करता है, इसलिए आपको इसे अच्छे से मसाज करना चाहिए।
- इसे बालों पर 30-40 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर नरम पानी से धो लें।
- यह हर हफ्ते एक या दो बार किया जा सकता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# कांग्रेस के घोषणापत्र पर आक्रामक भाजपा



मृत्युंजय दीक्षित

**एक बात ध्यान देने योग्य यह भी है कि विपक्ष का गठबंधन तो बन गया और उनकी तीन रैलियां भी हो चुकी हैं किंतु उसके पास प्रधानमंत्री कौन बनेगा इस बात को लेकर असमंजस है। विपक्षी दलों के घोषणापत्रों में वैसे तो विरोधाभास है किंतु मुस्लिम तुष्टिकरण के मामले पर सब एक हैं।**

**कांग्रेस के घोषणापत्र और उसके स्टार प्रचारक के बयानों से तो यह तो स्पष्ट ही था कि अब कांग्रेस पूरी तरह से टुकड़े- टुकडे गैंग और शहरी नक्सलियों के हाथ में चली गयी है लेकिन कन्हैया कुमार को टिकट देकर उसने इस बात को साबित भी कर दिया। एक समय था कि राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी व दादी इंदिरा गांधी ने जातिगत जनगणना को देश के लिए घातक माना था।**

**लोकसभा** चुनाव के दो चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है। तीसरे चरण के लिए प्रचार अभियान जारी है। भाजपा रामलहर और मोदी के करिश्माई नेतृत्व के बल पर अबकी बार चार सौ पार के नारे के साथ आगे बढ़ रही है। भाजपा नेतृत्व अभी तक विपक्ष को परिवारवाद व उनके शासनकाल में किए गये अथाह भ्रष्टाचार और घोटालों की बात करके घेर रहा था। उसके मुस्लिम तुष्टिकरण पर सीधा प्रहार नहीं कर रहा था किन्तु कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र, राहुल गांधी व विपक्ष के नेताओं के कुछ आपत्तिजनक बयानों के बाद नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरी भाजपा अब कांग्रेस तथा विरोधी दलों के घोर मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर आक्रामक हो गयी है। मोदी ने कांग्रेस के समय में प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के भाषण और कांग्रेस के घोषणापत्र में किए गए वादों पर चर्चा करते हुए स्वयं कांग्रेस के घोषणापत्र पर मोर्चा खोला। भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में पहली बार विरोधी दल कांग्रेस के घोषणापत्र को आधार बनाकर उस पर तीखा हमला बोला गया है। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस और उसके साथी तिलमिला गए हैं और वह मुख्यधारा तथा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी पर अमर्यादित शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री मोदी की शिकायत लेकर चुनाव आयोग भी पहुंचा है। उधर भाजपा का प्रतिनिधिमंडल भी राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंच गया है। प्रधानमंत्री मोदी सहित भाजपा के सभी बड़े नेता कांग्रेस के मुस्लिम प्रेम पर एक के बाद एक तीखा प्रहार कर रहे हैं जिससे कांग्रेस तिलमिला गई है। प्रधानमंत्री मोदी एक के बाद एक कांग्रेस की सरकारों में हुए हिन्दू विरोधी घटनाओं, निर्णयों, विवादों को उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले राजस्थान की जनसभा में कहा कि, कांग्रेस की नजर आम लोगों की मेहनत की कमाई पर है, प्रापर्टी पर है महिलाओं के मंगलसूत्र पर है। कांग्रेस ने इरादा जाहिर कर दिया है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों के घरों, प्रापर्टी और गहनों का सर्वे कराएगी फिर लोगों की कमाई कांग्रेस के पंजे में होगी। कांग्रेस की नजर देश की महिलाओं के गहनों पर है, माताओं- बहनों के मंगलसूत्र पर है, वो उसे छीन लेना चाहती है। कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र में उसके इरादे साफ जाहिर हो रहे हैं। अगर कांग्रेस की सरकार आई तो लोगो के बैंक एकाउंट में झांकेगी, लॉकर खंगालेगी, जमीन - जायदाद का पता लगायेगी और फिर सबकुछ छीनकर उसे घुसपैठियों और ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस यह संपत्ति उन लोगों को बांटेगी जिन्हें मनमोहन सरकार ने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इस बयान से चुनाव के मैदान में तूफान आ गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस को धार्मिक आधार पर मुस्लिम आरक्षण को लेकर भी घेरा है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में 2004 से 2010 के बीच मुसलमानों को दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों का हिस्सा काटकर उसमें से ही विशेष आरक्षण देने का भरसक प्रयास किया किंतु न्यायपालिका के हस्तक्षेप से कांग्रेस का यह विकृत पायलट प्रोजेक्ट लागू नहीं हो सका। जबकि अब यही कांग्रेस भारत का संविधान बदलकर दलित, पिछड़ों, अतिपिछड़ों के अधिकारों में कटौती करके मुस्लिम आरक्षण देने की बात कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने ही बयानों से फंस जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को फुल टॉस गेंद फेंक कर चुनाव के मैदान में चौके-छक्के लगाने का अवसर दे बैठते हैं। राहुल गांधी ने कांग्रेस का घोषणापत्र जारी हो जाने के बाद एक जनसभा में कहा कि, ÷सत्ता में आने पर वह देश का एक्सरे कर देंगे। दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। पिछड़े, दलित, आदिवासी, गरीब, सामान्य वर्ग के लोगों को पता चल जाएगा कि इस देश में उनकी भागीदारी कितनी है। इसके बाद हम वित्त और संस्थागत सर्वे करेंगे और यह पता लगाएं कि हिंदुस्तान का धन किसके हाथों में है और इस ऐतिहासिक कदम के बाद हम क्रांतिकारी काम शुरू करेंगे।÷ इस बयान ने प्रधानमंत्री मोदी को रन बनाने का सुनहरा अवसर दे दिया और वे हिंदुत्व को लेकर आक्रामक हो गए। इस बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जो अभी तक केवल अयोध्या, मथुरा, काशी और विरोधी दलों के माफिया प्रेम व कानून व्यवस्था की बात कर रहे थे वो भी बोल पड़े, कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है लेकिन यह देश संविधान से ही चलेगा शरिया से नहीं। योगी का कहना है कि बीजेपी को मिलने वाल एक- एक वोट कर्फ्यू से मुक्ति और बेटियों की सुरक्षा से गारंटी देता है।

# नौनिहालों की जिन्दगी को लेकर कोर्ट जाने की तैयारी स्थानीय प्रशासन चुप तो कोर्ट ही रास्ता

**एक ऐसा स्कूल जहां हर समय दांव पर लगी है बच्चों की जिंदगी**

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

शासन प्रशासन की चुप्पी देख अभिभावक उत्थान सेवा समिति अब कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी ताकि बच्चों का जीवन सुरक्षित रहे।आदमी धन कमाने के चक्कर में सब कुछ भूल चुका है। उसे किसी की सेहत से कोई मतलब नहीं है। बस उसकी तिजोरी में रुपए आने चाहिए। नगर के बांकेगंज रोड पर एक ऐसा स्कूल खोला गया है जहां अपने नौनिहालों को पढ़ना जान जोखिम में डालना है। वहां बच्चे बिल्कुल सुरक्षित नहीं हैं। इसकी वजह है कि बच्चों के बैठने के लिए जो भवन बना है उसमें पहले आग लग चुकी है। लिंटर की सरिया गल गई थी। उसी पर दो मंजिला भवन खड़ा कर दिया गया है। जो कभी भी हल्का भूकंप आने पर धराशाई हो सकता है और बच्चों का जीवन खतरे में पड़ सकता है।

इतना ही नहीं जिस जगह पर यह स्कूल बनाया गया है उसके ठीक पीछे सरायन नाला निकला है। जिसकी तीव्र दुर्गंध किसी से छुपी नहीं है। एक नाला होता तो कोई बात नहीं, स्कूल के आगे बजाज चीनी मिल की बाउंड्री है। जहां पर ऑर्गेनिक खाद का निर्माण होता है। जिसमें तमाम प्रकार के रसायन डाले जाते हैं। उनकी दुर्गंध और तरह-तरह के मच्छर जनित बैक्टीरिया उड़ते रहते हैं जो बच्चों को बीमार कर सकते हैं। विषैली दुर्गंध बच्चों के फेफड़े को खराब कर सकती है, हृदय प्रभावित हो सकता है, आंखों में खराबी आ सकती है, दमा की बीमारी हो सकती है, बच्चा संक्रामक रोगों का शिकार हो सकता है और सबसे एक गंभीर बात यह भी है यदि स्कूल में आपातकाल के दौरान बच्चों को स्कूल से बाहर निकालना पड़े तो इसका मुख्य गेट एक ही है। जबकि कम से कम दो गेट जरूरी हैं। एक गेट से पूरे स्कूल के बच्चे और स्टाफ आपातकाल के समय बाहर निकलना मुश्किल होगा। नगर और क्षेत्र के सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि पढ़ाई के नाम पर अपने बच्चों का भविष्य और जिंदगी दांव पर ना लगाएं।

# भाजपा सरकार धर्म और जाति के आधार पर लोगों को बांट रही है: अंशय कालरा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

बहुजन समाज पार्टी के खीरी लोकसभा प्रत्याशी लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं बताते चलें श्रीनगर विधानसभा के रानीगंज गांव में जनसंपर्क कर बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा ने जनता से मुलाकात की व उनको संबोधित करते हुए बसपा के पक्ष में वोट डालने की अपील की। अंशय कालरा ने बताया कि बसपा प्रमुख कु.मायावती जी ने मान्यवर कांसीराम जी के विचारों और विचारधारा को आगे बढ़ाया है,



जिससे दलित समाज का उत्थान हुआ है। बसपा की विचारधारा बाबासाहब अंबेडकर के विचारों पर आधारित है, जो समाज में समानता और न्याय के प्रति प्रेरित करती है।उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश में महंगाई और बेरोजगारी की समस्या तेजी से बढ़ रही है, जबकि भाजपा सरकार धर्म और जाति के आधार पर लोगों को बांट रही है। इस संघर्ष में, बसपा ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जो दलितों, पिछड़ों, और अन्य समाज के वर्गों को उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए संघर्ष कर रहा है।अंशय कालरा ने जनता से अपील की कि वे अपने अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए अपना वोट बसपा के पक्ष में डालें और एक समृद्ध और सामाजिक न्यायमूलक समाज की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# लोकतंत्र के महापर्व में वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत युवराज़ दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। एन0 एस0एस0 प्रभारी एव स्वीप कोर्डिनेटर प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा ने पहली बार मतदाता बने छात्र-छात्राओ को मेरा पहला बोट देश के लिए एवं लोकतंत्र के महापर्व में वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम की थीम पर जागरूक किया। साथ ही प्रोफेसर चन्द्रा ने एन एस एस स्वयंसेवकों व युवा विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में वोटरों को बेहतर तरीकों के माध्यम से जागरूक करने की जिम्मेदारी दी तथा अपने अपने क्षेत्र के दिव्यांग मतदाताओं से संपर्क कर मतदान के दिन उन्हें बूथ तक पहुँचाने के लिए अनुरोध किया। प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने युवा विद्यार्थियों को बताया कि आपका वोट बहुमूल्य है इसलिए लोकतंत्र की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें और आस-पास के लोगों को भी शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करें।




देश हित में यह पुनीत कार्य है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो0 हेमन्त पाल ने बड़ी संख्या में युवा छात्र छात्राओं को मतदाता जागरुकता शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक डा0 जे0 एन सिंह, प्रो0 नीलम त्रिवेदी, प्रो0 ज्योतिपन्त, प्रो0 विशाल दिवेदी, डा0 डी0 एन0 मालपानी, असिस्टेन्ट प्रोफेसर देशराज,मानवेन्द्र यादव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक पर सवार महिला की मौत

जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली के भोजीपुरा क्षेत्र में बिलवा स्थित बड़े बाईपास पर ओवरब्रिज पर ट्रक की चपेट में आकर बाइक पर बैठी महिला की मौत हो गई। उसका पति व दो बच्चे घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है। महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार मीरगंज इलाके के गांव मंडनपुर निवासी नूर मोहम्मद अपनी पत्नी शबाना व दो बेटियों मायरा सात वर्ष माहीनूर एक वर्ष के साथ रिश्तेदारी में जा रहे थे। दोपहर तीन बजे बड़े बाईपास पर बिलवा ओवरब्रिज के ऊपर बेकाबू ट्रक की चपेट में बाइक आ गई। जिससे नूर मोहम्मद की पत्नी शबाना 35 वर्ष के सिर में गहरी चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई।

# शादी से इनकार करने पर गुस्साए प्रेमी ने सोशल मीडिया पर डाले प्रेमिका के फोटो, एफआईआर दर्ज

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। प्रेम प्रसंग में आया नया मोड़ प्रेमिका ने जब शादी से कर दिया इनकार तो लड़के ने सोशल मीडिया पर डाल दिए लड़की के फोटो बताते चलें




फूलबेहड़ थाना क्षेत्र में एक युवक ने शादी से इनकार पर प्रेमिका के फोटो सोशल मीडिया पर डाल दिए।युवती की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि युवक ने उसे बहला फुसलाकर फोटो खींचे। इसके बाद से युवक शादी करने का दबाव बना रहा है। शादी करने से मना कर दिया तो युवक ने उसके फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। फूलबेहड़ क्षेत्र की युवती ने बताया कि अलीगंज के गांव चुरईपुरवा निवासी आनंद राव उसके साथ रिलेशनशिप में था। उसी दौरान युवती को भरोसे में लेकर उसके साथ तमाम फोटो खींच लिए थे लेकिन अब आनंद शादी के लिए दबाव बना रहा है।

युवती का आरोप है कि शादी करने से जब मना किया तो उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। युवक लगातार फोन पर उसे परेशान कर रहा है। इस बात की जानकारी होने के बाद पीड़िता परिवार के साथ थाने पहुंची। जहां पर नामजद तहरीर देकर मामला दर्ज कराया है।

## केशोपुरा गुरुद्वारे पर मनाया जायेगा बैसाखी पर्व

जन एक्सप्रेस । मथुरा

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी खालसा संजना दिवस बैसाखी बड़े श्रद्धा और उत्सव के साथ श्री दशमेश गुरुद्वारा केशवपुरा भार्गव गली घिया मंडी पर मनाया जायेगा। में आज रविवार को प्रातः 8:00 बजे से अयोजित पर्व पर पाठ, शबद कीर्तन और गुरु के अटूट लंगर का आयोजन किया जाएगा। ये जानकारी श्री दशमेश गुरुद्वारा भार्गव गली केशवपुरा मथुरा के सेक्रेटरी कमलजीत सिंह ने दी। उन्होंने साध संगत जी से बड़ी संख्या में गुरुद्वारे पर पहुंचने की बैनती की है।

## ऑटो और ट्रैक्टर की टक्कर से दो लोगों की मौत

जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर

शाहजहांपुर के कलान थाना क्षेत्र में उसावां मार्ग पर शनिवार को सवारियों से भरा ऑटो सामने से आए ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गया। हादसे में थाना क्षेत्र के गांव गनेशपुर निवासी सरनाम (60) व उदयवीर (48) की मौत हो गई। हादसे में दो बच्चों समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। शिक्षक रहे राजपाल की नातिन शोभा की शादी शुक्रवार को बदायूं में थी। शादी में शामिल होने के लिए राजपाल व उनके परिवार के लोग बदायूं गए थे। वहां से ऑटो में सवार होकर सभी लोग लौट रहे थे। शनिवार शाम करीब चार बजे बाराकलां से थोड़ा आगे उसावां रोड पर ऑटो व ट्रैक्टर-ट्रॉली में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में सरनाम व उदयवीर की मौके पर मौत हो गई।

# रामगंगा नदी के टापू पर मिला युवक का शव,18 अप्रैल को हुई थी शादी

जन एक्सप्रेस । हरदोई

जनपद में हरपालपुर थाना क्षेत्र के श्यामपुर गांव के पास रामगंगा नदी के टापू पर एक युवक का क्षत विक्षत अवस्था में शव मिला है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान करायी। जिसकी पहचान पाली थाना क्षेत्र के महमूदपुर तेरा गांव निवासी अनिकेत के रूप में हुई है। पाली थाना क्षेत्र के महमूदपुर तेरा गॉव निवासी अनिकेत पुत्र मिश्रीलाल की शादी बीते 18 अप्रैल को बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के मगनपुर गांव निवासी नेहा के साथ हुई थी। 22 अप्रैल को अनिकेत के ससुराल वाले उसकी पत्नी नेहा को अपने घर ले गए। शाम को युवक दहेज में मिली बाइक लेकर घर से निकल गया। शाहजहांपुर जनपद के हुल्लापुर के



पास रामगंगा नदी के पुल पर उसकी बाइक और चप्पल अल्लाहगंज पुलिस ने बरामद कर की थी। अल्लाहगंज पुलिस ने बिना नंबर की बाइक की चेचिस के आधार पर एजेंसी में फोन किया। जिसके बाद नेहा के नाम से बाइक खरीदने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने युवक का पता लगाया। कई दिनों तक गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पिता दर-दर भटकता रहा। आखिरकार युवक के पिता मिश्रीलाल ने 25 अप्रैल को पाली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके बाद आज हरपालपुर थाना क्षेत्र के श्यामपुर गांव के पास रामगंगा नदी के टापू पर उसका क्षतविक्षत शव बरामद हुआ है। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने कपड़ों व चाभी के गुच्छे के आधार पर शव की पहचान अनिकेत के रूप में की। पति की मौत की सूचना पाकर पत्नी नेहा बेहोश हो गई। मृतक के परिवार में मां गोपिका के अलावा तीन भाई एवं तीन बहन हैं। जिसमें वह दूसरे नंबर का था। जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पीएम रिपोर्ट रिपोर्ट आने एवं तहरीर प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कार और ऑटो की आमने-सामने टक्कर, हादसे में दो लोगों की मौत, 10 लोग गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिले में ऑटो में तेज गति से सामने से जा रही कार टकरा गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि 10 लोग घायल हो गए। जिनका अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और विधिक कार्रवाई में जुट गई। ऑटो में सवार अखिलेश कुमार पुत्र रामेश्वर निवासी परसापुर थाना साण्डी ने बताया कि वह ऑटो करके अपनी माँ रामकुमारी, पत्नी गीता के साथ क्षेत्र के गांव पहुंतेरा में शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। उनके साथ हैबतपुर बिलग्राम निवासी वंदना पुत्री प्रेमलाल, अवनीश पुत्र प्रेमलाल, अनुराग और ऑटो चालक आलम शहाबुद्दीन निवासी चुलियापुर बिलग्राम टक्कर लगने से घायल हो गए। कार में सवार विंध्याचल पुत्री राजेश सिंह हैदर गंज अयोध्या, मीनाक्षी सिंह निवासी नील गथा, कैन्ट लखनऊ निवासी दीपक पुत्र अशोक सिंह, 6 वर्षीय दक्ष सिंह पुत्र दीपक घायल हो गए। सीएचसी पर मौजूद डॉक्टर लोकेश ने राम कुमारी और अनुराग को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों के शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### कन्या मण्डल के स्वस्ति वाचन से शुरू हुआ लॉर्ड महाकालेश्वर स्कूल में प्याऊ

जन एक्सप्रेस । झाँसी। लगातार बढ़ रही गर्मी में राहगीरों को अधिकांशत स्वच्छ और शीतल जल की आवश्यकता होती है कई बार शरीर में जल के अभाव के कारण डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है वहीं अशुद्ध जल पीने से शरीर में बीमारियां भी उत्पन्न हो जाती हैं इन सभी कारणों को देखते हुए सनशाइन क्लब झाँसी के तत्वावधान में डॉ0 कृष्ण मोहन अग्रवाल की अध्यक्षता,संस्थापक अशोक अग्रवाल काका के सानिध्य समाजसेवी डॉ0 सन्दीप सरावगी के मुख्य आतिथ्य व पूर्व अध्यक्ष विशाल गुप्ता के संयोजन में आज सनशाइन क्लब द्वारा द्वितीय प्याऊ का शुभारंभ कन्या मण्डल के स्वस्ति वाचन के साथ शीतल जल के मटकों का पूजन कर हुआ समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी द्वारा कार्यक्रमों में आए हुए अतिथियों व अन्य आगंतुकों को मतदान के लिए भी जागरूक किया गया।डॉ0 संदीप ने कहा सशक्त और स्थाई सरकार बनाने के लिए हमें अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए यह अधिकार के साथ हमारा कर्तव्य भी है इस अवसर पर उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल अजय अग्रवाल कार्ड पैलेस अखिलेश बिलगइयां अजय राय गोपाल साहू शिवकुमार सरावगी अशोक लोहिया अजीत राय अध्यक्ष क्षत्रिय कलचुरी कलवार महासंघ विकास नगरिया सभासद संजीव गुप्ता सभासद वार्ड नंबर 59 दीपक नामदेव परी पटेल काजल कुशवाहा आदि उपस्थित रहे अंत में सभी के प्रति आभार संयोजक विशाल गुप्ता ने व्यक्त किया।

### महंगाई के दौर मैं रामू राय ने किया आदिवासी कन्या का कन्यादान

जन एक्सप्रेस । झाँसी। बबीना मानवता की सेवा से बढक़र कोई अन्य पुनीत कार्य नही होता इसी पंक्ति को चरितार्थ किया बड़ोरा निवासी रामू राय ने हर मां बाप का सपना होता है की उसकी बेटी की डोली धूम धाम से उठे लेकिन परिस्थितियों के कारण संभव नही हो पता ऐसा ही एक मामला आदिवासी परिवार की बिटिया की शादी के समय देखने को मिला मुकुंदी आदिवासी निवासी बड़ोरा की बिटिया की शादी में रामू राय ने अपनी बेटी की तरह की दान दहेज में दो पहिया मोटर साइकिल एलसीडी सहित गृहस्थी का पूरा समान भोजन टेंट लाइट सहित शादी का पूरा खर्च तो उठाया ही साथ ही उक्त बिटिया का पत्नी सहित कन्यादान तिलक से लेकर बिदाई तक एक पिता की तरह पूरी रस्मे और फर्ज अदा किया उनके द्वारा किए गए इस नेक कार्य की प्रशंशा पूरे क्षेत्र में हो रही हे।इस मौके पर रितेश राय,संजू राय कमलेश राय आशीष राय विनय राय नितेश राय कुलदीप राय बच्ची राय सुंदर राय मयंक राय अमन राय मयंक राय खेमराज वकील जयपाल मुखिया हरभजन राजपूत प्रदुम राय संतोष यादव हरीराम राजेश राजपूत रामकुमार साहू राम सिंह किराना वाले भोला यादव रामनरेश राय ऋषभ राय आदि मौजूद रहे।

### मतदान प्रतिशत कम होने पर कृष्ण जन्मभूमि पक्षकार फलाहारी दिनेश शर्मा ने जताई चिंता

जन एक्सप्रेस । मथुरा। लोकसभा चुनाव मथुरा में मतदान का प्रतिशत कहीं-कहीं 50 से भी कम रहने पर कृष्ण जन्मभूमि पक्षकार फलाहारी दिनेश शर्मा ने चिन्ता जताई है। उन्होंने कहा कि यह एक मजबूत लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है जिसके अनेक कारण है, जिसमें प्रथम एक ही प्रत्याशी को तीसरी बार रिपीट करना दूसरा स्थानीय कार्यकर्ताओं को तवज्जो ना देना।तीसरा प्रचंड गर्मी में चुनाव होना कारण रहे हैं।वोट कम डालने का एक कारण और भी रहा कि जो ठस्व् की ड्यूटी लगाई गई थी,उन्होंने पर्चियां घर-घर नहीं बांटी,लोग लंबी लाइन में बचने के कारण पर्ची का इंतजार करते रहे।श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष हिंदू पक्षकार दिनेश शर्मा ने अपना बयान जारी करते हुए कहा कि मोदी जी और योगी जी को आज भी जनता पसंद करती है उनके प्रसिद्धि का ग्राफ अभी कम नहीं है।उन्होंने जनता से अपील की कि सनातनी हिंदू अपना कर्तव्य बोध समझकर भारी संख्या में मतदान करें जिससे हिंदू राष्ट्र की परीकल्पना को साकार किया जा सके आज यदि योगी मोदी हैं तो हिंदुस्तान सुरक्षित है,आपके मठ मंदिर सुरक्षित हैं।आप प्रत्याशी से नाराज हो सकते हैं नेताओं से नाराजगी हो सकते है लेकिन स्वतंत्रत मजबूत लोकतंत्र के लिए आपका मतदान इस राष्ट्र के लिए बहुत जरूरी है। इसलिए उन्होंने आगे के चरणों में भारी मतदान करबे की अपील की और परिवार का 100 मतदान सुनिश्चित करने से आने वाले भविष्य को सुनहरा बनाया जा सके।

# ग्रामीण ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, दिल्ली में करता था मजदूरी

जन एक्सप्रेस । हरदोई

जिले में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। पाली थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि शनिवार तडक़े थाना क्षेत्र के खैरापुर गांव निवासी राम प्रताप पुत्र प्यारेलाल रैदास ने सूचना दी कि उसके बड़े भाई रविंद्र (40) ने सुबह 4 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाने के अतिरिक्त निरीक्षक वहीद अहमद, उप निरीक्षक रमेश चंद्र, मृत्युंजय प्रताप सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। छप्पर में रस्सी के सहारे फंदे से लटक रहे रविंद्र के शव को उतार कर कब्जे में ले लिया। बताया गया कि मृतक के दो लडक़ी और एक लडक़ा है। पत्नी की दो वर्ष पूर्व बीमारी से मृत्यु हो चुकी है। मृतक दिल्ली में मजदूरी करता था। एक सप्ताह पूर्व घर आया था। वह शराब पीने का आदी भी था। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की है और शव पोस्टमार्टम को भेजने की तैयारी चल रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आत्महत्या करने के कारणों की जानकारी की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस सत्ता में दोबारा आई तो भारत का बंटवारा, नए पाकिस्तान का जन्म होगा: आबकारी मंत्री

जन एक्सप्रेस । हरदोई

आज एक कार्यक्रम में शिरकत करने उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में दोबारा आ गई तो भारत का बंटवारा होगा और एक नए पाकिस्तान का जन्म होगा। ये वही कांग्रेस पार्टी है जिनके लोगो ने जिनके पूर्वजों ने देश में बटवारा किया था।

ये वही कांग्रेस पार्टी है जिनके पूर्वजों ने पाकिस्तान बनाया था, पाकिस्तान को पैदा किया था और अगर ये शक्तियां ये लोग देश की सत्ता में दोबारा बैठ गए तो फिर एक और पाकिस्तान का जन्म होगा और ये भारत को बंटवारा करने में पीछे नहीं हटेंगे।

आज अखंड भारत के लिए आज जो भारत की संप्रभुता है आज जो भारत पूरे विश्व में अपनी शक्ति को दिखा रहा है। आज भारत जो विश्व गुरु बन कर उभरा है तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा के 10 वर्ष के शासन काल में भ्रष्टाचार का एक भी मामला प्रकाश में नहीं आया। जबकि कांग्रेस शासन में हरदिन भ्रष्टाचार का कोई न कोई मामला निकलकर सामने आता था। उन्होंने सपा पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि सपा ने अतीक जैसे माफिया पैदा किए, उन्हें एमपी-एमएलए बनाया जबकि भाजपा ने गुण्डों और माफियाओं को मिट्टी में मिलाने का काम किया है। नितिन अग्रवाल ने विपक्ष पर अधर्म की राजनीति करने का भी आरोप लगाया।

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने सम्मेलन में सपा और कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार को जन्म दिया। जबकि सपा ने गुंडों और माफियाओं को पैदा किया।

मोदी ने न केवल भ्रष्टाचार खत्म किया बल्कि गुण्डों और माफियाओं पर भी नकेल कसा है। इसीलिए आज भी समूचा विपक्ष मिलकर मोदी हटाओ अभियान चला रहा।

# बहन की मौत, भाई ने लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप

जन एक्सप्रेस । हरदोई

दीपावली वाले दिन बच्चे को जन्म देने के बाद बीमार पड़ी युवती की शुक्रवार की शाम को मौत हो गई। इस मामले मेंं उसके भाई ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि उसकी बहन के इलाज में लापरवाही बरती गई, जिससे उसकी मौत हुई। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।बताया गया है कि बघौली थाने के करीमनगर बजरिया निवासी ललितेश गुप्ता की शादी टडिय़ावां थाने के हरैया की रागिनी गुप्ता के साथ साल 2019 में हुई थी। रागिनी ने इसी साल दीपावली वाले दिन 10 नवंबर को बच्चे को जन्म दिया। ललितेश का कहना है कि उसके बाद से ही रागिनी बीमार पड़ गई, उसका इलाज कराया गया, लेकिन कहीं से कोई फायदा नहीं पहुंचा। उसी के चलते शुक्रवार की शाम को उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही रागिनी की ससुराल पहुंचे उसके भाई अनिल गुप्ता ने बघौली पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि उसकी बहन के ससुराल वालों ने इलाज में लापरवाही बरती, जिससे उसकी बहन की मौत हुई।

# जिला जेल में निरूद्ध महिला बंदियों को बांटी उपयोगी वस्तुओं की किट

जन एक्सप्रेस । मथुरा

विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में डॉ. मनोज मोहन शास्त्री फाउंडेशन एवं श्रीनाथ जी सेवा संस्थान वृंदावन के सौजन्य से जिला कारागार में रह रही निरूद्ध महिला बंदियों को दैनिक दिनचर्या की उपयोगी वस्तुओं की किट जेल अधीक्षक ब्रजेश कुमार एवं होम गार्ड कमांडेंट डॉ. एस. पी. सिंह की उपस्थिति में वितरण की गई।कार्यक्रम में डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने कहा कि काल की गति बड़ी विचित्र है किंतु जेल में निरुद्ध कैदियों को यहाँ अपना जीवन प्रायश्चित पूर्वक शुद्ध करके विकसित राष्ट्र के लिए योगदान का संकल्प लेना चाहिए। जेल अधीक्षक ब्रजेश कुमार ने कहा कि जेल में निरुद्ध कैदियों के कल्याणार्थ अच्छे नागरिकों एवं समाज सेवी संस्थाओं को जेल प्रशासन के साथ सेतु के रूप में कार्य करना होगा। इस अवसर पर मीरा शर्मा अचल तिवारी सुरेश शर्मा महेश उपाध्याय पद्मनाभ शास्त्री बाल मुकुंद शर्मा शशिकांत शर्मा, अनुराग कृष्ण शास्त्री सचिन रुंगटा श्रीकांत त्रिपाठी विनय पाठक एवं डॉ. डी. एस. चौहान डिप्टी जेलर कुमारी करुणेश श्रीमती शिवानी यादवअनूप कुमार एवं जेल लेखाकार सी.एम. तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने दी जनपद में अब तक की गई कार्रवाई की बिंदुवार जानकारी

जन एक्सप्रेस । झाँसी

व्यय प्रेक्षक भारत निर्वाचन आयोग वाघे प्रसाद्रो अन्नासाहेब द्वारा जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शान्ति और स्वच्छता के साथ सम्पन्न कराए जाने हेतु सहायक व्यय प्रेक्षकों नोडल अधिकारी एवं अनुवीक्षण लेखा टीम के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिएव्यय प्रेक्षक द्वारा निर्देश देते हुए कहा कि समस्त बैंक जहां उम्मीदवारों द्वारा बैंक खाता खोला जाता है उन्हें तत्काल प्रभाव से चौक बुक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए उन्होंने नोडल अधिकारी एवं लेखा टीम के सदस्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि उम्मीदवारों के खातों के ट्रांजेक्शन की प्रत्येक दिवस रिपोर्ट तैयार करें, ताकि उनके द्वारा किए गए व्यय की सटीक जानकारी प्राप्त हो सके व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी टीम को निर्देश दिये कि पेड न्यूज एवं सोशल मीडिया के संबंध में जानकारी लें यदि पेड न्यूज से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें उन्होंने कहा कि एमसीएमसी प्रमाणन के बिना इलेक्ट्रोनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया में प्रचार प्रसार किया जाता है तो तत्काल कार्यवाही करना सुनिश्चित करें व्यय प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में प्रवर्तन दल में तैनात टीमों के सदस्यों को निर्देश देते हुए कहा कि वह निरंतर अपने क्षेत्र में क्रियाशील रहें उन्होंने निगरानी टीम आयकर विभाग जीएसटी विभाग सहित समस्त निगरानी टीम के सदस्यों को भ्रमण शील रहते हुए सतत निगरानी किए जाने एवं की गई समस्त कार्यवाही से अवगत कराए जाने के निर्देश दिए उन्होंने समस्त नोडल अधिकारी एवं टीम के सदस्यों को निर्देश दिए कि सभी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए आदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करते हुए आयोग की मंशानुसार निर्वाचन व्यय प्रक्रिया पूर्ण कराएं बैठक की अंत में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार सिंह ने लोकसभा निर्वाचन में प्रवर्तन दल एवं लेखा टीम द्वारा की गई अब तक की कार्रवाई से अवगत कराया गया

साथ ही उन्होंने प्रेषक को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप द्वारा दिए गए सभी दिशा निर्देशों का व्यय अनुवीक्षण टीम के सभी सदस्य द्वारा अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन ए के सिंह अपर जिला अधिकारी नमामी गंगे अशोक कुमार सिंह मुख्य कोषाधिकारी अनिल कुमार मिश्रा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गोपीनाथ सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित लेखा टीम के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## संस्कृति विवि की अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में बताया भारतीय ज्ञान का महत्व

जन एक्सप्रेस । मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एजुकेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय सेमिनार इंडियन नॉलेज सिस्टम विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन ऑनलाइन किया गया। यह आयोजन डीव एसव कॉलेज अलीगढ़ के साथ संयुक्त रूप से किया गया। सेमिनार में वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान की परंपराओं और अपने इस ज्ञान को आधुनिक विज्ञान के साथ तालमेल बिठाए जाने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय ज्ञान के साथ आधुनिक विज्ञान का तालमेल विश्व को आगे ले जाने में बहुत मददगार और उपयोगी सिद्ध होगा। सेमिनार का शुभारंभ संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने किया। उन्होंने सेमिनार की सफलता की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए और विश्व को यह बताने के लिए कि हमारे ऋषियों ने कितनी कड़ी मेहनत और वर्षों के अनुसंधान के बात अनेक जटिल समस्याओं का समाधान वर्षों पहले कर लिया था, ऐसी सेमिनार बहुत उपयोगी हो जाती हैं। सेमिनार के मुख्य अतिथि एनसीआरटी नई दिल्ली के प्रोफेसर विजय पाल सिंह ने भारतीय ज्ञान के गौरव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व को यह बताना जरूरी है कि हम बहुत सारे ज्ञान के क्षेत्रों में कितने आगे हैं। सीईओ डॉव मीनाक्षी शर्मा ने भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्व को रेखांकित किया। कुलपति प्रोव एमव बीव चेट्टी ने भारतीय ज्ञान की आधारशिला के महत्व को बताया और आधुनिक ज्ञान से जोड़ कर शिक्षा में महत्वपूर्ण परिवर्तन को बताया। स्कूल ऑफ एजुकेशन की डीन डॉव रेनू गुप्ता ने बताया कि शिक्षा की आधारशिला ही भारतीय ज्ञान परम्परा है, जब पूरे विश्व में अंधकार था तब भारत में ज्ञान का दीपक जल रहा था, भारतीय ज्ञान एवं दर्शन से विश्व प्रभावित हुआ हैं। सेमिनार में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि आवश्यकता भारतीय ज्ञान को विश्वस्तर पर आधुनिक कहे जाने वाले ज्ञान के साथ जोडक़र भविष्य की संभावित समस्याओं के हल करने की है। हमारे देश ने जिस तरह से वसुधैव कुटुम्बकम के द्वारा सारे विश्व को जोडऩे का संदेश दिया उसी तरह से भारतीय ज्ञान का लाभ भी सारा विश्व उठा सकता है। सेमिनार में डॉव विन्नारास निथ्यनंथम मलावै अफीका,प्रोव एन के दास,डॉ.मुकेश कुमार भारद्वाज ने भी भाग लिया।

# कुशीनगर लोकसभा सीट पर उगी राजनीतिक फसल, विकास के मीठे हंसिये से कौन सी पार्टी फसल को काटने में होगी सफल?

**लोकसभा 65 कुशीनगर एक नजर चुनाव के झरोखों से......।**

जन एक्सप्रेस। गिरीश चंद्र पांडेय



**कुशीनगर।** कुशीनगर संसदीय क्षेत्र में धीरे धीरे चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। शहरों से लेकर गांवों तक उम्मीदवारों ने मतदाताओं से जन सम्पर्क करना शुरू कर दिया है।इस राजनीतिक की लगी फसल को कौन सी पार्टी हंसिया से काटने में कामयाब होगी यह तो आने वाला समय ही बतायेगा। वर्तमान में लोक सभा कुशीनगर के मतदाताओं की चट्टी चौराहो से होकर निकले वाली चर्चा या गूंज कहीं दूर दूर तक अभी सुनाई नहीं दे रही है। वैसे तो घोषित उम्मीदवारों में भाजपा,एनडीए, इंडिया गंठबंधन,आरएसएसपी के ही अब तक इस सीट पर उम्मीदवार चुनाव मैदान में दिख रहें हैं।वे अपने अपने चुनावी रणनीति के जीत की दिशा तय करने के लिए विसात बिछाने में लग गये है। जबकि बहुजन समाज पार्टी बसपा इस सीट से किसी भी वर्ग या जाति विशेष को प्रत्याशी के रूप इस सीट से नाम की घोषणा नहीं किया है। बसपा के उम्मीदवार के नाम के बाद ही कुशीनगर लोस 65 सीट पर होने वाले चुनाव चुनावी के मैदान से ही असली जीत हार का रूझान सबके सामने आना शुरू हो सकेगा। वैसे तो इस सीट पर बंद पड़ी चीनी मीलें व कुशीनगर के अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट से नहीं हो रहे उड़ान भी लोकसभा चुनाव में मुद्दा बनकर खड़े हो गए हैं। लोकसभा कुशीनगर विकास के मामलों में नये नये कृतिमान स्थापित तो किया है जिसमें सड़के पुल पुलिया ओवरब्रिज अन्दर पास आदि बने हैं या बन रहे हैं। इसके बावजूद भी इस लोकसभा में बहुतेरों ऐसी समस्याएं हैं जो विकास की परछाई से कोसों दूर है। यहां की प्रमुख जन समस्याओं में किसानों के हित में वर्षो से बंद पड़ी चीनी मीलें, गन्ना, गंडक जैसी प्रमुख समस्याएं विकास की रोशनी में गुम सी हो गई है।

यहां का मतदाता कभी अपने संपन्नता और खुशहाली का मिसाल हुआ करता था जिले की चीनी उद्योगों के लगातार बंद होने से खेती बारी के साथ साथ रोजी रोजगार का भी संकट उत्पन्न हुआ है। चीनी का कटोरी कहे जाने वाली कुशीनगर लोकसभा की आधा दर्जन चीनी मीलों के बंद होने से इस लोकसभा सीट के विकास की रफ्तार धीमी हो गई है।

कुशीनगर लोकसभा 65 में कुल 9 चीनी मील स्थापित हुई थीं। जिसमें वर्तमान समय में रामकोला पंजाब, छितौनी,कटकुईयां, पड़रौना, कप्तानगंज, लक्ष्मीगंज की चीनी मीले बंद हो गई है।इन बंद पड़ी चीनी मिलों को चालू कराने के लिए पूर्व की सरकारों ने या वर्तमान सरकार या जनता के बीच से चुने गये जनप्रतिनिधियों ने कोई ठोस पहल नहीं किया है।

इस बार के लोकसभा चुनाव में अंतरराष्ट्रीय एअरपोर्ट कुशीनगर व बंद पडीं चीनी मीलों का यह मुद्दा खुलकर मतदाताओं के सर चढ़ कर बोल रहा है। लोकसभा कुशीनगर के विकास में चार चांद लगाते वाली कुशीनगर में करोड़ों की लागत से बने अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनकर तैयार हुआ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका विधिवत उद्घाटन भी किये उद्घाटन के कुछ दिन तक उड़ान सेवा भी संचालित होती रही है। लेकिन वर्तमान में यहां के एयरपोर्ट से उड़ान नहीं हो रहा है। जिसके चलते यहां का कारोबारी या विदेश में रोजगार के लिए जाने आने वाले लोग गोरखपुर, लखनऊ, दिल्ली एयरपोर्ट से गन्तव्य की यात्रा करते हैं। लोकसभा चुनाव में मुद्दों की कमी नहीं है। राजनीति के हो हल्ला में भले ही यह मुद्दे गुम नजर आ रहे हैं।लेकिन मतदाताओं के दिल और दिमाग से विकास का यह मुद्दा विचलीत नहीं हुआ है। सरकारें धरती से आकाश तक विकास का खाका तो खिंची है लेकिन जनता के बीच से चुनकर जाने वाले जनप्रतिनिधियों ने उसे अमलीजामा पहनाने में कहीं न कहीं चूक गए या नाकाम साबित हुए हैं। गन्ना व गंडक की समस्याओं से यहां की आम जनता व किसान काफी आहत हैं। इनके दिक्कतों का स्थाई समाधान न होने से गंडक की बाढ़ से प्रभावित लोगों का अरमान विकास के साथ बाढ़ के पानी के दबाव में नदी की तेज धारा में बह जाते है।

बहरहाल इस सीट पर चाहें जो भी प्रतिक्रिया आम जनमानस में हो रही हो इसका तो अंदाजा आने वाले 4 जून को ही मतगणना के परिणाम गणना के बाद ही जीत हार का पता लगेगा।

## बैठक में अनुपस्थित होने पर सात कर्मियों का एक दिन का मानदेय काटने का आदेश जारी

**भटनी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी पर आयोजित आवश्यक बैठक में अनुपस्थित होने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने सात कर्मियों का एक दिन मानदेय काटने का आदेश जारी किया गया है। आदेश जारी होते ही कमियों ने हड़कम्प मच गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि सीएचओ को बैठक में बुलाया गया था। राष्ट्रीय कार्यक्रम में अनुपस्थिति घोर लापरवाही है।23 अप्रैल को सीएचओ की बैठक यूडीएसपी डाटा के संबंध में बुलायी गयी थी। प्रभारी चिकित्साधिकारी धनंजय कुशवाहा की ओर बुलायी गयी बैठक में पिपरा विट्ठल, धर्मखोर दुबे, बभनौली कला, अधैला, डेमुसा, साहोपार तथा दनउर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर कार्यरत संविदा कर्मी बैठक से नदारद रहे। मामले से नाराज प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ धनंजय कुशवाहा ने सभी सात संविदाकर्मियों का एक दिन का मानदेय बाधित करने का आदेश जारी किया है।

## परिचारिका ने लगाया शिक्षिका पर मारपीट का आरोप

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

कैंपियरगंज क्षेत्र के इंदिरा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जसवल बाजार राजाबारी में आउट सोर्सिंग से नियुक्त परिचारिका ने संयुक्त शिक्षा निदेशक सप्तम मण्डल गोरखपुर को प्रार्थना पत्र देकर विद्यालय के ही एक सहायक अध्यापिका द्वारा मारने पीटने और दो अध्यापकों द्वारा अमर्यादित शब्द का प्रयोग करने और विद्यालय से निष्कासित करने का आरोप लगाते हुए आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। परिचारिका का आरोप है कि विद्यालय की एक सहायक अध्यापिका ने अभद्र भाषा का प्रयोग कर मार पीट कर प्रताड़ित की है और दो सहायक अध्यापकों द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए संबंधित अधिकारियों को अपने झांसे में ले कर विद्यालय से निष्कासित करने की धमकी देते हैं। इस संबंध में परिचारिका ने निदेशक सप्तम मण्डल गोरखपुर से आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। परिचारिका ने बताया कि विगत चार माह से उसे विद्यालय के दो अध्यापिकाओं व अध्यापक द्वारा प्रतिदिन परेशान अनायास ही परेशान किया जा रहा हैं वे लोग उसका अनायास वीडियो बनाते हैं। वायरल करने की धमकी देते हैं । वीडियो बनाने को लेकर 25 अप्रैल को मारने पीटने की घटना घटित हुई थी जो विद्यालय के लिए शर्मसार कर रही है, परिचारिका ने उक्त घटना की जांच कराकर दोषियों पर विधिक कार्रवाई करने की मांग किया है।

# मार्ग दुर्घटना में एक प्रधान की मृत्यु , परिजनो में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

खड्डा थाना क्षेत्र के मुख्य पश्चिमी गण्डक नहर सड़क पर शनिवार को तड़के कोहरगड्डी नहर पुल पर बोलेरो और बाइक की भिडंत हो गई।जिससे मोटरसाइकिल पर सवार ग्राम प्रधान की दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंची खड्डा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने सहित अन्य कार्रवाई में जुटी हुई है। मौत के बाद परिजनों में चीख पुकार मची हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार कोहरगड्डी नहर पुल स्थित चौराहे पर सुबह 6 बजे नेबुआ नौरंगिया विकास खण्ड के दरबहा गंगाछपरा के ग्राम प्रधान ऐनुल्लह अंसारी उम्र 56 वर्ष मोटरसाइकिल से गये थे, पुल के समीप अभी ज्योंहि वह पहुंचे थे कि एकडंगा रेगुलर से ढोलहा चौराहे की तरफ जा रही तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार ग्राम प्रधान उछलते हुए सड़क पर गिरकर कर गंम्भीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलावस्था में उन्हें कोटवा सीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने मौत होने की पुष्टि कर दी।

चौराहे के लोगों ने बोलेरो सहित चालक को भी पकड़ कर बैठा लिया, सूचना पर खड्डा थाने के प्रभारी निरीक्षक निरज कुमार राय दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर ग्राम प्रधान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मची हुई हुई है। गांव के लोग गमगीन हैं। मृतक अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियों को छोड़ गये हैं।प्रभारी निरीक्षक खड्डा नीरज कुमार राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### 'प्रधान के निधन पर शोक'

घटना की जानकारी होने पर नेबुआ नौरंगिया ब्लाक परिसर मे प्रमुख प्रतिनिधि शेषनाथ यादव के नेतृत्व मे ब्लाक सभागार में शनिवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। प्रधान के आक्समिक मृत्यु होने पर दुख व्यक्त किया गया। दो मिनट का मौन रख कर लोगो ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान शैलेन्द्र मल्ल, शत्रुघन चौधरी, अभिषेक तिवारी, विजय यादव सहित ब्लाक कर्मचारी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के केस में फंसाना चाह रही बहू सहमें ससुर ने की शिकायत

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

थानाध्यक्ष अजित सिंह ने प्रारंभिक जांच में पाया कि पीडित के दो बेटों के बीच जमीन बंटवारे का मामला है। इसी बात लेकर आरोप- प्रत्यारोप लगाया जाता है। मामले में दोंनो बेटे के खिलाफ शांति भंग की धारा में कार्रवाई की गई है। दुष्कर्म जैसी बात सामने नहीं आई है। जांच चल रही है। महराजगंज के सिंदुरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में पीड़ित ससुर अपने बहू की हरकत से सहमा हुआ है। उसका बेटा भी उसका साथ न देकर पत्नी का साथ दे रहा है। आरोप है कि बहू बेटे दोनों मिलकर साजिशन उसे दुष्कर्म के केस में फंसाने में लगे हैं। पीडित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मामले से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की। एसपी ने सिंदुरियां थानेदार को मामले में जांच कर कार्रवाई करने कर निर्देश दिया है।

सिंदुरिया थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने अपने पुत्र व बहु सुमन के चाल चलन ठीक नहीं बताया है। आरोप है कि दुष्कर्म के का झुठा आरोप लगाकर बार-बार थाने पर प्रार्थना पत्र देकर मानसिक व आर्थिक रुप से बहू प्रताडित करती रहती है, जिससे आजीज होकर अपने समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखली की सूचना प्रकाशित कराया था। बेटे के ससुराल के लोग व दो अन्य व्यक्ति घर में घुस कर घर का ताला तोड़ने लगे। मना करने पर लोगों लाठी डंडा से मारने पीटने लगे। बचाने आई मेरी पत्नी व बड़े पुत्र को भी मारने पीटने लगे और घर का समान तोड़-फोड़ दिया। मार पीट के दौरान 5000 रुपया भी निकाल लिया। मार पीट में गंभीर चोटे आई हैं। घटना की सूचना डायल 112 पर दिया। शोर शराबा सुनकर आस पास के तमाम लोग आ गये, जिन्होंने बीच बचाव किया।

# डीएम की अध्यक्षता मे जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की आयोजित हुई बैठक

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर




जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में वर्षा काल 2024 वृक्षारोपण हेतु वृक्षारोपण से संबंधित विभागों के आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष चयनित स्थलों के संबंध में आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न की गई ।

इस बैठक में वृक्षारोपण हेतु स्थल चिन्हित किये जाने के सम्बंध में जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायतों में खाली पड़ी भूमि, मेडिकल कालेज, कृषि महा विद्यालय, नई सड़को की पटरियों, ताल आदि को वरीयता के क्रम में रखी जाय। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में पूर्वजों की स्मृति में, बालिका वन, नंदन वन, ग्राम वन, लवकुश वन, सीता वन आदि नाम से लगवाए जाएं। उन्होंने पौधे के वेराइटी के सम्बंध में कहा कि फलदार, छायादार व वैज्ञानिक दृष्टिकोण से लाभदायक हो उसे ही लगवाया जाएगा। उन्होंने पीपल, बरगद,बेल, पाकड़, अमरूद आदि को वरीयता के क्रम में लगवाए जाने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्व प्रथम बड़े प्लाट ही चिन्हित किये जायें ताकि उसकी घेराबंदी व पानी आदि की व्यवस्था की जा सके ,इस संबंध में समस्त उप जिलाधिकारी को व्यवस्थाओं हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि पौधे कम ही लगे परंतु उसकी देखभाल आवश्यक है। इसके लिए जिस विभाग द्वारा पौधे रोपित किये जाने हैं उस विभाग द्वारा निगरानी भी करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि फर्जी आंकड़ा या स्थल नही चलेगा। इस कार्य मे सभी अधिकारी गण रुचि लेकर कार्य करेंगे।

जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज में वृक्षारोपण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्राचार्य मेडिकल कॉलेज को दिए। तमकुहीराज स्थित रजवटिया में वृक्षारोपण हेतु स्थलीय निरीक्षण तथा अन्य व्यवस्थाओं हेतु उप जिलाधिकारी तमकुहीराज को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने पौधे की उपलब्धता के सम्बंध में प्रभागीय वनाधिकारी से जानकारी लेने पश्चात आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने सभी विभागों को आगामी वृक्षारोपण कार्यक्रम को गम्भीरता से लेने तथा सभी तैयारियाँ समय से पहले पूर्ण किये जाने के सख्त निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी,अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र,उप जिलाधिकारी कसया, पडरौना, तमकुहीराज, कप्तानगंज, हाटा, सहित समस्त सम्बन्धित विभाग के अधिकारीगण व समस्त विभागों के अधिकारी सहित ईओ आदि उपस्थित रहे।

# डॉक्टर विहीन स्वास्थ्य केंद्र पर फार्मासिस्ट करते हैं इलाज

## सीएम के गृह जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल-बेहाल




जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

जनपद के जंगल कौड़िया विकास खण्ड परिसर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाल बेहाल है जहां स्वास्थ्य सेवाएं दम तोड़ती नजर आ रही है। स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात चिकित्सक केंद्र पर मौजूद नहीं रहते फार्मासिस्ट के भरोसे संचालित हो रहा अस्पताल और डॉक्टर की जगह फार्मासिस्ट मरीजों का नब्ज टटोलकर बीमारी का लगाते हैं पता और दवाएं देते हैं तथा मरीज भी फार्मासिस्ट को डॉक्टर समझ इलाज कराने को मजबूर हैं।

जन एक्सप्रेस की पड़ताल में खुली स्वास्थ्य विभाग की पोल भगवान भास्कर की उबलती छाया में छटपटाते मानव अस्पताल में इलाज हेतु झुण्ड में पहुंच रहे हैं इसी क्रम जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की पड़ताल में निकली हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस की टीम ने जंगल कौड़िया ब्लॉक परिसर स्थित पीएचसी की पड़ताल के दौरान एक व्यक्ति को मरीज बनाकर अस्पताल भेजा गया प्रातः 11 बजे पर्ची बनवाई गई और पर्ची लेकर जब डॉक्टर के चैंबर में जाने की कोशिश की जाती है तो वहां बैठे कर्मचारियों द्वारा मरीज को फार्मेसी विंग में भेज दिया जाता है जहां फार्मासिस्ट संबंधित व्यक्ति का डॉक्टर बन बकायदे सरकारी अस्पताल की पर्ची पर दवा लिखते हैं और दवा भी देते हैं। वहीं पड़ताल में यह पाया गया कि बृहस्पतिवार और शुक्रवार को अस्पताल में न कोई चिकित्सक मौजूद थे ना ही यहां तैनात लैब टेक्नीशियन। क्षेत्रीय लोगों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि डॉक्टर और लैब टेक्नीशियन के न रहने के चलते क्षेत्र के मरीजों को इलाज के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है, साथ ही अन्य अस्पतालों में जाने पर उन्हें जेब ढ़ीली करनी पड़ती हैं। लोगों का कहना है कि अस्पताल जंगल में हाथी का साबित हो रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर उमेश नारायण गुप्ता ने बताया कि डॉक्टर सामुदायिक स्वास्थ्य में इलाज कर रहे थे इसलिए प्राथमिक स्वास्थ्य में नहीं जा सके, जिले में डॉक्टरों का अभाव है।

# मतदान पार्टियों की रवानगी से संबंधित डीप ब्रीफिंग का बुद्धा पार्क में हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान हेतु चिन्हित मतदान स्थलों से मतदान पार्टियों की रवानगी के सम्बन्ध में मुख्य कार्मिक अधिकारी /मुख्य विकास अधिकारी गुंजन दिवेदी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा द्वारा आज मतदान पार्टी रवानगी स्थल बुद्धा पार्क व स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण एवं डीप बिफ्रिंग किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विधान सभागार पार्टियों के रवानगी से संबंधित बनाए गए मैप का अवलोकन किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर विधान सभावार वाहनों का पार्किंग, रूट चार्ट के अनुसार वाहनों की निकासी, मतदान कार्मिकों की सुविधा हेतु काउंटर, विधान सभावार लगाए जाने वाले काउंटर टेबल सहित सभी व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा ने ईओ पडरौना को निर्देशित किया कि पंचायतीराज विभाग से सहयोग से पूरे पार्क की साफ सफाई समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे, इसी प्रकार मतदान कर्मियों के वाहनों के पार्किंग के संबंध में प्रभारी अधिकारी यातायात को भी निर्देशित किया गया, तथा खाद्य पदार्थो से संबंधित एक स्टाल लगवाए जाने हेतु फूड इंस्पेक्टर के सहयोग से ईओ पडरौना को निर्देशित किया गया, ताकि कार्मिकों को खाने पीने की वस्तुओ हेतु कहीं अन्यत्र न जाना पड़े। इसी क्रम में जिला स्टेडियम का भी निरीक्षण कर रूट चार्ट सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश सभी संबंधित को दिए गए।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार, समस्त ए0आर0 ओ0ध्उप जिला मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, पीडी, डीडीओ, डीसी मनरेगा, एडी एजी, बीएसए, एआरटीओ सहित सभी संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से बाईक सवार युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/बरहज।** बरहज थाना क्षेत्र के ग्राम कपरवार स्थित प्राथमिक विद्यालय के निकट शनिवार को तड़के तीन बजे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक बरात से वापस घर लौट रहा था।मदनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भदिला दोयम निवासी पिंटू कुमार 23 पुत्र हरेराम प्रसाद गांव से गई बारात में बरहज के पलिया गया हुआ था। सुबह तीन बजे वह बारात से लौट रहा है। अभी प्राथमिक विद्यालय के निकट पहुंचा ही था कि सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। पिंटू बाइक से दूर जा गिरा। उसके सिर व सीने में गम्भीर चोट आई।पुलिस घायल को इलाज के लिए सीएचसी बरहज ले गई, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और शव को अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

# सोहनाग सरोवर में स्नान से ठीक हो जाता है चर्म रोग

जन एक्सप्रेस। सलेमपुर

स्थानीय तहसील क्षेत्र का सोहनाग गांव परशुराम धाम के नाम से जाना जाता है यह स्थान भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का तपोस्थली भी है। जनकपुर से लौटते समय भगवान परशुराम विश्राम किए। काफी दिनों तक उन्होंने यहां तप और साधना भी की थी। तभी से इस स्थान का धार्मिक और पौराणिक महत्व बढ़ गया। अक्षय तृतीया के दिन यहां भक्त दर्शन के लिए अत्यधिक संख्या में आते है, मेला भी लगता है । बताया जाता है कि पहले यहां घना जंगल हुआ करता था। त्रेता युग में भगवान श्री राम ने जब जनकपुर में धनुष तोड़ा तो भगवान परशुराम वायु मार्ग से जनकपुर पहुंच गए। वहां जब पता चल गया कि भगवान विष्णु का सातवां अवतार श्री राम के रूप में हो चुका है तो उन्होंने वहां से लौटते समय स्थानीय तहसील के निकट रास्ते में सोहनाग के जंगल व प्राकृतिक छठा को देखकर वह आकर्षित हुए और विश्राम किए। इसके बाद काफी दिनों तक सोहनाग के जंगल में रहकर तप व साधना किए। इस स्थान पर आज भी जंगल है मंदिर के बगल में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा बहुउद्देशीय भवन बनाया गया है, पर्यटन विभाग के तरफ से सरोवर तक इंटरलॉकिंग सड़क बनाई गई है। कहा जाता है कि सरोवर में स्नान करने से चर्म रोग, कुष्ट व खुजली इत्यादि रोग ठीक हो जाते हैं। सोहनाग में भगवान परशुराम मंदिर के बगल में 10 एकड़ भूमि में सरोवर है जिसका महत्व अलग ही है कहा जाता है कि कई सौ वर्षो पूर्व नेपाल के राजा सोहन तीर्थाटन को निकले थे, उन्होंने इसी स्थान पर विश्राम किया था। सरोवर के पानी में शरीर का स्पर्श हुआ तो उनका कुष्ठ रोग समाप्त हो गया।

इसके बाद इस सरोवर की खुदाई कराई गई। जिसमें भगवान परशुराम, माता रेणुका, पिता जमदग्नि व भगवान विष्णु की पत्थर की मूर्ति मिली।

## बंदर ने छत से महिला को ढकेला, मौत

जन एक्सप्रेस। भटनी

क्षेत्र के उसका गांव निवासी एक महिला की मौत हो गयी। छत पर गेहूं बटोर रही महिला को बंदर ने धक्का दे दिया, जिससे महिला नीचे गिर गयीं। महिला की मौत से परिवार में मातम छाया है।उसका गांव निवासी बृजभान सिंह गांव में चक्की चलाते हैं। उनकी पत्नी उषा देवी 45 गेहूं धोकर छत पर फैलायीं थीं। शुक्रवार की शाम को छत से गेहूं बटोरने के दौरान बंदर उन्हे छत से धक्का दे दिया। नीचे गिर जाने के कारण महिला के सिर में गंभीर चोट लग गयी। जिससे वह अचेत हो गयीं। परिवारीजन आनन फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने रेफर कर दिया।

## झोपड़ी में लगी आग: सिलेंडर ब्लास्ट, गाय को बचाने में बालक झुलसा, मौत

**जन एक्सप्रेस/सुरौली।** सुरौली थाने के नकडिहा जाने वाले मार्ग पर एक खेत के डंठल में शुक्रवार की दोपहर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। अभी ग्रामीण कुछ समझ पाते आग सिसवा पांडेय गांव निवासी मोहन प्रसाद की झोपड़ी को अपने आगोश में ले लिया।देखते ही देखते आग ने एक-एक कर झोपड़ी व टिनशेड नुमा सात घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में एक के बाद एक चार सिलिंडर ब्लास्ट हो गए। इससे आग और विकराल हो गई। झोपड़ी में भाई के साथ सो रहा एक किशोर भाई को जगाकर किसी तरह से बाहर निकाला। इसके बाद बंधी गाय को बाहर निकालने का प्रयास कर ही रहा था कि आग की चपेट में आकर झुलस गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

# सऊदी अरब में फॅसे 40 मजदूर खाने को मोहताज, सोशल मीडिया के जरिए लगाई मदद की गुहार

**प्रवासी मदद फाउंडेशन युवकों के वतन वापसी के लिए विदेश मंत्रालय से कर रहा संपर्क**

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

कुशीनगर जनपद सहित बिहार प्रदेश व पश्चिम बंगाल सहित कुल 40 मजदूर युवक रोजी रोजगार के लिए खाड़ी देश के सऊदी अरब में जाकर फंस गए है। मजदूर युवको ने सोशल मीडिया के माध्यम से वतन वापसी के लिए गुहार लगाई है।

देश में बढ़ती बेरोजगारी एक समस्या है।आए दिन रोजगार की तलाश में देश से भारी तादाद में युवक रोजी रोटी के लिए दूसरे देश में पलायन कर रहे हैं।ये युवक मजदूरी कर घर की माली हालत को ठीक करने के लिए अपने वतन को छोड़कर हजारों किलोमीटर दूर कमाने के लिए जाते हैं ताकि अपनी और अपने परिवार के लोगों का भरन-पोषण अच्छे से कर सके ।आये दिन खबर मिलती रहती है कि कंपनी वाले गरीब मजदूरों को बुलाकर शोषण करते हैं। सऊदी अरब में उत्तर प्रदेश,बिहार व पश्चिम बंगाल के कुल 40 मजदूर युवक फंसे हुए हैं।

सोशल मीडिया के माध्यम से यह युवक वीडियो जारी कर अपनी व्यथा देश दुनिया के सामने बता रहे हैं।इसके बावजूद भी अभी तक उनकी खैर कोई नहीं लिया है,हालत इतनी खराब हो गयी है कि दाने-दाने को मोहताज हो रहे हैं,इनके सामने खाने के लाले पड़ गये हैं, नौबत भूखमरी की आ पड़ी है।मजदूरों ने वतन वापसी के लिए प्रवासी मदद फाउंडेशन से गुहार लगाई है।संस्था उन्हें वतन वापसी कराने के लिए पहल करनी भी शूरु कर दिया है।



प्रवासी मदद संस्था से मिली जानकारी के अनुसार विदेश में फंसे उन युवकों में कुशीनगर जनपद के हाटा व रामकोला,पडरौना व तमकुहीराज थाना क्षेत्र के 9 मजदूर व बिहार प्रदेश के 26 मजदूर तथा पश्चिम बंगाल के 5 मजदूर 18 माह पहले रोजी रोटी की तलाश मे सऊदी अरब के एक कंपनी मे मजदूरी करने गए थे जहां कंपनी ने 18 माह काम कराया और 12 माह की सैलरी ही दिया है।जब मजदूरों ने सैलरी मांगी तो कंपनी वालो ने उनके साथ बदसलूकी किया और कंपनी ने किचन का दरवाजा भी बंद कर दिया है।उसके बाद मजदूर शहर बाजार के सब्जी मंडियों व वहां के लोगो से भीख मांगकर अपना भोजन कभी कभार कर रहे हैं।वह अपने देश की वापसी के लिए मिन्नते कर रहे हैं।सोशल मीडिया में वीडियो जारी कर अपनी व्यथा दुनिया के सामने दर्शा रहे हैं,इसके बावजूद अभी तक उनकी कुशलता किसी ने नहीं लिया है।हालत इतनी खराब हो गयी है कि दाने-दाने को मोहताज हो रहे हैं इनके सामने खाने के लाले पड़ गये हैं ।उन्होंने ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रवासी मदद फाउंडेशन मुख्य कार्यालय पिपरा कुशीनगर मे एक वीडियो किल्प भेजकर वतन वापसी की गुहार लगाई है।संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश कुमार,उपाध्यक्ष प्रदीप पांडेय, महासचिव विजय मद्देशिया द्वारा मजदूरों से वाट्सएप के माध्यम से सम्पर्क कर उनसे वर्तमान की स्थिति की जानकारी करने के साथ विदेश मंत्रालय व भारतीय राजदूतवास से संपर्क कर सउदी अरब से फंसे मजदूरों को वतन वापस कराने की बात कर रहे हैं।

महासचिव विजय ने बताया कि संबंधित अधिकारियों से बात चल रही है बहुत जल्द ही मजदूर भाइयों की वतन वापसी संस्था द्वारा करा दी जाएगी।

# अखिलेश करेंगे 'नेताजी' के उस लकी मैदान में रैली जब भी हुआ सपा का अधिवेशन, मिली बंपर जीत

जन एक्सप्रेस । आगरा



अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव 2024 में जीत के लिए पसीना बहा रहे हैं। ऐसे में एक बार फिर अखिलेश यादव आगरा में नेताजी मुलायम सिंह यादव के लिए लकी रहे जीआईसी मैदान में जनसभा करने जा रहे हैं। ये वो मैदान है, जब भी यहां सपा का अधिवेशन हुआ, तो बड़ी जीत मिली।

लोकसभा चुनाव में आगरा और फतेहपुर सीकरी लोकसभा के प्रत्याशियों के समर्थन में अखिलेश यादव 29 अप्रैल को आगरा आएंगे। यहां वह अपने लिए भाग्यशाली रहे जीआईसी मैदान में चुनावी रैली करेंगे। सोमवार अपराह्न 3 बजे होने वाली सपा की रैली में प्रियंका या राहुल गांधी शामिल हो सकते हैं। सपा के लिए आगरा भाग्यशाली रहा है। साल 1992 में समाजवादी पार्टी की स्थापना के बाद अगले ही साल 1993 में यहां राष्ट्रीय अधिवेशन किया, जिसके तुरंत बाद उनकी प्रदेश में सरकार बन गई।

साल 2003 में सपा ने फिर से जीआईसी मैदान पर राष्ट्रीय अधिवेशन किया, जिसके बाद फिर सरकार बनी। साल 2009 में आगरा में बैठक के बाद लोकसभा चुनाव में सपा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। साल 2012 के विधानसभा चुनाव से पहले फिर से तारघर मैदान पर अधिवेशन किया गया, जिसके बाद सपा की प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी।

कोठी मीना बाजार मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के बाद अब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आगरा आएंगे। सपा शहर अध्यक्ष वाजिद निसार ने बताया कि 29 अप्रैल को दोपहर 3 बजे वह जीआईसी मैदान पर चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। उनके साथ सपा सांसद डिंपल यादव, राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन और इंडी गठबंधन के घटक कांग्रेस से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के आने की संभावनाएं हैं। कांग्रेस का आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। यह रविवार तक स्पष्ट होने की उम्मीद है।

29 सितंबर 1992 को स्थापित समाजवादी पार्टी आगरा लोकसभा पर अब तक दो बार खाता खोल पाई है। साल 1999 और 2004 में समाजवादी पार्टी सिने स्टार राजबब्बर के ग्लैमर के चलते आगरा लोकसभा सीट जीत चुकी है। उसके बाद 20 साल से सपा के लिए आगरा में साइकिल दौड़ाना मुश्किल हो गया है। वर्ष 2009 में आगरा लोकसभा सीट सुरक्षित हो गई, जिसके बाद पार्टी प्रत्याशी तीसरे नंबर से आगे नहीं बढ़ सके हैं।

जीआईसी मैदान पर ही कल्याण को पहनाई थी लाल टोपी

वर्ष 1991 के राममंदिर आंदोलन में धुर विरोधी रहे पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव और कल्याण सिंह इसी जीआईसी मैदान पर जनवरी 2009 में एक दूसरे के गले लगे। इस मैदान पर हुई जनसभा में सपा अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने कल्याण सिंह को लाल टोपी पहनाई थी। दोनों के बीच राजनीतिक दोस्ती हुई, लेकिन यह दोस्ती ज्यादा दिन चली नहीं। साल 2017 में भी तारघर में पार्टी ने अधिवेशन किया, लेकिन इस बार यह टोटका चल नहीं पाया और परिणाम सपा के लिए अच्छे नहीं रहे।

## किसी ने अमेरिका से आकर किया वोट तो बूथ पर पहुंचे कई दिव्यांग

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

एशिया की सबसे बड़ी विधानसभा में वोट प्रतिशत भले ही सबसे कम रहा हो लेकिन यहां ऐसे लोग भी रहे जो वोट डालने पहुंचे तो वहां कतार में लगे लोगों ने भी उन्हें आगे जाने का रास्ता दिया। यहां के मतदान केंद्रों पर जहां 103 वर्ष के बुजुर्ग वोट डालने पहुंचे, वहीं बुजुर्ग दंपती जो अब शिकागो के ग्रीन कार्ड होल्डर हैं, वह फ्लाइट से वैशाली केवल इसलिए लौटे कि उन्हें भारत के लोकतंत्र महोत्सव में अपनी जिम्मेदारी निभानी थी। यही नहीं कई बूथों पर दिव्यांग युवा भी अपना वोट डालने पहुंचे।

वैशाली सेक्टर-4 निवासी सुरेश गुप्ता अपनी पत्नी सरोज गुप्ता के साथ शिकागो में अपने बेटे के पास रहते हैं। उन्होंने बताया कि वह अब अमेरिका में ग्रीन कार्ड होल्डर हैं। उन्होंने बताया कि शिकागो से भारत केवल वोट डालने के लिए आए हैं। सुरेश गुप्ता का कहना है कि वह जब भी विदेश में होते हैं तो उनको भारतीय होने पर बहुत गर्व होता है। सरोज ने बताया कि वह लोग यहां एक सप्ताह रहने के बाद वापस बेटे के पास चले जाएंगे।

## आगरा में दर्दनाक हादसा: शार्ट सर्किट से घर में लगी आग

जन एक्सप्रेस । आगरा



नगला किशनलाल में शुक्रवार देर रात एक घर में आग लग गई। इस घटना में घर के अंदर सो रहे मकान मालिक की जिंदा जलकर मौत हो गई। आगरा के ट्रांस यमुना क्षेत्र के नगला किशनलाल में शुक्रवार आधी रात को दर्दनाक हादसा हुआ। यहां शार्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई। आग में मकान मालिक सत्य प्रकाश जिंदा जल गए। वो घर पर अकेले ही थे। पूरा परिवार पैतृक गांव हाथरस गया हुआ था।

नगला किशनलाल के रहने वाले सत्य प्रकाश मूल रूप से हाथरस के रहने वाले थे। बताया गया है कि उनकी पत्नी और बच्चे फिलहाल गांव में गेहूं की कटाई के लिए गए हुए हैं। सत्य प्रकाश घर पर अकेले ही थी। आधीरात को न जाने कैसे उनके घर में आग लग गई। लोगों ने जब घर से आग की लपटों को उठते हुए देखा तो मौके की ओर दौड़ पड़े।

लोगों ने आग पर काबू पाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए। आग इतनी भीषण थी कि घर में कोई प्रवेश नहीं कर पा रहा था। घर के अंदर सत्य प्रकाश फंसे हुए थे। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड़ मौके पर पहुंच गई। जब तक घर में लगी आग पर काबू पाया गया, जिंदा जलकर सत्य प्रकाश की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मकान मालिक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं हादसे की खबर मिलते ही परिवार के लोगों में चीत्कार मच गया।

## सुनीता केजरीवाल का रोड शो फ्लॉप, नेताओं ने बनाई दूरी: भाजपा

जन एक्सप्रेस । नोएडा

प्रदेश भाजपा ने शनिवार को इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि प्रचार कार्यक्रम में गठबंधन की एकता की पोल खुल गई। पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में सुनीता केजरीवाल का रोड शो फ्लॉप साबित हुआ। कांग्रेस का एक भी नेता इसमें नहीं पहुंचा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली, पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, पूर्व अध्यक्ष अनिल चौधरी समेत कई नेता पूर्वी दिल्ली की राजनीति में सक्रिय हैं। चुनाव के लिए इसी क्षेत्र से दावेदारी भी कर रहे थे, लेकिन उन्होंने रोड शो से दूरी बना ली। गठबंधन केवल सीट बंटवारे तक ही सीमित रहा। लोकसभा चुनाव के महज सात महीने बाद विधानसभा चुनाव हैं और ऐसे में कोई भी आप विधायक नहीं चाहता कि उनके क्षेत्र का कोई कांग्रेस नेता फिर से सक्रिय हो या जमीन पर लोगों से जुड़े। इसी तरह जो भी कांग्रेस नेता जमीन पर सक्रिय हैं, वे समर्थकों को आप विधायकों व सांसद प्रत्याशी के संपर्क में नहीं आने देना चाहते हैं। गठबंधन जिस तरह अलग-अलग दिशा में चल रहा है, उससे मुमकिन है कि 25 मई से पहले दम तोड़ देगा।

## खूब चला अभियान फिर भी कम रहा मतदान

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

जिला प्रशासन ने एशिया की सबसे बड़ी विधानसभा में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए और जागरूकता रैली भी निकाली। सोसायटियों में स्वयं सीडीओ ने पहुंचकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया और संकल्प दिलाया, बावजूद इसके सुबह से ही साहिबाबाद के बूथों पर मतदाताओं का रूझान कम रहा।

वर्ष 2014 की लोकसभा चुनाव में 49.57 प्रतिशत वोट पड़ा था। वर्ष 2019 की चुनाव में इजाफा हुआ और साहिबाबाद विधानसभा में 52.33 प्रतिशत रहा था। वहीं इस बार शाम पांच बजे तक साहिबाबाद विधानसभा का वोट प्रतिशत 42.84 रहा जोकि सबसे कम हैं। यहां 2022 की विधानसभा में भी 47.33 प्रतिशत वोट पड़ा था। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए इस बार जिला प्रशासन ने लोगों के घर से बूथ तक की दूरी भी सोसायटियों में मतदान केंद्र बनाकर कम कर दी थी। बावजूद इसके लोग घर से नहीं निकले, हालांकि जहां सोसायटियों में बूथ बनाए गए वहां 50 फीसदी से अधिक वोट पड़ा लेकिन वैशाली के मिलिंद एकेडमी स्कूल, वसुंधरा के सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, वसुंधरा के स्टेपिंग स्टोन स्कूल, शालीमार गार्डन के ग्रीन वैली, दशमेश पब्लिक स्कूल, कोणार्क पब्लिक स्कूल, अर्थला स्थित कैलाशवती इंटर कालेज मतदान केंद्र पर पर लोगों की लाइन कभी बन ही नहीं सकी।

यहां दोपहर के समय कई बूथों पर आधा-आधा घंटा तक कोई मतदाता नहीं पहुंचा।

साहिबाबाद विधानसभा का शहरी इलाका नौकरीपेशा है। यहां 80 फीसदी आबादी दिल्ली, गुड़गांव और फरीदाबाद में प्राइवेट जॉब करती है। इसलिए सभी को वोट डालकर ऑफिस जाने की जल्दी थी। इसी वजह से 11 बजे तक मतदान केंद्रों पर लाइन नजर आई।

## गाजियाबाद की सोसायटी में हत्या: गोली मारकर युवक की ली जान

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र की पैरामाउंट सोसायटी में शनिवार सुबह विपुल (25) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र की पैरामाउंट सोसायटी में शनिवार सुबह विपुल (25) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप इसी सोसायटी में रहने वाले राजेश कुमार पर है। आरोपी सेवानिवृत फौजी है। पुलिस ने राजेश को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी राजेश की बेटी से विपुल की दोस्ती थी। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार रात राजेश और विपुल में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद में राजेश ने गोली मारी है। हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपी राजेश ने विपुल के सिर में तीन गोली मारी। इसके बाद खुद 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी कि एक युवक बेटी को परेशान कर रहा था। मैंने उसे मार दिया। राजेश बीएसएफ से सेवानिवृत जवान हैं। हाल में दिल्ली की एक कंपनी में पीएसओ की नौकरी कर रहा है। आरोपी राजेश ने विपुल के सिर में तीन गोली मारी। इसके बाद खुद 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी कि एक युवक बेटी को परेशान कर रहा था। मैंने उसे मार दिया। राजेश बीएसएफ से सेवानिवृत जवान हैं। हाल में दिल्ली की एक कंपनी में पीएसओ की नौकरी कर रहा है।

## भाजपा ने सीएम हाउस को बताया भ्रष्टाचार का अड्डा, साइनबोर्ड लगाया

**जन एक्सप्रेस/नोएडा।** दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार को मुख्यमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शराब घोटाले में अदालत के बयानों से साफ पता चलता है कि घोटाले की डील सीएम हाउस में हुई थी। आलीशान घर का निर्माण अवैध तरीके से किया गया है, इसलिए इसका नाम शीश महल भ्रष्टाचार का अड्डा रखा गया है। सचदेवा ने सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री के आवास के पास इस संबंध में साइनबोर्ड भी लगा दिया। सचदेवा ने मीडिया से कहा कि हर दूसरे दिन केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार की नई कहानी सामने आती है। मुख्यमंत्री के जेल में होने से उनके घर पर कैंप कार्यालय को बंद कर देना चाहिए। इस महल का खर्च सरकारी खजाने पर बोझ डालने वाला है।

## दहेज ने ली जान: शादी के ढाई साल बाद विवाहिता फंदे पर लटकी

जन एक्सप्रेस । आगरा



विवाहिता की शादी के ढाई साल बाद उसकी मौत हो गई। शव फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंचे मायका पक्ष के लोगों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। बताया कि मृतका के एक साल का मासूम बेटा है। कासगंज के सहावर कस्बा के हंस नगर कॉलोनी में एक महिला का शव फंदा से लटका मिला। मृतका के भाई ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हंस नगर कॉलोनी निवासी महिला अनीता (28) का शव शनिवार की सुबह कुंदा से लटका मिला। शव मिलने की सूचना पर आस-पास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। महिला की मौत की सूचना किसी ने फोन कर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। महिला की मौत की खबर सुनकर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कुंदा से उतरवाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। मृतका के भाई मुकेश कुमार निवासी मुहम्मद पुर ने बताया कि ढाई वर्ष पूर्व बहन अनीता की शादी हंस नगर निवासी अनुज से की थी। उसका पति दिल्ली में निजी कंपनी में कार्य करता है। वह दो दिन पूर्व घर आया था। उसका आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर उसका पति अनुज और ससुराल वाले आए दिन बहन के साथ मारपीट करते थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर उन्होंने बहन की हत्या कर दी। मामले में उसने पति व अन्य ससुरालीजनों को नामजद करते पुलिस को तहरीर दी है। एएसपी राजेश भारती ने बताया कि महिला की मौत के मामले में जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फंदा लगाने से महिला अनीता की मौत हुई। मृतका के भाई मुकेश ने बताया कि बहन की शादी लगभग ढाई वर्ष पूर्व हुई थी। उसका बेटा शेखर एक वर्ष है। महिला की मौत से एक वर्षीय पुत्र के सिर से मां का साया उठ गया। मायके पक्ष के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पति गया खेत पर, पत्नी ने रस्सी के सहारे पंखे से लटककर दी जान

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** पति गेहूं काटने के लिए खेतों पर गया था, तभी पत्नी ने गमछे के सहारे पंखे से लटककर जान दे दी। घर पहुंचे पड़ोसी ने उनकी पत्नी को कमरे में फंदे पर लटके देखा तो उन्हें खबर दी। गांव अमरौली में एक विवाहिता ने कमरे में गमछे के सहारे फंदे पर लटककर जान दे दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अमरौली निवासी वीरपाल के अनुसार आठ वर्ष पहले थाना बरला के गांव अरनी निवासी नीतू के साथ उनका विवाह हुआ था। तीन बच्चे हैं। 26 अप्रैल की सुबह वह गेहूं काटने के लिए खेतों पर गए थे, तभी नीतू ने गमछे के सहारे पंखे से लटककर जान दे दी। घर पहुंचे पड़ोसी ने उनकी पत्नी को कमरे में फंदे पर लटके देखा तो उन्हें खबर दी। सूचना पर पहुंचे अमरौली चौकी इंचार्ज ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी नारायण दत्त तिवारी के अनुसार अभी परिवार की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### युवक को लाठी-डंडों से पीटकर किया घायल चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** युवक खेत पर मक्का फसल की रखवाली कर रहा था। इसी दौरान गांव नगला जंगली निवासी आरोपी अपने साथियों के साथ बाइक पर हाथों में लाठी, डंडा लेकर खेत पर पहुंच गया। उन्होंने युवक को बुरी तरह से पीटा। जिससे उसके सिर, कमर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं। गोंडा के गांव चामड में खेत पर मक्का फसल की रखवाली कर रहे युवक को आरोपियों ने पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले में युवक के पिता ने चार आरोपियों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गांव चामड निवासी टोडीराम पुत्र मोहनराम ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि 25 अप्रैल सांय करीब छः बजे उनका पुत्र हेमंत खेत पर मक्का फसल की रखवाली कर रहा था। वह गांव भैंया में लग रहे मेले में घूमने गए थे। इसी दौरान गांव नगला जंगली निवासी योगेश अपने साथी अंकित पुत्र मुकेश, लोकेश पुत्र लखमी, कान्हा पुत्र उदयवीर निवासी चामड़ के साथ बाइक पर हाथों में लाठी, डंडा लेकर खेत पर पहुंच गए। उन्होंने हेमंत को बुरी तरह से पीटा। जिससे उसके सिर, कमर व शरीर पर गंभीर चोटें आ गईं। मुझे सूचना मिली, तो मैं मौके पर पहुंच गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। मामले में थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गोली चलने से एक शख्स घायल घटना स्थल पर पहुंची पुलिस

**जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद** के मुरादनगर में गोली चलने का मामला सामने आया है। जहां एक मोहल्ले में एक शख्स फायरिंग करने लगा। फायरिंग के दौरान दूसरा शख्स घायल हो गया। शाम साढ़े छह बजे जावेद उम्र 28 वर्ष पुत्र गफ्फार निवासी इस्लाम चौक मोहल्ला मलिक नगर कस्बा एवं थाना मुरादनगर कमिश्नरेट गाजियाबाद जब अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था तो नावेद उम्र 30 वर्ष पुत्र मुमताज जाति तेली शराब के नशे में अवैध असला से गली में फायरिंग करने लगा। एक गोली जावेद को लगी। उसके बाद आरोपी नावेद जावेद को घायल अवस्था में इलाज के लिए अपनी गाड़ी में डालकर ले जाने लगा।

### चुनाव संपन्न होने के बाद पुरानी दिनचर्या में वापस लौटे प्रत्याशी

**जन एक्सप्रेस/नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर संसदीय सीट पर बीते 26 अप्रैल को चुनाव संपन्न हो गया। यहां 15 प्रत्याशी मैदान में रहे। मुख्य राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशियों ने चुनाव में खूब जोर लगाया। चुनाव खत्म होने के बाद ऐसे मुख्य प्रत्याशी अपनी पुरानी दिनचर्या में वापस लौट गए। अब आगामी 4 जून को मतगणना के बाद इनके राजनीतिक भाग्य का फैसला होगा। गौतमबुद्ध नगर के बीजेपी प्रत्याशी एवं सांसद डॉ. महेश शर्मा ने अपने संसदीय क्षेत्र के मतदान समाप्त होने के बाद रोज की तरह अपने परिवार के साथ समय बिताया। इसके बाद वह सुबह 11 बजे ऑफिस पहुंचे और जनता से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। फिर दोपहर को घर चले गए। पूरे दिन घर में आराम किया। इसके बाद शाम को वह एक कार्यक्रम में शामिल हुए। वहां लोगों से मिलकर चुनाव पर चर्चा भी की। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नागर वोटिंग के बाद शुक्रवार देर शाम घर लौटे। फिर वह बच्चों के साथ खेले। उन्होंने बताया कि वह पोती को काफी समय देते हैं। लेकिन चुनाव की वजह से ध्यान नहीं दे रहे थे। उन्होंने कहा कि रोज वह पांच बजे सुबह उठ जाते हैं। शनिवार को वह दो घंटे लेट उठे। फिर वह अपने गांव मिलक लच्छी आए और वहां लोगों से मिले और चुनाव पर चर्चा की। इस दौरान लोगों ने उनको मिठाई भी खिलाई। पूरा दिन चर्चा में बीता। चुनाव का दबाव पूरी तरह से खत्म हो गया। लोकसभा चुनाव के लिए हुए मतदान के बाद शनिवार को बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी ने अपने पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर चर्चा की। उन्होंने बूथ वार पदाधिकारियों और कर्मचारियों से मतदान का हाल जाना। इस दौरान पार्टी के नेताओं ने भी अपनी-अपनी बात रखी और विजयी होने का दावा किया। शनिवार को सुबह आम दिनों की तरह पूर्व विधायक और बसपा प्रत्याशी ने परिजनों के साथ चाय-नाश्ता किया और फिर पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा का दौर शुरू हो गया।

### वोटर पर्ची बनाने के लिए 12 लाख कागज के लिए कटे 102 पेड़

**जन एक्सप्रेस/नोएडा।** एक तरफ हम डिजिटल युग में जी रहे हैं वहीं, लोकसभा चुनाव में अकेले एक लोकसभा सीट गौतमबुद्ध नगर में मतदाता पर्ची तैयार कराने के लिए करीब 12 लाख पेज खर्च हो गए। इतने कागज बनाने के लिए करीब 102 वयस्क पेड़ काटने की जरूरत होती है। अगर डिजिटल पर्ची का उपयोग किया जाए तो इन पेड़ों को बचाया जा सकता है।

लोकसभा चुनाव के लिए मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से घर पर ही मतदाता पर्ची पहुंचाई जाती है। अब जो पर्चियां भेजी जाती हैं। उन पर बूथ के मैप के अलावा दूसरी जानकारी भी प्रिंट होती हैं। जानकारों का कहना है कि वोट करने के लिए मतदान केंद्र, बूथ संख्या के अलावा भाग संख्या की जानकारी होनी चाहिए। निर्वाचन आयोग के मोबाइल एप पर भी डिजिटल पर्ची मौजूद होती है। एक मैसेज के जरिए भी डिजिटल पर्ची मंगाई जा सकती है। ऐसे में पर्यावरण को खतरे में डालकर कागज पर पर्चियां प्रिंट कराना उचित नहीं कहा जा सकता है। मोबाइल आज के समय में सभी के पास मौजूद है। इसके लिए जागरूकता बढ़ाए जाने की जरूरत है। एनवायरमेंट एक्टिविस्ट अभिष्ट गुप्ता का कहना है कि कागज बनाने के लिए पेड़ों को काटना होता है। ऐसे में अगर इसका डिजिटल विकल्प उपयोग किया जाए तो बेहतर होगा। एक तरफ हम पेड़ बचाने और नए पेड़ लगाने पर जोर दे रहे हैं। दूसरी तरफ कागज बनाने के लिए पेड़ भी हम काटते हैं।

## निजी विवि की बस पलटी, 13 विद्यार्थी घायल

जन एक्सप्रेस । नोएडा



थाना बीटा-टू थाना क्षेत्र में शनिवार की दोपहर एक निजी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की बस मित्रा गोलचक्कर के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तीन छात्राओं समेत 13 विद्यार्थी घायल हो गए। सभी को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से उपचार के बाद 11 को छुट्टी दे दी गई जबकि दो अभी भी भर्ती हैं। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। वहीं हादसे के बाद चालक फरार हो गया है।

पुलिस के मुताबिक शनिवार दोपहर करीब 2 बजे गलगोटिया विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं अपनी कक्षाएं पूरी कर बस में सवार होकर परी चौक की ओर आ रहे थे। बस में करीब 35 छात्र-छात्राएं सवार थे। मित्रा चौक पर तेज रफ्तार बस ने नियंत्रण खो दिया। बस पास के ही फुटपाथ की ओर पलट गई। बस पलटने ही मौके पर चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने बस के आपात द्वार से फंसे छात्रों को बाहर निकाला। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। घायल छात्रों में अवधेश, मधुर, प्रकाश, विपुल, अर्जुन, नरेश, आशीष, मुस्कान, तनीषा, सामिया परवीन, प्रियांशु और रोहन शामिल हैं। बाद में क्षतिग्रस्त बस को पुलिस थाना बीटा-2 परिसर में ले आई। निजी अस्पताल के डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि घायलों में कोई भी छात्र गंभीर नहीं है।

ड्राइवर की लापरवाही से हुआ हादसा

घायल छात्रों ने ड्राइवर की लापरवाही से हादसा होने की बात कही है। छात्रों का आरोप है कि ड्राइवर लापरवाही से बस चला रहा था। कुछ छात्रों ने उसको इस बात के लिए टोका भी। लेकिन उसने छात्रों की टोकाटाकी को नजरअंदाज कर दिया।

## स्क्रैप माफिया रवि काना और काजल को भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस/नोएडा।** थाईलैंड में गिरफ्तार किए गए 50-50 हजार के इनामी स्क्रैप माफिया रवि काना और सहयोगी काजल झा को 6 मई तक जेल भेज दिया गया।शुक्रवार को थाईलैंड पुलिस दिल्ली हवाई अड्डे पर दोनों आरोपियों को ग्रेनो पुलिस को सौंपकर लौट गई। शनिवार को कमिश्नरेट पुलिस ने दोनों को जिला अदालत में पेश किया गया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अब कमिश्नरेट पुलिस दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेने की तैयारी शुरू कर दी है। एडीजीसी अमित कुमार शर्मा के मुताबिक दनकौर के गांव दादूपुर के निवासी रवि नागर उर्फ रवि काना के खिलाफ अलग-अलग थानों में 20 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं दिल्ली की फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी काजल झा के खिलाफ भी गैंगस्टर एक्ट सहित दो मुकदमे दर्ज हैं। रवि काना को थाईलैंड में गिरफ्तार किया गया था।

## रेलवे दौड़ाएगा अब वंदे मेट्रो, दैनिक यात्रियों को होगा फायदा

जन एक्सप्रेस । नोएडा

वंदे मेट्रो 110-130 किमी की रफ्तार से चलेगी। 200 किमी के दायरे में आने वाले शहरों के यात्रियों को तेज रफ्तार ट्रेन से सफर कराने की योजना है। अगले 10 दिनों में ट्रायल शुरू हो जाएगा। रेलवे अपने दैनिक यात्रियों को मेट्रो जैसे सफर का अहसास कराने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए वंदेभारत ट्रेन की तर्ज पर वातानुकूलित वंदे मेट्रो ट्रेन चलाई जाएंगी। इससे 200 किलोमीटर के दायरे में आने वाले छोटे शहर दिल्ली, मुंबई सरीखे दस लाख से ज्यादा आबादी वाले बड़े शहरों से जुड़ जाएंगे। छोटे रूट पर भी रफ्तार 110-130 किलोमीटर प्रतिघंटे होगी। अगले 10 दिनों में इसका ट्रायल शुरू होगा। जुलाई तक इसे ट्रैक पर भी उतार दिया जाएगा। रेल मंत्रालय के मुताबिक, वंदे मेट्रो ट्रेन देशभर के 124 शहर को जोड़ेगी। इसके एक कोच में 280 यात्री सफर कर सकेंगे। इसमें से 100 लोगों के बैठने के लिए सीटें होंगी, जबकि 180 यात्री मेट्रो की तरह कोच में खड़े रहेंगे। इसे स्मोक डिटेक्शन सिस्टम और कवच सिस्टम से भी इस ट्रेन को लैस किया गया है। जरूरत पड़ने पर यात्री टॉक बैक सिस्टम से लोको पायलट से भी बात कर सकेगा। योजना के केंद्र में 10 लाख आबादी वाले बड़े शहर हैं। इनके 200 किमी के दायरे में दैनिक यात्रियों की आवाजाही बेहतर करने की रेलवे की योजना है। वहीं, यूरोप में जिस तरह की ट्रेन होती है, उसी डिजाइन की वंदे मेट्रो होगी। दिल्ली मेट्रो की तरह साइड सीट बेंचनुमा, लेकिन आरामदायक होगी। पहले चरण में यह ट्रेन 12 कोच वाली होगी। 4, 8, 13, 16 कोच वाली ट्रेनें छोटे शहरों को कनेक्ट करेंगी। जल्द ही देशभर में वंदे मेट्रो दौड़ने लगेंगी। राजकोट-अहमदाबाद, चेन्नई-तिरुपति जैसे शहरों को एक-दूसरे से लिंक करने के साथ ही यह ट्रेनें हर राज्य की राजधानी से जोड़ेंगी। वंदे मेट्रो की तरह वंदेभारत स्लीपर कोच वाली ट्रेन भी जल्द ही पटरी पर उतरेगी। लंबी दूरी की यह ट्रेन अगले तीन महीने में चलाने की तैयारी है। यह ट्रेनें दिल्ली-मुंबई, दिल्ली-कोलकाता, दिल्ली-चेन्नई, दिल्ली-विशाखापत्तनम समेत अन्य रूट पर चलेंगी। आधुनिक सुविधाओं से लैस ट्रेनें आरामदायक यात्रा कराने में मददगार साबित होंगी। इसी तरह रेलवे वंदेभारत कुर्सीयान वाली ट्रेनों की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दे रहा है। रेल मंत्रालय के अनुसार, स्लीपर श्रेणी वाली अमृत भारत ट्रेन अब नये कलेवर में दिखेगी। इसे और अधिक गति देने के लिए 6000 हॉर्स पॉवर वाले दो इंजन को जोड़कर चलाया जाएगा। जल्द ही 50 और इस तरह की ट्रेनें ट्रैक पर उतरेंगी। साथ ही, 400 अमृत भारत ट्रेन निर्माण की स्वीकृति दी गई है। लंबी दूरी वाली यह ट्रेनें ज्यादा ट्रैफिक वाले रूट पर भी अपनी गति से चलेंगी। ट्रेनें 22 कोच वाली होंगी जिनमें 11 स्लीपर और 11 अनारक्षित कोच होंगे। रेलवे ने पैसेंजर ट्रेन के लिए भी इंजन के मॉडल को आधुनिक करने के साथ ही नया रूप दिया है। 1980 से अभी तक निर्मित हो रहे टी-5 मॉडल को बदलकर जीटीबी इंजन तैयार किया गया है। बुलेट व वंदेभारत ट्रेन की शेप इस नए इंजन को दी गई है। चितरंजन लोकोमोटिव में इसे तैयार किया जा रहा है। वंदे मेट्रो जुलाई में ट्रैक पर आने से सबसे बड़ा फायदा दिल्ली-एनसीआर के शहरों को होगा। 200 किमी के दायरे में आने वाले सभी शहरों के दैनिक यात्री वातानुकूलित कोच में आसानी से दिल्ली पहुंच सकेंगे।

# चोरों ने रेस्टोरेंट को अपना निशाना बनाते हुए

## डेढ़ लाख रुपये समेत लाखों का सामान चोरी कर हुए फरार

* रेस्टोरेंट स्वामी के पुत्र की थी शादी, चोरी की घटना का फुटेज सीसीटीवी मे कैद पुलिस जांच पड़ताल मे जूटी

जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा








जनपद के थाना बरखेड़ा क्षेत्र नगर के नामचीन दौलतपुर रोड पर स्थित जयगुरुदेव रेस्टोरेंट में अज्ञात चोरों ने टॉप फ्लोर का दरवाजा तोड़कर रेस्टोरेंट मे दाखिल हुए चोर और डेढ़ लाख की नगदी समेत चादी की दो लक्ष्मी गणेश की मूर्तियो समेत लाखों का सामान चोरी कर ले गए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी। कस्बा निवासी रेस्टोरेंट स्वामी राम गुलाम सक्सेना ने बताया कि शुक्रवार को अपने पुत्र नरेंद्र की बारात लेकर रात आठ बजे जनपद बरेली गए हुए थे।इधर रेस्टोरेंट में कोई भी नहीं था और रेस्टोरेंट में ताला लगाकर चले गए थे।वहीं जब सुबह लगभग 6 बजे पराग दूध की गाड़ी आई तो रेस्टोरेंट स्वामी की लड़की दुकान पर पहुंची और पराग दूध की पेटियों के पैसे देना थे तभी लड़की ने अपने भाई को फोन किया और पैसे पूछे तो काउंटर की दराज में से निकालकर देने की बात कही। वहीं जब लड़की ने काउंटर देखा तो सभी दराजें खुली हुईं थी और जिसमें गल्ले के पैसे रखे थे वह.भी गायब थे और दराज का लॉक भी टूटा हुआ मिला। रेस्टोरेंट स्वामी ने बताया की गल्ले में लगभग डेड़ लाख रुपये की नगदी रखी हुई थी जो कि एक दिन बिक्री थी। सूचना के बाद रेस्टोरेंट स्वामी अपने बेटों के साथ शादी से वापस बरखेड़ा पहुंचे। और पूरा रेस्टोरेंट देखा की लक्ष्मी गणेश चांदी मूर्ति, डेड़ तोला सोना,16 रुपये चांदी के सिक्के, और डेढ़ लाख रुपये की नगदी सहित लाखों रुपये की चोरी हो गयी है।वही थाना बरखेड़ा पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही आनन-फानन मे मौके पर पहुंची थाना पुलिस मामले की जांच-पड़ताल मे जूट गई। रेस्टोरेंट में लगे सी सी टी वी को खंगाला तो सीसीटीवी मे घटना कैद हो गयी कैमरे में हेलमेट लगाए चोर दिखाई दे रहे हैं।

# बारात में गए प्रधान पति पर लोहे की राड से हमला, गंभीर घायल

* पुलिस ने नौ आरोपियों के खिलाफ दर्ज की प्राथमिकी
* प्रधान पति का पीलीभीत के निजी अस्पताल में चल रहा उपचार

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

बारात में गए प्रधान पति पर दबंगों ने राड से हमला कर बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। बीच बचाव करने आए भांजे के साथ भी जमकर मारपीट की। गंभीर हालत में प्रधान प्रति को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी लाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।पुलिस ने नौ आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

गुरुवार बंडा थाना क्षेत्र के गांव हेतम नगरा निवासी रतन भारती के पुत्र कुलदीप की बारात माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव लोहपुरा में आई थी। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा छत्रपति निवासी हरजीत कुमार अपने मामा दयालपुर निवासी प्रधान पति रामपाल के साथ शादी में शामिल होने लोहरपुरा गए हुए थे। रात ग्यारह बजे सभी पंडाल में खाना खा रहे थे। इसी दौरान पंडाल में पहुंचे लोहरपुरा निवासी संजीव कुमार प्रधान पति को एकांत में ले गया। वहां पहले से मौजूद आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने प्रधान पति पर लोहे की राड से हमला कर दिया। सिर में राड लगने से प्रधान प्रति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख बीच बचाव करने पहुंचे प्रधान पति के भांजे हरजीत के साथ भी दबंगों ने जमकर मारपीट की। दबंगों की पिटाई में प्रधान पति का भांजा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। दबंग प्रधान पति को मरणासन्न अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गए। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। बेहोशी की हालत में प्रधान पति को उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।प्रधान पति का पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने संजीव कुमार, तेजपाल, गुड्डू, अनिल कुमार, बलराम, मोनू, सुरेश, गुड्डू पुत्र लालता, नरेश निवासी लोहरपुरा के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज की है। थाना प्रभारी अचल कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# देर रात ग्रामीण के घर में लगी आग से हजारों रुपए का घरेलू सामान जलकर राख



* ग्रामीणों की मदद से बमुश्किल आग पर पाया काबू
* तहसील प्रशासन को दी गई घटना की जानकारी

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

हज़ारा। शनिवार देर राणा राणाप्रताप नगर निवासी एक ग्रामीण के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग के आगोश में आने से कमरे में रखा हजारों रुपए का घरेलू सामान जल कर राख हो गया।ग्रामीणों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया गया। पीड़ित ने मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। पूरनपुर तहसील के ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव राणा प्रताप नगर निवासी आनंद सागर शुक्रवार रात परिवार के साथ सोए हुए थे। देर रात अज्ञात कारणों के चलते अचानक घर में आग लग गई। कमरे के अंदर से धुआं उठता देख घटना की जानकारी हुई। ग्रामीण के शोर शराबा करने पर आस-पड़ोस के लोग भी मौके पर जुट गए। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। आग पर काबू पाया जाता है इससे पहले घर में रखा सिम कार्ड, पैन कार्ड, पहचान पत्र, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, निवास प्रमाण पत्र, रजाई बिस्तर, दो चारपाई, बर्तन, राशन, अनाज सहित हजारों रुपए का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने घटना की जानकारी तहसील प्रशासन को दी। मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल नरेश चंद्र गंगवार ने आग से हुए नुकसान का आकलन का रिपोर्ट तैयार की। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही पीड़ित को मुआवजे की धनराशि दिलाई जाएगी। बता दें की पीड़ित की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। आग से घर का सारा सामान जलकर राख हो गया।

# ट्रैक्टर से गिरकर हैरों की चपेट में आने से किशोर घायल



जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

ट्रैक्टर पर बैठकर खेत से आ रहा किशोर अचानक नीचे गिरने से हैरों की चपेट मे आकर घायल हो गया। किशोर को गंभीर हालत में उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद किशोर को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव लोधीपुर निवासी अजीम खां का 12 वर्षीय पुत्र शोहल शनिवार सुबह ट्रैक्टर पर बैठकर खेत से वापस आ रहा था। इसी दौरान किशोर अचानक ट्रैक्टर से नीचे गिर गया। हैरों की चपेट में आने से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया।

आनन फानन में किशोर को उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद किशोर को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

स्वजनों के अनुसार किशोर की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# खेत पर फांसी के फंदे से लटका मिला किशोर का शव

* दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव पैनियां हिम्मत की घटना

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





जनपद के दियोरिया कला गांव के उत्तर एक खेत के किनारे लगे यूकेलिप्टस के पेड़ पर एक किशोर का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सुबह खेतों की तरफ गये लोगों ने देखा कि एक किशोर का शव फांसी के फंदे पर यूकेलिप्टस के पेड़ पर लटका हुआ है। उन्होंने इसकी सूचना गांव में दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश सोलंकी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना की सूचना अपने उच्चाधिकारियों को दी। घटना की सूचना मिलते ही फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और फंदे पर झूल रहे शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा गया है।

गांव पैनिंया हिम्मत निवासी दामोदर लाल का पुत्र धर्मेंद्र 17 वर्ष कल शाम के समय घर से कहीं बाहर खेतों की तरफ चला गया था। बताया गया है कि किशोर मंदबुद्धि था। जो कि देर रात तक बापस घर नहीं लौटा। सुबह जब ग्रामीण अपने खेतों की तरफ निकले तभी उनकी नज़र गांव के उत्तर हरिओम शर्मा के खेत की मेढ़ पर खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ की तरफ गयी। जहां पर एक किशोर फांसी के फंदे पर झूल रहा था। घटना की सूचना गांव में मिलते ही तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंचे। किशोर के माता-पिता और परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक की मां गंगा देवी बेटे का शव देखकर बेहोश हो गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक उमेश सोलंकी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई और युवक के शव को उतार कर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक धर्मेंद्र पांच भाई बहन है मृतक अपने भाइयों में सबसे छोटा था। बड़े भाई और बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। दो भाइयों और एक छोटी बहन की अभी शादी नहीं हुई है। घटना को लेकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हालांकि परिवार में किसी भी तरह की कोई रंजिश से इंकार किया है। प्रभारी निरीक्षक उमेश सोलंकी ने बताया कि गांव पैनियां हिम्मत में एक किशोर द्वारा यूकेलिप्टस के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। परिवार ने किसी भी तरह की कोई रंजिश से इंकार किया है।

# बीसलपुर के गांव मानपुर मरौरी के आधा दर्जन घरों में लगी आग

* पांच बकरी, दो गोबंशीयों की आग से झुलस कर मौके पर ही मौत

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर



गांव मानपुर मरौरी में आधा दर्जन घरों में आग लग गयी। जिससे 5 बकरी व दो गोबंशीयों की आग में झुलस कर मौके पर ही मौत हो गयी जबकि 5 मबेशी बुरी तरह से झुलस गये। घटना का सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। राजस्व टीम ने भी मौके पर जाकर आग से हुई क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तहसीलदार को सौंप दी है वहीं अग्नि पीड़ितों के परिवार में हाहाकार मख हुआ है। बीसलपुर के गांव मानपुर मरौरी में किसी ने सड़क पर आग जलाई थी बीती रात 8 बजे अचानक आग ने बिकराल रुप धारण कर लिया और गांव के मोहन स्वरुप, प्रेमपाल, गिरजाशंकर भगवानदास पुत्रगण परमानंद, सूरजपाल पुत्र नेतराम के घरों में आग लग गयी। आग की तेज लपटें व धुआं देखकर गांव के में लोगों में भगदड़ मच गयी। ग्रामीण घरों से बाहर भाग खड़े हुए। आग लगने की सूचना कोतवाली पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी गयी। आग लगने से 5 बकरी, 2 गोबंशीयों की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि 5 भैंसे बुरी तरह से झुलस गयीं। फायर ब्रिगेड ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलते ही राजस्व टीम भी मौके पर पहुंच गयी। टीम ने आग से हुई क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तहसीलदार कर्मसिंह को सौंप दी है। आग लगने से लगभग 5 लाख रुपये का नुक्शान हो गया है। अग्निपीड़ितों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्राम प्रधान वेदराम वर्मा ने पशु पालन विभाग को सूचना दी। पशुपालन विभाग ने झुलसे भैंसों का इलाज शुरु कर दिया है।

> " गांव मानपुर मरौरी में आधा दर्जन घरों में आग लगने की सूचना मिलते ही राजस्व टीम को मौके पर भेजा गया। शाशन से जो भी संभव होगा अग्निपीड़ितों को आर्थिक सहायता दिलायी जायेगी।
>
> **महिपाल सिंह**
> **एसडीएम बीसलपुर।**

# जंगल के निकट जानवर चरा रहे ग्रामीण पर तेंदुआ ने किया हमला

* खेत में काम कर रहे ग्रामीणों के शोर शराबा करने पर जंगल की ओर भागा
* घायल ग्रामीण को उपचार के लिए सीएचसी में कराया गया भर्ती

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

जंगल से कुछ दूर खेत में जानवर चरा रहे ग्रामीण पर अचानक तेंदुआ ने हमला कर दिया। शोर शराबा करने पर तेंदुआ ग्रामीण को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। घायल ग्रामीण को उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। ग्रामीणों की ओर से घटना की जानकारी वन विभाग को दी गई। जंगल से निकाल कर आबादी में पहुंचने वाले वन्यजीवों पर रोकथाम नहीं लग पा रही है।तार फेंसिंग न होने के कारण अक्सर वन्यजीव जंगल से निकलकर आस पड़ोस के खेतों में डेरा जमाए हुए हैं। मौका लगते ही हिंसक वन्यजीव ग्रामीणों पर हमलावर हो रहे हैं। शनिवार दोपहर लगभग ढाई बजे पूरनपुर क्षेत्र के गांव बंजरिया निवासी देवेश मिश्रा पीटीआर की हरीपुर रेंज के जंगल से सटे खेत में जानवर चरा रहे थे। इसी दौरान जंगल से निकले तेंदुआ ने ग्रामीण पर अचानक हमला कर दिया। तेंदुआ का पंजा लगने से ग्रामीण घायल हो गया। आस-पड़ोस के खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों के शोर शराबा करने पर तेंदुआ ग्रामीण को छोंड जंगल की ओर भाग गया। घायल ग्रामीण को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल ग्रामीण को घर भेज दिया। घटना की जानकारी वन विभाग को दी गई। सीएचसी पहुंचे फॉरेस्ट गार्ड नीपेंद्र ने घायल ग्रामीण से घटना के संबंध में जानकारी जुटाई।

# बारात में आए हुए लोगों से मारपीट, दो युवक घायल, जिला अस्पताल रेफर

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सतहरिया ग्राम में बीती रात करीब 11 बजे एक बारात में शामिल होने दो युवक आए थे। जहा किसी अज्ञात लोगों से बहस के दौरान हुई मारपीट में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सक ने दोनो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

उक्त गांव के बिंद बस्ती में बीती रात झूसी प्रयागराज से बारात आई थी। जिसमे शामिल होने कें लिए वही से ये दो युवक भी आए थे। जहा किसी अज्ञात लोगों से बहस कें दौरान आपस में हुई मारपीट में प्रयागराज जिले के झूसी थाना क्षेत्र के हवसपुर ग्राम निवासी 33 वर्षीय अनिल बिंद पुत्र जगत नारायण बिंद, इसी जिले और थाना क्षेत्र के बजहा ग्राम निवासी 26 वर्षीय कल्याण बिंद पुत्र राम तीर्थ बिंद गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगो की मदद से दोनो को पास में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया में भर्ती कराया। जहा चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# तालाब के पास मिला 7वीं शताब्दी का एकमुखी शिवलिंग

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

वाराणसी जिले के चौबेपुर क्षेत्र के भंदहाकलां गांव में स्थित विशाल जलाशय के आसपास सातवीं से 10वीं शताब्दी की देव प्रतिमाएं मिली हैं। एकमुखी शिवलिंग सातवीं-आठवीं शताब्दी की बताई जा रही है। जबकि तालाब में मिला स्तंभ 19वीं शताब्दी का है। पुरातत्व विभाग ने इसकी जांच की और इसके संरक्षण के लिए ग्रामीणों को सौंप दिया। हालांकि ग्रामीण पहले से ही इन प्रतिमाओं की पूजा करते हैं। गंगा गोमती के तट पास और मार्कंडेय महादेव मंदिर से तीन किमी दूर संदहा कलां गांव के तालाब के पास लघु देव प्रतिमाएं काफी समय से मौजूद हैं। यह तालाब अमृत सरोवर योजना में सुंदरीकरण के लिए भी चयनित है।

## इंटर की छात्रा ने फंदालगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर। पड़री। थाना क्षेत्र के तोसवा गांव में बड़ी बहन की शादी के तीसरे दिन बृहस्पतिवार की देर रात इंटर की छात्रा ने टिनशेड के पाइप के सहारे चादर से फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों के मुताबिक वह छत पर भाई के साथ सोई थी। रात को जब भाई को बहन नहीं दिखी तो उसने खोजबीन की। देखा तो बहन फंदे पर लटकी थी। शोर मचाया तो परिजन मौके पर गए। छात्रा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक युवती की बड़ी बहन की 23 अप्रैल को शादी थी।

# प्रधानमंत्री जी मेरे सिंदूर और मंगल सूत्र पर खतरा मंडरा रहा है: श्रीकला धनन्जय सिंह

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




पूर्व बाहुबली सांसद धनन्जय सिंह को बरेली जेल भेजने पर उनकी पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष व बसपा प्रत्याशी श्रीकला सिंह ने पत्रकारों से कहा कि यह ये धर्म युद्ध है एक बहू के सिन्दूर को बचाने का समय है।उन्होंने अभय सिंह का वगैर नाम लेते हुए कहा कि मेरे पति के ऊपर जिन लोगों ने जानलेवा हमला किया था वो लोग भी बदले घटनाक्रम में आज सत्ता के पाले में हैं और ये सब देखकर मुझे डर है कि ये लोग मेरे पति की हत्या का प्रयास कर सकते हैं या उनको किसी और फर्जी मुकदमो में फंसाने का कुचक्र कर सकते हैं।मेरे पति का गुनाह सिर्फ इतना है कि वो निर्भीक हैं, आपकी लड़ाई में उन्हें कभी समझौते नहीं किये उन्होने बिना रुके, बिना थके जौनपुर के लोगों की सेवा की है और जब आपकी आवाज को सदन तक पहुंचाने के लिए चुनाव लड़ने का फैसला किया तो उनके ऊपर फर्जी मुकादमे कायम कराये गए। भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई को कोई और रूप दिया गया अभी जब उच्च न्यायालय ने बहस के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा था तो भी ये लोग बौखलाहट में उनका जेल ट्रांसफर कर दिया। इन लोगो के अंदर उच्च न्यायालय के फैसले का भी इंतजार करने का या उसका सम्मान करने का साहस नहीं।आज मैं देश के प्रधान मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि विपक्ष की सरकार बनने पर आप मंगलसूत्र छीन जाने की बात करते हैं, आज आपकी सरकार में ही मेरे मंगल सूत्र पर संकट है।अब आज के बाद ये लड़ाई सिर्फ मेरी नहीं है, अब ये लड़ाई जौनपुर के हर एक व्यक्ति को लड़नी है। ये लड़ाई किसी एक जाति या धर्म की नहीं होगी, ये लड़ाई होगी अपनी बहू के सिन्दूर को बचाने की, आपके अपने बेटे की जान को बचाने की, जौनपुर का सम्मान बचाने की। आप सबके सामने मैं अपना आंचल फैलाती हूं कि अपना प्यार, आशीर्वाद और साथ मेरी झोली में डाल दीजिए।

# जौनपुर में पुलिस बूथ से चंदकदमों पर चली गोली, चार घायल

* सिर व पेट में लगी है गोली, किए गए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर
* मिस्त्री के बुलावे पर पहुंचे लोगों ने वारदात को दिया अंजाम

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**केराकत।** लंबे समय से शांत चल रहे केराकत कस्बे की आबो हवा में एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट की गूंज ने हलचल मचा दी है। शनिवार को तड़के एक नवनिर्मित मकान में गोली चलने की घटना में जहां चार लोग गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुए हैं, वहीं पुलिस चौकी से महज चंद कदमों की दूरी पर दिनदहाड़े गोली चलने की घटना से कस्बे में सनसनी फ़ैल गई है। गोली लगने से घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सक ने सभी को बेहतर उपचार के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। बताते चलें कि केराकत कोतवाली क्षेत्र के सरायबीरु गांव निवासी दिवाकर सिंह का सरायबीरु चौराहे के समीप पहलवान बाबा मंदिर के पास मकान का निर्माण कार्य चल रहा है जहां टाइल्स लगाने में हुई गड़बड़ी को लेकर उनके बेटे से मिस्त्री से विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद गहराने पर मिस्त्री ने फोन कर अपने गांव से काफी संख्या में लोगों को बुला लिया था। जो मौके पर पहुंचते ही ईंट पत्थर चलाने लगे थे। जब-तक लोग माजरा कुछ समझ पाते कि तड़ातड़ गोली चलने के साथ ही भगदड़ मच गई। मौके पर नवीन सिंह 21वर्ष पुत्र दिवाकर सिंह

उर्फ गुड्डू, गौरव सिंह 26 पुत्र योगेश सिंह, अभिषेक सिंह पुत्र दिवाकर 25, पेट में गोली लगी है। सभी सरायबीरू निवासी गंभीर रूप से गोली लगने से खून से लथपथ पड़े हुए थे। समीप में मिस्त्री अजय यादव पुत्र शंकर यादव 25 निवासी सुरहूरपुर भी पेट में गोली लगने से घायल पड़ा हुआ था। आनन फानन में सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत ले जाया गया जहां से सभी की हालत गंभीर देखते हुए तत्काल ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है। सुबह तकरीबन 9 बजे घटी इस घटना से कस्बे में जहां सनसनी फ़ैल गई हैं वहीं पुलिस बूथ के समीप घटित इस घटना से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। नवीन सिंह को सिर में गोली लगी है जबकि अन्य को पेट में गोली लगी है। बताया जा रहा है कि गौरव सिंह यहां अपने ननिहाल में रहते हैं उन्हें भी गोली लगी है। गोली चलने के बाद मौके पर केराकत कोतवाली प्रभारी, क्षेत्राधिकारी केराकत ने मयफोर्स पहुंच कर हमलावरों के धरपकड़ की दिशा में क़दम बढ़ाने के साथ ही जगह-जगह नाकेबंदी भी शुरू कर दिया था। घटना के बाद जिला मुख्यालय से आईं फोरेंसिक जांच टीम ने मौके का मौका मुआयना करते हुए जांच पड़ताल की है।

## टाईल्स लगाने को लेकर उपजा विवाद

निर्माणाधीन मकान में टाइल्स लगाने में हुई गड़बड़ी घटना का कारण बनी है। चर्चा है कि ग़लत टाइल्स लगाने को लेकर कहासुनी होने पर बात बढ़ने लगी थी। इतने में मिस्त्री ने अपने गांव घर के लोगों को फोन कर कमरे में बंद किए जाने की बात बताते हुए फौरन मौके पर बुला लिया था। जिसपर कुछ ही देर में दर्जनों की संख्या में लोग जुट गए थे और देखते ही देखते ईट पत्थर के बाद गोलियां चलाने लगें थे। जिससे आसपास के लोग भी भयवश इधर-उधर दुबक लिए थे।

## शो-पीस बनकर रह गया है पुलिस बूथ

केराकत कोतवाली क्षेत्र का सरायबीरु चौराहा कस्बे का महत्वपूर्ण चौराहा है जहां कई गांवों से होकर लोगों का आवागमन होता है तो वहीं आजमगढ़ जनपद के देवगांव, लालगंज सहित आजमगढ़ जाने के लिए इसी मार्ग से जाना पड़ता है। व्यस्ततम स्थल होने के साथ-साथ सुरक्षा के लिहाज से भी यह काफी चुनौतीपूर्ण चौराहा है। गौर करें तो तकरीबन दो दशक पूर्व सरायबीरु चौराहा और पहलवान बाबा मंदिर के निकट ही गोली चलने की घटना घटित हो चुकी है जिसमें एक मौत हो गई थी जबकि एक को बदमाशों ने चेतावनी स्वरूप पैर में गोली मारकर चलते बने थे। इन दोनों घटनाओं को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से कुछ समय बाद सरायबीरु चौराहा पर पुलिस बूथ खोला गया था ताकि सुरक्षा के साथ ही साथ निगरानी भी होती रहे। लेकिन देखा जाए तो यह पुलिस बूथ पुरी तरह से शो-पीस बनकर रह गया है। ज्यादातर यहां दलालों का ही जमावड़ा देखने को मिला करता है।

## डीजे व बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। रामपुर थाना क्षेत्र के यादव नगर में शुक्रवार की आधी रात में को डीजे व बाइक में आमने-सामने टक्कर होने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दो अन्य घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। तथा दो घायलों में एक की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जौनपुर-मिर्जापुर हाईवे पर रामपुर थाना क्षेत्र के यादव नगर में शुक्रवार की रात लगभग 11बजे धनुहां, रामपुर निवासी सूरज विश्वकर्मा, अर्जुन विश्वकर्मा व सत्यम विश्वकर्मा तीनों एक ही बाइक से किसी वैवाहिक कार्यक्रम से वापस अपने घर लौट रहे थे, कि यादव नगर में डीजे व बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतना जोरदार था कि सूरज विश्वकर्मा 24 वर्ष पुत्र बांकेलाल की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि बाइक पर बैठे दोनों युवक घायल हो गये। रात में ही सूचना पर थानाध्यक्ष रामपुर विक्रम लक्ष्मण सिंह मय फोर्स के साथ पहुंच गये। तथा घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर ले गये। जहां पर सत्यम विश्वकर्मा की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया।

## इटावा से भाजपा सांसद व प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया के पक्ष में सीएम ने की जनसभा

# कांग्रेस व सपा का फिर से गठबंधन देश को धोखा देने के लिए हुआ है: सीएम योगी

- पाकिस्तान को पता है कि आतंकी हमलों में हुआ हाथ तो हो जाएंगे पूरा साफ: योगी
- कल्याण सिंह के लिए संवेदना के शब्द नहीं निकले और माफिया के घर फातिहा पढ़ने चले गए
- बच्चे ने प्रकट किए मनोभाव, बाबा जी तुम अपराधी ठोको, हम वोट ठोकेंगे

जन एक्सप्रेस । औरैया



### पटाखा फूटने पर पाकिस्तान तुरंत सफाई देता है

सीएम योगी ने कहा कि मोदी जी ने दस वर्ष में भारत के सर्वांगीण विकास, आपके और आपके भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए कार्य किए हैं। देश में अब सुरक्षा का माहौल है। पटाखा फूटने पर अब पाकिस्तान तुरंत ही सफाई देता है कि मेरा कोई हाथ नहीं है। उसे पता है कि अगर हाथ हुआ तो पाकिस्तान साफ हो जाएगा।

### मोदी जी ने 10 वर्ष में जो कार्य किए, कांग्रेस 65-70 वर्ष में भी नहीं कर पाई

सीएम योगी ने आमजन से पूछा कि आतंकवाद, नक्सलवाद का जनक कौन है। औरैया को विकास और एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज से किसने वंचित किया था। मोदी जी के नेतृत्व में नए-नए संस्थान खुल रहे हैं। कांग्रेस, सपा-बसपा ने कुल मिलाकर जितना कार्य नहीं किया, मोदी जी ने 10 वर्ष में उससे अधिक कार्य कर दिया। सीएम ने पीएम मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों को भी गिनाया।

### बच्चे ने लहराई तख्ती, बाबा जी तुम अपराधी ठोको, हम वोट ठोकेंगे

यूं तो बच्चों को वोट देने का अधिकार नहीं है, लेकिन सीएम योगी की औरैया रैली में बच्चों ने भी अपने मनोभाव प्रकट किए। एक बच्चा तख्ती लेकर पहुंचा और लहराया। तख्ती पर लिखा था बाबा जी तुम अपराधी ठोको, हम वोट ठोकेंगे। मासूम के यह मनोभाव बताते हैं कि माफिया के हौसले पस्त और योगीराज में आमजन मस्त है।

### अब हम लोग ब्रज भूमि की तरफ चल रहे हैं

सीएम ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय सपा-बसपा के लोग इन्हें सपोर्ट कर रहे थे। तब कांग्रेस ने हमारे आराध्य देवों के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा किया था। आज अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए। काशी और अयोध्या पूरा हो गए, अब हम ब्रज भूमि की तरफ चल रहे हैं। भाजपा ने कहा कि भारत की आस्था का सम्मान होगा और समान नागरिक कानून लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि यूपी में अब तक हुए 16 में से सभी 16 सीटों पर भाजपा व सहयोगी दल जीत रहे हैं। 80 की 80 सीटें भाजपा जीतेगी।

### कल्याण सिंह के लिए संवेदना के शब्द नहीं निकले और माफिया के घर फातिहा पढ़ने चले गए

सीएम ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह की मृत्यु पर मैं उनके घर श्रद्धांजलि देने गया। पीएम मोदी ने संवेदना व्यक्त की। सपा ने कल्याण सिंह की मृत्यु पर संवेदना के एक भी शब्द व्यक्त नहीं किए और माफिया के घर फातिहा पढ़ने चले गए। सीएम ने आह्वान किया कि ऐसी सपा को स्वीकार नहीं करना है। ऐसे लोगों को फिर से फातिहा पढ़ने भेज दीजिए। आपके लिए मेडिकल कॉलेज भी भारतीय जनता पार्टी ने दिया है। भाजपा सुरक्षा व समृद्धि के लिए कार्य करेगी।

### कांग्रेस ने देश को बांटा, अब संपत्ति का एक्सरे कराकर विरासत टैक्स लगाएगी

सीएम योगी ने कहा कि 1947 में कांग्रेस ने देश को बांटा, अब भारतवासियों के संपत्ति का एक्सरे कराकर विरासत टैक्स लगाने की बात कह रही है। आपके दादा-पिता की कमाई गई संपत्ति में से आधी पर कांग्रेस व सपा का अधिकार हो जाएगा। यह लोग कह रहे हैं कि अल्पसंख्यकों को रूचि के अनुसार खानपान की स्वतंत्रता देंगे। सीएम ने पूछा कि भारत में अल्पसंख्यक व बहुसंख्यक का भोजन अलग है क्या। हमारा बहुसंख्यक समाज गोमांस नहीं खाता पर यह अल्पसंख्यकों को गोकशी की छूट देंगे। कांग्रेस व सपा की इस मांग को स्वीकार नहीं करना है। यह आस्था से खिलवाड़ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा के समय गरीब भूखों मरता था। सपा के लोग वसूली करते थे। माफिया सत्ता पर हावी होकर गरीबों की जमीनों पर कब्जा करते थे। इनके पास गरीबों को देने के लिए कुछ नहीं था, लेकिन सपा ने आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का कार्य किया था। गरीब भूखों मरता था और यह लोग आतंकियों को बिरयानी खिलाते थे। कांग्रेस व सपा का फिर से गठबंधन देश को धोखा देने के लिए हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को औरैया के जनता महाविद्यालय, अजीतमल में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने इटावा के सांसद व भाजपा उम्मीदवार रामशंकर कठेरिया को फिर से दिल्ली भेजने की अपील की। सीएम योगी ने कहा कि यह लोग अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जातियों के हकों पर डकैती डालने का कार्य कर रहे हैं। अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस कह रही है कि पिछड़ी जाति को मिलने वाले 27 फीसदी आरक्षण में मुसलमानों को भी शामिल कर उन्हें लाभ देंगे। बाबा साहेब आंबेडकर ने विरोध किया था कि धार्मिक आधार पर देश में आरक्षण नहीं हो सकता, लेकिन यह लोग धार्मिक आधार पर समाज को बांटकर देश के विभाजन की नींव रखना चाहते हैं। यह लोग अनुसूचित जाति के अधिकारों पर कुठाराघात करना चाहते हैं। यूपीए सरकार के समय ऐसे प्रयास प्रारंभ हुए थे। भाजपा ने विरोध करते हुए कहा था कि अनुसूचित जाति, जनजाति को संविधान प्रदत्त अधिकार मिलने से कोई वंचित करेगा तो भीषण आंदोलन करेंगे। भाजपा ने आंदोलन भी किया था। इस अवसर पर योगी सरकार के मंत्री राकेश सचान, अजीत पाल, भाजपा सांसद व उम्मीदवार रामशंकर कठेरिया, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व सांसद गीता शाक्य, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, प्रेमदास कठेरिया आदि मौजूद रहे।



## दो एसडीएम ने चलाया मतदाता जसौली में जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार उपजिलाधिकारी सदर अवीनाश कुमार गौतम तथा उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर नवनीता राय ने सयुक्त रूप से वार्ड संख्या-24 जसौली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। मतदाता जागरूकता हेतु घर घर जाकर लोगों को जागरूक किया तथा आंमत्रण पत्र वितरण किये। मतदाता जागरूकता संवाद में लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि देश के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिये सबकी भागीदारी आवश्यक है। 13 मई 2024 को सभी लोग बढ-चढ कर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। लोकतंत्र मे यह अवसर एक निश्चित अंतराल में हम लोगो के बीच आता है। कहा कि हमारे बूथों पर कड़ी सुरक्षा के इंतजाम है। मतदान केन्द्र पर अवश्य जायें। बिना किसी भय, दवाव के आप सक्षम है अपने मताधिकार का प्रयोग करने में आपलोग पूरी स्वतंत्रत हैं। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदान तिथि 13 मई के पहले सभी मतदाताओं को मतदाता पर्ची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विद्यालयों में आयोजित किए गए कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । औरैया

जिला मजिस्ट्रेट,जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के दिशा निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के विभिन्न विद्यालयों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किये जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत राजकीय हाईस्कूल बिझाई, मानपुर, लखुनो, ऐरवाकटरा, में रैली, रंगोली, शपथ तथा मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। मुकेश सिंह स्मृति महाविद्यालय शौहरी गढिया में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गयी तथा अन्य विद्यालयों में भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसके माध्यम से आमजन में अपने मताधिकार के लिए जागरूकता आये और वह आगामी 13 मई को संपन्न होने वाले मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान प्रतिशत बढ़ाकर एक अच्छे और मजबूत लोकतंत्र के सहभागी बने।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बिल्हौर तहसील से निकली गंग नहर की पटरी पर ककवन से मधुपुल तक रोड पर गड्ढे ही गड्ढे



जन एक्सप्रेस/बिल्हौर। बिल्हौर तहसील क्षेत्र से निकली गंग नहर गुजरी हुई है नहर की पटरी पर ककवन पुल से लेकर मद्धूपुल तक डामर रोड की सड़क गढ्ढो में तब्दील हो गई है कुछ माह पहले रिपेयरिंग का काम हुआ था वह भी अब ऊखडी गिट्टी बजरी पड़ी है गर्मी के दिनों में भीषण लू में जब कोई मोटरसाइकिल सवार तेज रफ्तार से महिलाओं को पीछे बैठाल कर निकलते हैं तो फिसल कर गिर जाते हैं गढ़ेवा गांव के पप्पू ने बताया कि अक्सर लोग यहां पर फिसल कर गिर जाते हैं इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है जबकि यह रास्ता दो जिलों को मिलता है । वहीं पर रोड के किनारे गढ़ेवा गांव के समीप बड़े-बड़े बोल्डर गिट्टी जमा है जाने कब यह रोड पर बिछाई जाएंगी और गडढ़ों में तब्दील सड़क वास्तविक रूप में आ जा एगी। भूसा लााकर ट्रैक्टर में झाल लाद कर जा रहा ट्रैक्टर एक जगह पर गड्ढे में उसकी भूसा भरी झाल गिर गई जिसको उन्होंने बड़ी मसक्त से बांधकर ले गए उन्होंने बताया कि पहले रोड सही थी अब काफी दिनों से गडढ़ों में तब्दील हो गई है कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है जनता की चिंता किसी को नहीं है।

### देश का विकास, युवाओं पर ही हमेशा से निर्भर करता रहा है: प्रदेश अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात। भारतीय जनता पार्टी अकबरपुर लोकसभा का युवा सम्मेलन इको पार्क माती में संपन्न हुआ। सम्मेलन में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने अकबरपुर लोकसभा की पांचो विधानसभा से आए हुए युवाओं को संबोधित कहा युवा देश का भविष्य है। देश का विकास उस देश के युवाओं पर ही हमेशा से निर्भर करता रहा है। प्रत्येक राष्ट्र की तरक्की का आधार उसकी युवा पीढ़ी होती है। जिसकी उपलब्धियों से उस राष्ट्र का विकास होता है। भारतीय जनता पार्टी के साथ आज युवा खड़ा है युवाओं के दम पर हम विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकारों ने देश व प्रदेश को गर्त में डालने का काम किया है मोदी सरकार इस समय पांचवी अर्थव्यवस्था पर खड़ी है और आगे 5 सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था तीसरे स्थान पर होगी। प्रांशु दत्त द्विवेदी ने अकबरपुर लोक सभा सांसद देवेंद्र भोले को भारी मतों से जीतने का आवाहन किया सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कहा हमारी पार्टी का मुख्य उद्देश्य अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति का विकास करना है सबका साथ सबका सम्मान के सिद्धांत पर हम चलते हैं मोदी एवं योगी सरकार में योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को समान रूप से मिल रहा है। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष परवेश कटियार ने मुख्य अतिथि का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया।

### संदिग्ध अवस्था में फांसी पर लटका मिला युवक

जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात। घर से दोस्तों के साथ गए युवक का शव अर्मापुर की खाली पड़ी कॉलोनी में संदिग्ध अवस्था में मिला। सिक्योरिटी गार्ड ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। वही अपने बेटे को कल से खोज रहे माता-पिता भी मौके पर पहुंचे। बेटे को फांसी पर लटका देख दहाड़े मार कर रोने पीटने लगे। मृतक के माता-पिता ने अपने साथ लिवा ले गए दो साथियों के ऊपर हत्या का शक जताया है। वहीं पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। फॉरेंसिक टीम और पुलिस ने मौके जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।अर्मापुर टाइप वन में स्मॉल आर्म्स फैक्ट्री में मृतक के दरबान पिता जयशंकर प्रजापति ने बताया कि उसकी पत्नी रेनू,तीन बेटियां दो बेटे है।

## अकबरपुर लोकसभा अंतर्गत सामान्य प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक ने किया वेयरहाउस का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत अकबरपुर लोकसभा अंतर्गत सामान्य प्रेक्षक कादंबरी बालकवाड़े व पुलिस प्रेक्षक चौत्रा एन के द्वारा जिलाधिकारी आलोक सिंह व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के साथ ईववीवएमव वीवीपेट वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान प्रेक्षको ने ईवीएम कक्षों में लगाए गए सीलो,सीसीटीवी कक्ष आदि को देखा। उन्होंने कहा आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं समय अंतर्गत सुनिश्चित की जाए साथ ही सीसीटीवी कैमरे संचालित रहे। उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा और बढ़ाए जाने के भी निर्देश दिए।

## मण्डलायुक्त, एडीजी ज़ोन और प्रेक्षक ने की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । कन्नौज




मण्डलायुक्त अमित गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन आलोक सिंह, सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार, जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर रेंज जोगेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में लोकसभा निर्वाचन को जनपद में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से अधिकारियों के साथ बैठक की। मंडलायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रभारी अधिकारी अपने कार्यों को जिम्मेदारी के साथ करें।नोडल अधिकारियों द्वारा निर्वाचन आयोग से प्राप्त होने वाले निर्देशों का भली भाति अध्ययन किया जाये तथा उसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। ईवीएम से संबंधित सभी नियमो का पूर्णतः पालन किया जाए। मतदाताओं के पहचान पत्र शीघ्र वितरित करा दिये जायें। मतदाता पर्ची पर विशेष ध्यान दिया जाए। पर्ची वितरण वन टू वन कराया जाए और पर्ची वितरण के पश्चात क्रॉस चेकिंग कराई जाए। मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु विशेष रणनीति बनाकर स्वीप कार्यक्रम कराये जाए। होमगार्ड, पुलिस कर्मी, कर्मचारी वाहन चालक आदि आवश्यक सेवा कर्मी का पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जाए। वेब कास्टिंग समय से कराई जाए। पोलिंग प्रतिशत की गणना सही से कर एमपीएस एप पर फीडिंग समय से की जाए। कहा कि वीडियो सर्विलास टीम द्वारा जो भी वीडियो मिले उसका अवलोकन शतप्रतिशत किया जाए। किसी भी दशा में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नही होना चाहिए। शिकायत प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर निस्तारण समय से किया जाये। निर्वाचन कार्य में लगे कार्मिकों को अच्छे से ट्रेनिंग दी जाये और मास्टर ट्रेनर की प्रतिदिन ब्रीफिंग की जाये। चुनाव से सम्बन्धित सौंपे गए कार्य की पूरी जानकारी कार्मिकों को होना चाहिए। प्रचार सामग्री एवं प्रचार वाहन पर बेहतर निगरानी की जाए। अनुमति के आधार पर ही प्रचार वाहन चले इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। एफएसटी टीम और एसएसटी टीम को शिफ्ट वाइस ड्यूटी लगाई जाए एवं इन टीमों द्वारा सघन निगरानी की जाए।जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के उपरान्त आदर्श आचार संहिता का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट में स्थापित शिकायत प्रकोष्ठ के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी तैयारिया पूर्ण कर ली गयी है तथा उनका क्रियान्वयन समय से किया जा रहा है। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार : सड़क बनी नहीं हो गया 4 लाख भुगतान

- बिल्हौर नगर पालिका में अंधेर नगरी चौपट राजा वाला हाल
- एसडीएम रश्मि लांबा ने मौके पर पहुंचकर सड़क देखी, जांच शुरू की

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह



### अधिकारी दोषियों पर कठोर कार्रवाई करेंगे या लीपा पोती कर देंगे

सड़क को बिना बनाए पेमेंट की शिकायत मिली थी।मौका मुआयना किया गया।सड़क पुरानी बनी है। जेई को मौके पर बुलाकर पुरानी फोटो और डिटेल लिया जाएगा,आखिर गड़बड़ किया कैसे ? पूरी रिपोर्ट डी एम को देकर कार्यवाही कराई जाएगी एसडीएम रश्मि लांबा ने बताया किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और रिकवरी होगी उन्होंने बताया कि बाबू की पोस्ट नगर पालिका में वह होती है जिसकी जानकारी में ही सारे टेंडर और सड़क आदि का निर्माण और भुगतान होता है सभासदों ने बताया कि जिसके हाथों से सारा भुगतान होता है वही बाबू एसडीएम के साथ-साथ जांच करने आया था

### अच्छी सड़क तोड़ो ,फिर बनाओ, जनता की गाड़ी कमाई का पैसा लूटो

इसके अतिरिक्त नगर में टेंडर की अधिकांश सड़क जब ठेकेदार बनाने गए तो मुहल्ले के लोगो ने विरोध कर दिया।ये सड़के ठीक थी,और लोगों ने इन्हे तोड़कर दुबारा बनाने का विरोध कर दिया। सभासद देवेंद्र कुमार सविता ने हिम्मत दिखाते हुए ऐसी एक सड़क जीटी रोड से सिरजा कॉम्प्लेक्स के पीछे तक जब तोड़ी जाने लगी तो पूरा मोहल्ला विरोध में खड़ा हो गया। आधी टूटी सड़क अभी भी पड़ी है, न बनी न उखड़ी। जबकि होली से पहले बनाने के लिए अधिकारियों ने आश्वासन जनता को दिया था लेकिन वह अभी तक नहीं बन पाई प्रतिदिन दर्जनों लोग गिरकर चोटिल होते हैं वहीं पर जाने वाले रास्ते पर स्कूल एक पड़ता है उसमें भी बच्चे गिरते हैं ठीक उसी तरह आजाद नगर में अतुल कटियार के घर से वर्मा के घर तक शानदार सड़क को बनाने की योजना थी।जन एक्सप्रेस ने इस सड़क का मुद्दा छपा था। जनता की विरोध के चलते खबर अखबार में प्रकाशित होने के बाद यह सड़क तोड़ने की हिम्मत पालिका नहीं कर पाई।लेकिन उसके बाद बिना बनाए सड़क का पेमेंट करने की पालिका की करतब से जिला और तहसील प्रशासन हतप्रद है।

बिल्हौर। बिल्हौर नगर पालिका प्रशासन में एक कहावत सटीक बैठती है अंधेर नगरी चौपट राजा सब कुछ जानते हुए भी अधिकारी अनजान बने हुए हैं कुछ भी कहने से कतराते हैं । मजबूत सड़क खोदने के बाद घटिया निर्माण किया गया जिसकी शिकायत पर जिलाधिकारी महोदय ने 5 सदस्य टीम पिछले दिनों जांच के लिए बिल और भेजी थी अभी वह जांच रिपोर्ट नहीं आ पाई है कि इसी बीच एक नया घोटाला सामने आ गया ।सिंह वाहिनी मंदिर के सामने एक पुलिया टूटी पड़ी थी जिसकी खबर जैन एक्सप्रेस ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था वहीं पर नगर पालिका में बैठे कारीगरों ने पुलिया के साथ ही सड़क का भी टेंडर पास करा लिया पुलिया का पटिया डाल के निर्माण कर दिया गया वहीं पर सड़क का कहीं कोई भी काम नहीं हुआ लेकिन उसका पैसा निकालने की सूचना आ गई। एक सड़क बनाए बिना ही लाखों रु निकाल लिए गए।डीएम ने जांच एसडीएम को सौंप दी है। शुक्रवार को एसडीएम रश्मि लंबा ने मौके पर पहुंची और उन्होंने निर्माण लिपिक अजय और लेखाकार जितेंद्र के साथ उपरोक्त सड़क का निरीक्षण किया।यह सड़क 3 से 4 साल पुरानी बनी हुई है।बीती 20 फरवरी को पालिका ने टेंडर निकाले थे।27 फरवरी को वर्क ऑर्डर जारी कर दिए। इसी टेंडर में 33 नंबर पर ,÷सिंहवाहिनी मंदिर के आसपास सड़क एवम नली सुधार कार्य÷लिखकर 5 लाख रु का काम प्रकाशित किया गया था।सड़क शानदार थी, न बनी न बनाई जा सकती है,लेकिन निर्माण के नाम पर 4 लाख रु निकाल लिया गया। डीएम ने सड़क निर्माण के नाम पर जन एक्सप्रेस अखबार संवाददाता ने प्रकाशित की जिसको संज्ञान में लेकर एडीएम के नेतृत्व में एक टीम बना कर पूरी जांच करने को कहा।लेकिन बिना बनाए पैसे के गबन की इस अनोखे मामले की जांच एसडीएम को सौंपी।जिसमे घोटाला खुलकर सामने आ गया।एसडीएम ने सोमवार को जेई के सामने पूरा गड़बड़ और इसका तरीका और दोषी सामने आने के बाद कड़ी कानूनी कार्यवाही की बात कही।

# समाजवादी लोग भाजपा को इस बार बाउंड्री लाइन के बाहर का रास्ता दिखाएंगे : अखिलेश

जन एक्सप्रेस । कन्नौज





लोकसभा चुनाव के लिये कन्नौज से पर्चा भरने के बाद अखिलेश यादव ने आज पहली बार रोड शो किया। अखिलेश ने कानपुर देहात स्थित रसूलाबाद जो कन्नौज संसदीय सीट का ही हिस्सा है, से तिर्वा तक अपने प्रसिद्ध समाजवादी रथ पर सवार होकर रोड शो किया। अखिलेश दोपहर 12 बजे कानपुर देहात में हवाई पट्टी पर उतरे। इसके बाद उनका रोड शो शुरू हुआ। रसूलाबाद कस्बे में चौराहे पर लगी अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 3-45 बजे औरैया रवाना हो गए। 40 किलोमीटर की दूरी तय करने में सपा नेता को 4 घंटे लगे। वहीं, रसूलाबाद चौराहे पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह बहुत बड़े नेता हैं। एक समय पर प्रधानमंत्री पद के लिए उनका नाम भी चर्चा में आया था मगर, हालत तो देखिए, बीजेपी अपनों की ही इज्जत नहीं करती। राजनाथ सिंह की फोटो तक होर्डिंग से गायब हो गई है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला है। लोग बेरोजगारी और महंगाई से परेशान हैं। सरकार को बेरोजगारों की आवाज तक सुनाई नहीं पड़ती। अखिलेश ने संविधान का संदेश देने के लिए अपने साथ एक बच्चे को भी खड़ा किया। यह बच्चा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तरह किताब लेकर उनके बराबर में रथ पर खड़ा था। अखिलेश ने बच्चे का धन्यवाद देते हुए कहा कि ये संविधान बचाने के लिए मेरे साथ खड़े हैं। रोड शो के दौरान एक बच्ची ने उनका तिलक किया। अखिलेश ने भी बच्ची के सिर पर हाथ रखकर उसको आशीर्वाद दिया। अखिलेश यादव ने कहा, बीजेपी अपनों की ही इज्जत नहीं करती। जितने भी बीजेपी के नेता हैं वरिष्ठ हैं या फिर खुद राजनाथ सिंह जी, इनकी फोटो होर्डिंग से गायब हो गई है। मात्र एक ही फोटो हर होर्डिंग में दिख रही है। अखिलेश यादव ने कहा, हमारे ऊपर एक वर्ग विशेष के लिए काम करने का आरोप नेता सदन लगाते आए हैं। आप लोगों को याद होगा कि 46 में 56 बताया था, लेकिन आज तक वह 46 में 56 की सूची नहीं दे पाए। इन लोगों का काम सिर्फ और सिर्फ झूठा प्रचार करना है। लोगों को गुमराह करना है। इसके अलावा इन लोगों को कोई काम नहीं आता। अखिलेश यादव ने कहा कि कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की जनता ने मुझे बहुत प्यार दिया है। मेरी शुरुआत भी यहीं से हुई थी, लेकिन यहां पर भाजपा सरकार में विकास पूरी तरह से ठप हो गया है। कन्नौज की जनता एक बार फिर अपने बेटे को ऐतिहासिक वोटों से जिताने जा रही है। मैं जनता से वादा कर रहा हूं कि चुनाव जीतने के बाद कन्नौज के रुके हुए विकास को तेजी दूंगा। शिवली और रसूलाबाद के बीच जो हवाई पट्टी बनी है, वह समाजवादियों की देन है। लेकिन दुर्भाग्य तो देखिए, इस हवाई पट्टी पर आज तक हवाई जहाज नहीं उतर पाया है। मुझे लगता है जब मैंने बनवाया था, तब मैं इस पर उतरा था या फिर आज मैं इस हवाई पट्टी पर उतरा हूं। अखिलेश ने कहा कि यहां के तत्कालीन भाजपा सांसद क्रिकेट मैच की बात करते हैं। वह तो पहले ही बाउंड्री लाइन से बाहर हो गए हैं। यहां की जनता हिसाब मांग रही है। आप खुद देखिएगा समाजवादी लोग इस बार भारतीय जनता पार्टी के लोगों को बाउंड्री लाइन के बाहर का रास्ता दिखा देंगे।

# धधकते जंगल, सुलगते पहाड़ और सांसों पर संकट

## उत्तराखंड में धधक रहे जंगल, अब तक वनों में 379 आग लगने की घटनाएं आई सामने, 436 हेक्टेयर जंगल को नुकसान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नैनीताल**

उत्तराखंड के जंगलों में फैली आग का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। नैनीताल के पास भवाली दुगई स्टेट से सटे जंगल से बर्मा टॉप के जंगलों तक पहुंच गई है। इसके अलावा आग की लपटें नैनीताल में हाईकोर्ट कॉलोनी के पास भी पहुंच गई हैं। नैनीताल में लड़ियाकांटा इलाके के जंगल में भी आग फैली हुई है। तेज हवाओं के कारण आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। यहां फैल रही आग पर काबू पाने के लिए सेना की मदद ली जा सकती है। जानकारी के अनुसार, नैनीताल के लड़ियाकाटा एयर फोर्स, पाइंस, गेठिया, बलदियाखान, एरीज, बारा पत्थर के पास जंगल क्षेत्र में आग लगी हुई है। जिसको काबू करने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर दमकल विभाग और वन विभाग है।





### चमोली के जंगलों में फिर भड़की आग

चमोली जिले के जंगलों में आग फिर धधक गई है। शुक्रवार को जिले के अलग-अलग पांच जगह पर वनाग्नि की घटनाएं सामने आई हैं। जिससे बड़ी मात्रा में वन संपदा नष्ट हो गई है। शुक्रवार को गोपेश्वर के पास कोठियालसैंण और प्वीलों के जंगल में आग भड़क गई। चीड़ के जंगल में आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। वहीं सुबह इंजीनियरिंग कॉलेज के नीचे के जंगल में भी आग लग गई। आग आईटीबीपी कैंपस में घोड़े के अस्तबल के पास तक पहुंच गई। सूचना पर फायर सर्विस गोपेश्वर की टीम ने मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग को बुझा दिया। वहीं दोपहर को देवखाल के जंगल में भी आग भड़क गई। देखते ही देखते आग जंगल के बड़े क्षेत्र में फैल गई है। वहीं पोखरी विकासखंड के विशाल ग्राम पंचायत की सिविल भूमि में चीड़ के जंगल में आग लग गई। वन सरपंच महिपाल सिंह ने वनाग्नि की सूचना केदारनाथ वन प्रभाग को दी। प्रभाग की नागनाथ रेंज के वन दरोगा आनंद सिंह रावत फायर वाचरों के साथ मौके पर पहुंचे, काफी मशक्कत के बाद वन कर्मियों ने आग को काबू कर लिया है। दरअसल, इस साल बारिश और बर्फबारी न होने गर्मी अधिक होने लगी है। बढ़ते तापमान के बीच नैनीताल व आसपास के जंगलों में भीषण आग लगी हुई है। खड़ी पहाड़ियों में आग लगने के चलते वह विभाग व दमकल विभाग की टीम भी कई स्थानों पर आग पर काबू नहीं पा सकी है। जिसके चलते जंगल जलकर राख हो चुके हैं।

### भीमताल से बेतालघाट के जंगल आग से धधकते रहे

शुक्रवार को एयर फोर्स के हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील का तीन से चार बार चक्कर लगाकर सर्वे किया। भवाली वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलाकनी ने बताया कि जंगलों में आग को रोकने के लिए विभाग एयर फोर्स की मदद से हेलीकॉप्टर में पानी भरकर जंगलों में लगी आग को बुझाने की तैयारी कर रहा है। इधर बेतालघाट के हरोली, कुजोली और धनियाकोट के जंगल में शुक्रवार को आग लगने से वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। कुजोली के जंगल में लगी आग दोपहर बाद धनियाकोट इंटर कॉलेज और कुजोली गांव तक पहुंच गई। पूर्व सरपंच कमल जोशी ने बताया कि ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद विद्यालय परिसर से पहले को आग पर काबू पाया। वहीं विनायक रेंज में घोडियाहल्सों और सौपाटी के जंगल में देर रात तक आग लगी रही। आबादी क्षेत्र में पहुंचती आग को लोगों मुश्किल से रोका। इधर, भवाली के शीतला देवी मंदिर और सैनिक स्कूल घोड़ाखाल से लगे जंगल में आग लग गई। मंदिर के पुजारी प्रकाश चंद्रा ग्रामीणों और वन विभाग के साथ आग बुझाने में लगे रहे। डिप्टी रेंजर दीप जोशी ने बताया कि दो घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझा लिया गया।

### असहाय वन विभाग काबू नहीं कर पा रहा जंगलों की आग

कंडीसौड़ (टिहरी) में फायर सीजन में जंगलों को आग से बचाने की तैयारी में जुटे वन विभाग की तैयारियां धरी की धरी रह गई है। एक ही समय कई जगहों पर आग लगने पर विभाग असहाय नजर आ रहा है। विभागीय कर्मचारियों को सूचना देने पर वह मैन पावर की कमी का रोना रो रहे हैं। जिससे जगह-जगह जंगल धधक रहे हैं। शुक्रवार को सुबह 10 बजे सुनारगांव के सिविल वन क्षेत्र में लगी आग पांच घंटे बाद काबू की गई। वन कर्मियों के वहां से आग बुझाकर लौटने के डेढ़ घंटे बाद ही कंडीसौड़ का जंगल धधकने लगा। स्थानीय लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। वन कर्मियों ने बताया कि वह मैंडखाल क्षेत्र के पदोगी, लवाणी, कस्तल और भंडार्की के जंगल में लगी आग बुझाने में व्यस्त हैं।

### कुमाऊं के जंगल में 26 जगह लगी आग

कुमाऊं में जंगल धधक रहे है। आग की घटनाएं लगातार जारी हैं। बीते 24 घंटे में एक-दो नहीं बल्कि कुमाऊं के जंगलों में 26 जगहों पर आग लगी है। प्रदेश के 31 जगहों पर आग लगने की घटना हुई है, इसमें सर्वाधिक आग लगने की घटना कुमाऊं में 26 स्थानों पर हुई। गढ़वाल मंडल में कोई भी घटना नहीं हुआ है, जबकि वन्यजीव क्षेत्र में पांच स्थानों पर आग लगने की घटनाएं हुईं। इन घटनाओं में करीब 34 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वनसंपदा को नुकसान पहुंचा है।

### ऐसा पाया जा रहा है आग पर काबू

नैनीताल के आसपास के जंगल के क्षेत्र में लगी आग पर अब हेलीकॉप्टर की मदद से पानी डाला जा रहा है। नैनीझील और भीमताल की झील से पानी निकालकर वायुसेना के हेलीकॉप्टर की मदद से आग पर पानी बरसाया जा रहा है। जिसके चलते झील में नौकायन भी बंद है। शुक्रवार को सेना के जवानों ने हेलीकाप्टर से झील की रेकी भी की थी। ईओ प्रशिक्षु आईएएस राहुल आनंद ने बताया कि जिलाधिकारी वंदना सिंह के आदेश पर प्रशासनिक और विभागीय अधिकारी अलर्ट हैं। विविध माध्यमों से सामंजस्य बनाकर वनाग्नि पर काबू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में वायुसेना के अधिकारियों से भी बातचीत की गई। शनिवार की सुबह से दो हेलीकॉप्टर की मदद से नैनीझील और भीमताल झील से पानी लेकर वनाग्नि रोकथाम की पहल शुरू कर दी गई है। झील में नौकायन बंद करने के निर्देश दिए जा चुके हैं।



# दक्षिण भारत में गहराया जल संकट

## जलाशयों का स्तर घटकर सिर्फ 17 प्रतिशत बचा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

गर्मियां शुरू होने के साथ ही देश में जल संकट गहराना शुरू हो गया है। दक्षिण भारत में स्थिति ज्यादा खराब है। दक्षिण भारत के राज्य गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं और स्थिति ये है कि जल भंडारण जलाशयों की क्षमता घटकर केवल 17 प्रतिशत रह गई है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने यह जानकारी मिली।

### पूर्वी क्षेत्र में हालात थोड़े सुधरे

पूर्वी क्षेत्र, जिसमें असम, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य आते हैं, में पिछले साल और दस साल के औसत की तुलना में जल भंडारण स्तर में सकारात्मक सुधार दर्ज किया गया है। आयोग ने कहा कि इस क्षेत्र में, 20.430 बीसीएम की कुल भंडारण क्षमता वाले 23 निगरानी जलाशयों में अभी 7.889 बीसीएम पानी है, जो उनकी कुल क्षमता का 39 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि (34 प्रतिशत) और दस साल के औसत (34 प्रतिशत) की तुलना में सुधार का संकेत है। पश्चिमी क्षेत्र में गुजरात और महाराष्ट्र शामिल हैं और वहां भंडारण स्तर 11.771 बीसीएम है जो 49 निगरानी जलाशयों की कुल क्षमता का 31.7 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष के भंडारण स्तर (38 प्रतिशत) और दस साल के औसत (32.1 प्रतिशत) की तुलना में कम है। इसी तरह, उत्तरी और मध्य क्षेत्रों में भी जल भंडारण स्तर में गिरावट देखी गई है।

### दक्षिणी राज्यों में जल संकट की स्थिति गंभीर

दक्षिण भारत के राज्यों में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु आते हैं। सीडब्ल्यूसी द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों के जलाशयों के भंडारण स्तर के संबंध में बृहस्पतिवार को जारी बुलेटिन में बताया गया कि दक्षिणी क्षेत्र में आयोग की निगरानी के तहत 42 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 53.334 बीसीएम (अरब घन मीटर) है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इन जलाशयों में मौजूदा कुल भंडारण 8.865 बीसीएम है, जो उनकी कुल क्षमता का केवल 17 प्रतिशत ही है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान भंडारण स्तर (29 प्रतिशत) और इसी अवधि के दस साल के औसत (23 प्रतिशत) की तुलना में काफी कम है। दक्षिणी क्षेत्र के जलाशयों में भंडारण का कम स्तर इन राज्यों में पानी की बढ़ती कमी और सिंचाई, पेयजल और पनबिजली के लिए संभावित चुनौतियों का संकेत है।

## नागालैंड में जबरन वसूली का जमकर विरोध, बाजार और कार्यालय बंद

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

नागालैंड में अंडरग्राउंड समूह के लोगों की जबरन वसूली के विरोध में व्यापारियों ने अनिश्चितकाल तक बाजार बंद करने का फैसला किया है। इसके अलावा कई निजी कार्यालय भी बंद रहे। शुक्रवार को पहली बार नागालैंड की वाणिज्यिक राजधानी दीमापुर बंद रही। इसके बाद कन्फेडरेशन ऑफ नागालैंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (सीएनसीसीआई) के आह्वान पर अन्य जिलों के बाजार भी बंद होते चले गए। दरअसल सीएनसीसीआई का कहना है कि व्यापारिक समुदाय जबरन वसूली से त्रस्त हो चुका है। और अब वे लोग इस तरह की वसूली बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## ईडी के हलफनामे पर केजरीवाल का जवाब, एजेंसी पर लगाए मनमानी के आरोप, कहा, रिश्वत के कोई सबूत नहीं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय के हलफनामे का जवाब दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले उन्हें जिस तरीके से गिरफ्तार किया गया, वह तरीका ईडी की मनमानी के बारे में बहुत कुछ बताता है।

### सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल ने क्या कहा?

शीर्ष अदालत में जवाब देते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बात का कोई सबूत मौजूद नहीं है कि आम आदमी पार्टी ने दक्षिण के किसी समूह से फंड या रिश्वत ली हो। उन्होंने आगे कहा कि गोवा के चुनाव अभियान में इस धन का उपयोग करना दूर की बात है। अरविंद केजरीवाल ने अपने हलफनामे में लिखा है कि आम आदमी पार्टी के पास एक भी रुपया नहीं आया और उन पर बिना किसी ठोस सबूत के आरोप लगाए गए हैं। दिल्ली के सीएम ने कहा कि उन पर लगाए गए आरोप आधारहीन हैं।

# पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को झटका, भूमि घोटाले मामले में अदालत ने अंतरिम जमानत देने से किया इनकार



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक बार फिर झटका लगा है। रांची की विशेष पीएमएलए अदालत ने भूमि घोटाले के एक मामले में उन्हें अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। बता दें, हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के भाई राम सोरेन का शनिवार सुबह निधन हो गया। वह लंबे अरसे से बीमार चल रहे थे। बताया जाता है कि वह रांची में ही रहते थे। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अदालत से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी। हालांकि, सुनवाई करते हुए अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया।

### ईडी को दिया गया एक सप्ताह का समय

बता दें कि हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। उन पर जमीन से जुड़े घोटाले के मामले में धन शोधन का आरोप है। पूर्व सीएम फिलहाल रांची की बिरसा मुंडा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में हाईकोर्ट द्वारा सोरेन की जमानत याचिका पर जवाब देने के लिए ईडी को एक और सप्ताह का समय दिया गया है।

### रांची में 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ी है जांच

सोरेन के खिलाफ जांच रांची में 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ी है। ईडी का आरोप है कि इसे अवैध रूप से कब्जे में लिया गया था। एजेंसी ने सोरेन, प्रसाद और सोरेन के कथित फ्रंटमैन राज कुमार पाहन और हिलारियास कच्छप तथा पूर्व मुख्यमंत्री के कथित सहयोगी बिनोद सिंह के खिलाफ 30 मार्च को यहां विशेष पीएमएलए अदालत में आरोपपत्र दायर किया था। सोरेन ने रांची की एक विशेष अदालत के समक्ष जमानत याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने यह आरोप लगाया कि उनकी गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित और उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर करने की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी।

### झारखंड में भू-माफिया का एक रैकेट सक्रिय: ईडी

ईडी ने रांची में स्थित जमीन भी कुर्क की है और अदालत से भूखंड जब्त करने का अनुरोध किया है। मनी लॉन्ड्रिंग की जांच झारखंड पुलिस की ओर से राज्य सरकार के अधिकारियों सहित कई लोगों के खिलाफ भूमि घोटाले के मामलों में दर्ज कई एफआईआर से संबंधित है। मामले में मुख्य आरोपी प्रसाद है, जो सरकारी रिकॉर्ड का संरक्षक था। ईडी ने एक बयान में कहा था कि उन पर आरोप है कि उन्होंने सोरेन समेत कई लोगों को भू-संपत्तियों के रूप में अवैध कब्जे, अधिग्रहण और अपराध से प्राप्त धन रखने से जुड़ी गतिविधियों में सहायता करके अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया। ईडी ने दावा किया था कि झारखंड में भू-माफिया का एक रैकेट सक्रिय है जो रांची में जमीन के रिकॉर्ड में फर्जीवाड़ा करता है।

# रूस के खिलाफ मजबूत होगा यूक्रेन, अमेरिका ने पैट्रियट मिसाइल सिस्टम देने का किया एलान



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन**

अमेरिका ने यूक्रेन को सबसे बड़ी सैन्य मदद देने का एलान किया है। इसके तहत अमेरिका यूक्रेन को 6 अरब डॉलर की सैन्य मदद देगा, जिससे यूक्रेन हथियारों की खरीद करेगा, जिनमें पैट्रियट इंटरसेप्टर्स और ह्यूस्टन एयर डिफेंस सिस्टम शामिल है। इनकी मदद से यूक्रेन को रूस के हवाई हमलों से बचने में काफी मदद मिलेगी। यूक्रेन की तरफ से लंबे समय से पैट्रियट मिसाइल सिस्टम देने की मांग की जा रही थी।

### यूक्रेन को अब तक की सबसे बड़ी सैन्य मदद

अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने शनिवार को यूक्रेन को सैन्य मदद देने का एलान किया। यह मदद यूक्रेन सिक्योरिटी असिस्टेंस इनीशिएटिव के तहत दी गई है, जिसकी मदद से यूक्रेन अमेरिकी कंपनियों से नए हथियारों का अधिग्रहण करेगा। पेंटागन में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ऑस्टिन ने कहा कि यह अब तक का सबसे बड़ी सैन्य मदद है और यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई जल्द की जाएगी। इस सैन्य मदद के तहत यूक्रेन को अमेरिका से ड्रोन्स से निपटने वाला सिस्टम, आधुनिक हथियार और हवा से जमीन पर मार करने वाले हथियार मिलेंगे।

### 60 अरब डॉलर की मदद का हिस्सा है 6 अरब डॉलर की मदद

अमेरिका ने यूक्रेन को 60 अरब डॉलर का सहायता पैकेज देने का एलान किया था। यह 6 अरब डॉलर की सैन्य मदद भी उसी पैकेज का हिस्सा है। इस मदद से यूक्रेन को रूस के खिलाफ लड़ाई में काफी मदद मिलेगी। खासकर यूक्रेन को अमेरिका से एयर डिफेंस सिस्टम के तहत पैट्रियट मिसाइलें और ह्यूस्टन एयर डिफेंस सिस्टम भी मिलेगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अमेरिकी की सैन्य मदद पर खुशी जताई लेकिन ये भी कहा कि अभी उन्हें और एयर डिफेंस सिस्टम की जरूरत है, जिससे रूस के हवाई हमलों से निपटा जा सके। ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका और सहयोगी देशों ने बीते दो वर्षों में यूक्रेन को 70 मध्य से लंबी दूरी वाले एयर डिफेंस सिस्टम, हजारों मिसाइलें, 3000 बख्तरबंद वाहन साथ ही 800 टैंक, 10 हजार एंटी टैंक मिसाइलें दी गई हैं। साथ ही जल्द ही यूक्रेन को एफ-16 फाइटर जेट भी मिलेंगे। अमेरिका के रक्षा मंत्री ने यूक्रेन को सैन्य मदद देने पर कहा कि अगर यूक्रेन पर पुतिन का कब्जा हुआ तो फिर पूरे यूरोप पर पुतिन का असर दिखेगा।

## एक बार फिर चोटिल हुईं बंगाल की सीएम, हेलीकॉप्टर में चढ़ते वक्त फिसला पैर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दूसरे दिन ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर चोटिल हो गईं। दुर्गापुर में हेलीकॉप्टर पर चढ़ते वक्त उनका पैर फिसल गया। उन्हें फिलहाल आसनसोल ले जाया गया है। इस घटना से जुड़ी एक वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हेलीकॉप्टर में चढ़ते वक्त उनका पैर फिसल गया और वह गिर गईं। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मी उन्हें उठाने के लिए भागे। गिरने के कारण ममता को मामूली चोटें आईं है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, इससे पहले भी ममता कई बार चोटिल हो चुकी हैं। हाल ही में ममता को उनके आवास पर चोट लगी थी। परिसर में टहलने के दौरान वह गिर गई थी।

# गुजरात के पोरबंदर में अमित शाह ने की रैली, देश से आतंकवाद-नक्सलवाद को खत्म करने की दी गारंटी

✻ **पिछले पांच वर्षों में खून की नदी तो दूर, किसी ने वहां पत्थर फेंकने तक की हिम्मत नहीं की**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान खत्म होने के दूसरे दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। गृह मंत्री ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हैं तो वह देश से आतंकवार और नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। वह भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्धव्यवस्था भी बनाएंगे।

### मनसुख मंडाविया के समर्थन में अमित शाह ने की रैली

अमित शाह ने भाजपा उम्मीदवार मनसुख मंडाविया के समर्थन में पोरबंदर में रैली की। गृह मंत्री ने आगे कहा कि जब अनुच्छेद 370 हटाया गया, तब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसका विरोध किया था और कहा था कि इस कदम से कश्मीर में खून का नदियां बह जाएगी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा अमित शाह ने कहा, पिछले पांच वर्षों में खून की नदी तो दूर, किसी ने वहां पत्थर फेंकने तक की हिम्मत नहीं की। पीएम मोदी ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करने का काम किया। जब मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे तब कोई भी पाकिस्तान से भारत में प्रवेश कर जाता था और यहां बम विस्फोट को अंजाम देता था।÷ भाजपा नेता ने आगे कहा, ÷जब पाकिस्तान ने पुलवामा और उड़ी पर हमला किया तब वे भूल गए थे कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं। दस दिनों के भीतर, पीएम मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक करके पाकिस्तान की मिट्टी से आतंकवाद को ही खत्म कर दिया।

### नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील

इस दौरान शाह ने रैली में मौजूद लोगों से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को सुरक्षित रखने और समृद्ध बनाने का काम किया। अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में कांग्रेस ने भारत की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान पर छोड़ दिया था। वहीं पीएम मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था को पांचवे स्थान पर लाकर खड़ा कर दिया है। अमित शाह ने गारंटी दी है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी देश की अर्थव्यवस्था को तीसरे पायदान पर ले आएंगे।

# बंगाल पर आतंकियों का कब्जा: दिलीप घोष

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

संदेशखाली में हथियार मिलने के बाद एक बार फिर पश्चिम बंगाल की राजनीति में उबाल आ गया है। भाजपा सांसद दिलीप घोष ने आरोप लगाया है कि बंगाल पर गुंडे और आतंकियों का कब्जा हो गया है। वहीं बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने बंगाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं और दावा किया है कि संदेशखाली में मिले हथियार विदेशी हैं। शुभेंदु अधिकारी ने मांग की कि टीएमसी पार्टी को आतंकी संगठन घोषित कर देना चाहिए।

### राज्य में खुले घूम रहे गुंडे बदमाश

भाजपा नेता और पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने संदेशखाली से हथियार मिलने पर राज्य की टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि राज्य अब आतंकियों के लिए जन्नत बन गया है। दिलीप घोष ने कहा कि आप इसी बात से बंगाल की स्थिति का अंदाजा लगा सकते हैं, जहां चुनाव कराने के लिए सीआईएसएफ, सीआरपीएफ और बीएसएफ को लाना पड़ रहा है। विपक्षी नेताओं को भी सुरक्षा दी जा रही है। राज्य किस स्थिति में पहुंच गया है? राज्य में गुंडे बदमाश खुले घूम रहे हैं और पुलिस प्रशासन को उन्हें कैद में रखने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। ऐसा लग रहा है कि राज्य पर गुंडे और आतंकियों का कब्जा हो गया है।

### शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी और टीएमसी पर लगाए आरोप

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में सीबीआई ने बड़ी संख्या में हथियार बरामद किए हैं। ये हथियार जेल में बंद टीएमसी नेता शाहजहां शेख के रिश्तेदार के ठिकाने से बरामद किए गए हैं। जब्त किए गए हथियारों में विदेशी हथियार भी शामिल हैं। इस मामले पर मीडिया से बात करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि संदेशखाली में मिले सभी हथियार विदेशी हैं। विस्फोटक जैसे आरडीएक्स देश विरोधी गतिविधियों में इस्तेमाल हुआ। इन सभी हथियारों को अंतरराष्ट्रीय आतंकियों ने इस्तेमाल किया। आतंकियों के लिए राज्य स्वर्ग बन गया है। लोगों ने खादीकुल, एगरा में जो ट्रेलर देखा था, आज उन्होंने संदेशखाली में हथियार मिलने के साथ ही पूरी फिल्म देख ली। इस घटना के लिए ममता बनर्जी जिम्मेदार हैं और मैं मांग करता हूं कि ममता बनर्जी को गिरफ्तार किया जाए और तृणमूल कांग्रेस पार्टी को आतंकी संगठन घोषित किया जाना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)